रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 2 अप्रैल 2023 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 218 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### कोविड संक्रमित मामले 16 हजार से अधिक

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के लगभग तीन हजार नये मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 16 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 2994 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 16354 हो गयी है और संक्रमण दर 2.09 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 1840 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.77 प्रतिशत है।

### मार्च में जीएसटी संग्रह 1.60 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह इस वर्ष मार्च में 160122 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष मार्च के 142095 करोड़ रुपये की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय ने आज यहां जीएसटी राजस्व संग्रह का आंकड़ा जारी किया जिसमें मार्च में संग्रहित राजस्व वित्त वर्ष 2023 में अप्रैल महीने में संग्रहित 167540 करोड़ रुपये के बाद अब तक दूसरा सबसे बड़ा मासिक संग्रह है।

## मेरी छवि खराब करने की कुछ लोगों ने सुपारी दे रखी है इस काम में विदेश में बैठे लोग भी शामिल : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को विपक्ष, खास कर कांग्रेस के नेताओं पर तीखे प्रहार करते हुए यहां जनता को आगाह किया कि उनकी छवि खराब करने का संकल्प ले कर बैठे हैं और इसके लिए उन्होंने दूसरों को सुपारी दे रखी है। मोदी ने कहा कि उनके खिलाफ इस काम में देश के बाहर बैठे लोग भी लगे हैं। उन्होंने आम जन का आह्वान करते हुए कहा, इनकी साजिशों के बीच, आपको, हर देशवासी को, देश के विकास पर ध्यान देना है, राष्ट्र निर्माण पर ध्यान देना है। प्रधानमंत्री भोपाल में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर 11वीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को नयी दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखा कर रवाना किए जाने के अवसर पर एक जन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, हमारे देश में कुछ लोग हैं जो 2014 के बाद से ही, ये ठानकर बैठे हैं और पब्लिकली बोले भी हैं और उन्होंने अपना संकल्प घोषित किया है कि हम मोदी की छवि को धूमिल करके रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके लिए इन लोगों ने भांति-भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है और खुद भी मोर्चा संभाले हुए हैं। इन लोगों का साथ देने के लिए कुछ लोग देश के भीतर हैं और कुछ देश के बाहर भी बैठकर अपना काम कर रहे हैं। मोदी ने कहा, भारत के गरीब, भारत का मध्यम वर्ग, भारत के आदिवासी, भारत के दलित-पिछड़े, हर भारतीय आज मोदी का सुरक्षा कवच बने हुए हैं। और इसीलिए ये लोग बौखला गए हैं। ये लोग नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं। 2014 में, उन्होंने (ऐसे लोगों ने) मोदी की इमेज, मोदी की छवि धूमिल करने का संकल्प लिया था।

## बेरोजगार युवाओं को मिलेंगे प्रतिमाह 2500 रूपये

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो गई है। मुख्यमंत्री बघेल ने अपने निवास कार्यालय से इस महत्वकांक्षी योजना की शुरूआत की है। योजना की शुरूआत के साथ ही मुख्यमंत्री ने चार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृति आदेश भी प्रदान किया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा। बेरोजगारों को साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी।

**पात्रता की शर्तें:** बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन किए जाने वाले वर्ष के 1 अप्रैल को आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम हायर सेकेण्डरी यानी 12वीं कक्षा पास हो। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष की 1 अप्रैल की स्थिति में हायर सेकेण्डरी या उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की स्वयं का आय का कोई स्रोत न हो और आवेदक के परिवार के सभी स्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपए से अधिक न हो। पारिवारिक आय हेतु तहसीलदार या उससे उच्च राजस्व अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र बेरोजगारी भत्ता की आवेदन तिथि से 1 वर्ष के अंदर ही बना हो।

**कौन होगा अपात्र:** बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक के परिवार के एक से अधिक सदस्य यदि पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं तो परिवार के एक ही सदस्य को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा। ऐसी स्थिति में बेरोजगारी भत्ता उस सदस्य को स्वीकृत किया जाएगा, जिसकी उम्र अधिक हो। उम्र समान होने की स्थिति में रोजगार कार्यालय में पहले पंजीयन करने वाले सदस्य को बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र किया जाएगा। उम्र और रोजगार पंजीयन की तिथि, दोनों समान होने की स्थिति में उस सदस्य को पात्र किया जाएगा जिसकी शैक्षणिक योग्यता अधिक हो। आवेदक के परिवार का कोई भी सदस्य केंद्र या राज्य सरकार की किसी भी संस्था या स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या फिर ग्रुप डी को छोड़कर अन्य किसी भी श्रेणी की नौकरी में होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा। यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय अथवा निजी क्षेत्र में किसी नौकरी का ऑफर दिया जाता है, परंतु आवेदक ऑफर स्वीकार नहीं करता है तो वह योजना के लिए अपात्र हो जाएगा। पूर्व और वर्तमान मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और संसद या राज्य विधानसभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्य, नगर निगमों के पूर्व और वर्तमान महापौर और जिला पंचायतों के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। साथ ही ऐसे पेंशनभोगी जो 10 हजार रूपए या उससे अधिक की मासिक पेंशन प्राप्त करते हैं, उनके परिवार के सदस्य भत्ते के लिए अपात्र होंगे। साथ ही इनकम टैक्स भरने वाले परिवार के सदस्य, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, चार्टड एकाउंटेंट और पेशेवर निकायों के साथ पंजीकृत आर्किटेक्ट के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे।

## कांग्रेस ने गरीबों का निवाला छीना : डॉ रमन
### विभाग ,मंत्री सबकी मिली भगत से हुआ घोटाला



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि पीडीएस का घोटाला छत्तीसगढ़ का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है, क्योंकि गरीब के निवाले का चावल छीनने और गरीबों के चावल में डाका डालने का काम कांग्रेस सरकार ने किया है। डॉ. सिंह ने कहा कि विधानसभा में इस संबंध में जब आंकड़े प्रस्तुत किए गए तो उसमें पाया गया कि खाद्य विभाग के डेटाबेस में 1.65 लाख मीट्रिक टन चावल और जिले के डेटाबेस में 96 हजार मीट्रिक टन चावल दर्ज है। प्रदेश सरकार को यह बताना चाहिए कि 68 हजार मीट्रिक टन चावल का यह अंतर क्यों आ रहा है और 600 करोड रुपए का चावल कहां गया? मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में फूड इंस्पेक्टर को डाटा दर्ज करना था और उसकी जानकारी संचालनालय को देनी थी। फूड इंस्पेक्टर का कहना है कि पूरे डाटा दर्ज कर संचालनालय को जानकारी दी थी, तो इसका साफ मतलब है कि 1 साल से चल रहा यह पूरा घोटाला संचालनालय की जानकारी में था लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। अब प्रदेश सरकार घपला किए गए 600 करोड़ रुपए की वसूली के लिए सीधे-सीधे राशन दुकानों और गरीबों को इसका शिकार बना रही है।

## बाजार में भीषण आग,तीस दुकानें जलकर हुईं ख़ाक

**पायनियर संवादददता/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज चौक घंटाघर स्थित संजय मार्केट में शनिवार की सुबह आग लग गई। जिससे करीब 30 दुकानें पूरी तरह से जलकर खाक हो गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आग की चपेट में 210 दुकाने आयी थी जिसमें 30 दुकाने पूरी तरह से जल गयी। आग पर काबू पाने के लिए 20 दमकल की गाडिया पहुंची। धीरे-धीरे आग ने आसपास की अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया,पूरा इलाका धुएं से भर गया। व्यापारियों समेत आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मची रही। मौके पर पहुंचे पुलिस और फायर कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे रहे। घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। यह पीडीए की बनायी गयी मार्केट है। सीएफओ आरके पाण्डेय ने बताया कि नेहरू कॉम्प्लेक्स में सुबह आग लगने की सूचना मिली।

## अडानी मुद्दे पर जेपीसी जांच की मांग जारी रखेगा विपक्ष : कांग्रेस

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि अडानी मुद्दे को लेकर वह चुप नहीं बैठेगी और इस घोटले की विपक्षी दलों के साथ संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराने की उसकी मांग जारी रहेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस महा घोटाले की जांच की मांग को लेकर सभी विपक्षी दल एकजुट है और जब तक इस मामले में जेपीसी जांच नहीं बिठाई जाती है विपक्ष की यह मांग जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि अडानी समूह दशकों से लेखा धोखाधड़ी और हेराफेरी करता रहा है। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष के कई दल मालमे की जेपीसी से जांच की मांग कर रहे हैं। प्रवक्ता ने विपक्षी दलों की इस मुद्दे पर एकता को लेकर कहा, उन्नीस विपक्षी दल एकजुट हैं। विपक्षी दलों की मांग है कि अडानी मुद्दे पर सरकार जेपीसी का गठन करे। अडानी मुद्दे को लेकर संसद के दोनों सदनों में जारी गतिरोध पर उन्होंने कहा, सरकार और विपक्ष के बीच कोई संवाद नहीं है। सदन चलाने का सत्ता पक्ष की ओर से कोई प्रयास नहीं किया गया है।

हम अपनी मांग जारी रखेंगे। प्रवर समिति को भेजे गए वन संरक्षण संशोधन विधेयक का जिक्र करते हुए रमेश ने कहा, वन संरक्षण संशोधन विधेयक, 2023 को मेरी अध्यक्षता वाली स्थायी समिति को भेजा जाना चाहिए था लेकिन उसे प्रवर समिति को भेज दिया गया है। इस विधेयक को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, एक एजेंडा के तहत काम हो रहा है। सरकार का लक्ष्य सभी पर्यावरण और वन कानूनों को कमजोर करना है।


G20 भारत 2023 INDIA | आज़ादी का अमृत महोत्सव | भारत सरकार



समर्थ भारत के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध प्रयास

महिलाओं को मिला गरिमापूर्ण जीवन
स्वच्छ भारत मिशन के तहत 34 लाख से अधिक शौचालयों का किया गया निर्माण, पहली बार खुले में शौच से मिली मुक्ति, सुरक्षा और सम्मान मिला।

कोरोनाकाल में मिला खाद्यान्न
कोविड-19 महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मिला नि:शुल्क राशन।

सुधरा जीवन स्तर
छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 लाख से अधिक घरों का निर्माण, मिला बेहतर और सम्मान भरा जीवन।

महिलाओं की कठिनाइयों का अंत
जल जीवन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ में 17 लाख से अधिक परिवारों को दिए गए नल से जल कनेक्शन।

बिजली से हर घर रोशन
सौभाग्य योजना के तहत छत्तीसगढ़ में क़रीब 8 लाख घरों को मिले नि:शुल्क बिजली कनेक्शन।

CBC 22201/13/0117/2223



"छत्तीसगढ़ के ग़रीब, आदिवासी, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, व्यापारी, कारोबारी हर वर्ग के विकास के लिए हमारी सरकार का संकल्प और अधिक मजबूत हुआ है।"

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# केंद्र के भाजपा सरकार के गलत निर्णय का कांग्रेस हमेशा करेगी विरोध: प्रतीक सिंह




पायनियर संवाददाता रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता रद्द करने और आवास खाली कराने को लेकर पूरे देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। एनएसयुआई राष्ट्रीय संयोजक प्रतीक सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मशाल रैली निकाली केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी भी की। नगर के लरगसाय चौक से चांदनी चौक तक एनएसयूआई एवम युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा मसाले रैली निकाली गई। चांदनी चौक पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतीक सिंह ने कहा कि मोदी सरकार जो भी राहुल गांधी के साथ कर रही है वह तानाशाही है यह सब जनता देख रही है, हम सभी काली पट्टी लगाकर उसका विरोध करते हैं। भाजपा महंगाई और बेरोज़गारी जैसी समस्या पर बात नहीं करती राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करके उन्हें बंगला खाली करने का नोटिस भेज दिया भाजपा सरकार लोकतंत्र को समाप्त करने की पूरी कोशिश में लगी हुई है। इनके कार पुजारियों को कांग्रेश कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी और इसी तरह सड़क पर निकल कर उनके गलत निर्णय का हमेशा विरोध करती रहेगी। इस दौरान मुख्य रूप से निरज गुप्ता राहुल बर्मन महबूब आलम तौकीर रजा दिलीप श्रीवास्उज्वल कश्यप मेराज अंसारी पवन यादव रिजवान अंसारी बिट्टू बैजू रवि शुभम दास विवेक सोनी रविन्द्र कश्यप हर्ष कश्यप अंश अग्रवाल सुमित गुप्ता फरीद खान असरफ नितेश कुशवाहा एजाजुल, शाहरुख खान हसनैन अलताफ सहित बड़ी संख्या में एनएसयुआई युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने लोकप्रिय जननेता बिसाहू दास महंत और लोक नाचा के जनक दाऊ दुलार सिंह मंदराजी की जयंती पर उन्हें किया नमन



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में लोकप्रिय राजनेता स्वर्गीय स्वर्गीय बिसाहू दास महंत और लोक नाचा के जनक दाऊ दुलार सिंह मंदराजी की जयंती पर उनके चित्रों में माल्यार्पण कर नमन किया और श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लोकप्रिय राजनेता स्वर्गीय बिसाहू दास महन्त को स्मरण करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन जनसेवा से जुड़ा रहा। महन्त ने अविभाजित मध्यप्रदेश में विधायक तथा मंत्री के रूप में प्रदेश के विकास के लिए अपनी अमूल्य सेवाएं दी। बघेल ने कहा कि स्वर्गीय बिसाहू दास महन्त के सपनों के अनुरूप नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोककला 'नाचा' के जनक माने जाने वाले स्वर्गीय दाऊ दुलार सिंह मंदराजी दाऊ जी के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि दाऊ मंदराजी ने 'नाचा' को पुनर्जीवित करने और उसे बचाए रखने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने नाचा को सामाजिक कुरीतियों के प्रति जनचेतना जगाने का माध्यम बनाया। बघेल ने कहा कि दाऊ जी ने लोक कलाकारों को संगठित कर छत्तीसगढ़ी नाचा-गम्मत को विश्वपटल पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा है कि लोगों में नाचा कला को पुनर्स्थापित करने वाले लोक कलाकार दाऊ दुलार सिंह मंदराजी का व्यक्तित्व अगली कई पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

# जिले में हुआ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का आगाज

### 145 सुपरवाइजर और 1021 प्रगणकों ने चिन्हित ग्राम पंचायतों में किया सर्वे

### जिलाधीश ने किया ग्राम अमोरा, बीजाभाट एवं जेवरी में हो रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद शनिवार 01 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण-2023 का शुभारंभ हो गया है। कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने जिले के ग्राम अमोरा, बीजाभाट एवं जेवरी में किये जा रहे सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रगणक दलों से चर्चा की और सर्वेक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। सर्वेक्षण के दौरान सर्वे कर रहे मितानिन एवं सुपरवाइजर ने कलेक्टर को सर्वे में हो रहे परेशानी से अवगत कराया। जिस पर जिलाधीश ने घर के नंबरिंग, चार से अधिक परिवार संख्या, आधार कार्ड में उम्र और वर्तमान उम्र तथा राशन कार्ड के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ग्रामवासी को सर्वेक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की। सर्वेक्षण टीम में तकनीकी जानकारी रखने वाले शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों को शामिल है। इसमें छत्तीसगढ़ सामाजिक.आर्थिक सर्वेक्षण 2023 प्रगणकों व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थी। इसके लिए टीमें घर-घर जाकर सर्वे का काम में जुट गयी है और डाटा एकत्र रही है। जिलाधीश ने सर्वेक्षण टीम से कहा कि लोगों को इस सर्वेक्षण अभियान की उपयोगिता के बारे में जानकारी दें कि प्राप्त डाटा का उपयोग आने वाले दिनों में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा नई योजनाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। जो हितग्राही किसी कारणवश लाभ से वंचित रह गए है। वह हितग्राही अब नवीन सूची में शामिल हो पाएंगे ऐसे हितग्राही को पात्रता अनुसार योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। जिले में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के लिए चार जनपद पंचायतों के 429 ग्राम पंचायतों के 694 ग्रामों में 145 सुपरवाइजर, 1021 प्रगणक दल गठित किए गए हैं। जिसकी निरीक्षण समन्वय एवं पर्यवेक्षण हेतु कुल 22 जनपद स्तरीय पर्यवेक्षक एवं 49 संकुल समन्वयक नियुक्त किया गया है। जिनके प्रशिक्षण उपरांत आज से सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया। सर्वेक्षण एप में आने वाली कठिनाइयों का समुचित समाधान हेतु जिला स्तरीय ट्रबल शूटर नियुक्त किया गया है। आज जिले में जिला पंचायत सीईओ एवं उप संचालक पंचायत द्वारा जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्राम बीजाभाट, जेवरी में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों द्वारा मकान नंबर अंकन, सर्वेक्षण हेतु निरीक्षण, परिवार से चर्चा, सर्वेक्षण प्रक्रिया एप से सर्वे प्रपत्र भरने इत्यादि के संबंध में अवलोकन कर समझाइश दी गई। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर भूपेन्द्र जोशी, हीरा गवर्ना, पिंकी मनहर, तहसीलदार बेमेतरा रोशन साहू सहित मितानिन, आंबा कार्यकर्ता, सुपरवाइजर एवं प्रगणक दल के सदस्य उपस्थित थे।

# प्रदेश के तीन और अस्पतालों को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सीतापुर सीएचसी, कोमाखान पीएचसी और गोपालपुर यूपीएचसी को जारी किया एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने वाले राज्य के तीन और स्वास्थ्य केन्द्रों को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS – National Quality Assurance Standard) प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने विगत फरवरी माह में इन तीनों अस्पतालों का निरीक्षण कर मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया था। टीम ने इस संबंध में मरीजों से भी फीडबैक लिया था। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सरगुजा जिले के सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, महासमुंद के कोमाखान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और कोरबा के गोपालपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र से नवाजा है। स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम के मूल्यांकन में गोपालपुर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 89 प्रतिशत, कोमाखान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 85 प्रतिशत और सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 84 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।

# थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सावनार के पहाड़ी में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



डी.आर.जी., एस.टी.एफ एवं सी.आर.पी.एफ की संयुक्त टीम पी.एल.जी.ए. कंपनी नंबर 2 के कमांडर वेल्ला व उसकी टीम की उपस्थिति की सूचना पर थाना गंगालूर के ग्राम पालनार, सावनार, कोरचोली की ओर रवाना हुई थी। शनिवार के सुबह 09:00 से - 9:30 बजे के मध्य पी. एल. जी. ए. कंपनी नंबर 2 के सशस्त्र नक्सलियों द्वारा ग्राम सावनार के जंगल पहाड़ी में गश्त सर्चिंग में गई डी. आर. जी., एस. टी. एफ एवं सी. आर. पी. एफ की संयुक्त टीम को जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से फायरिंग की गई। पुलिस बल द्वारा आत्मसुरक्षार्थ फायरिंग का जवाब दिया गया। अपने आप को घिरता देख नक्सली जंगल की आड़ लेकर मौके से भाग गए। मुठभेड़ करीबन आधा घंटा तक चली। फायरिंग रुकने पर पुलिस बल द्वारा सर्चिंग की गई जिस पर नक्सलियों के फायरिंग करने वाली जगह से माओवादी वर्दी, पिट्ठू एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुई है तथा आसपास खून के धब्बे भी दिखाई दिए जिससे प्रतीत होता है कि पी.एल.जी.ए. कंपनी नंबर 2 के 02 से 03 नक्सली मुठभेड़ में घायल हुए होंगे। मुठभेड़ में पुलिस बल के किसी सदस्य को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, पुलिस बल की वापसी पश्चात थाना गंगालूर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की जा रही है।

## गणेश मंदिर में बेटी बचाओं अभियान एवं भागवत कथा महोत्सव की बैठक संपन्न



**पायनियर संवाददाता/रायपुरा।** गणेश मंदिर ,बासटाल ,बघवा तालाब रायपुरा में 3 अप्रैल से बेटी बचाओ मंच एवं क्षेत्रवासियों द्वारा आयोजित भागवत कथा महोत्सव की तैयारियों के लिए बैठक संपन्न। बैठक में मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, महादेव घाट परिक्षेत्र मंच अध्यक्ष रत्ना शर्मा , मंच पदाधिकारी उमा यादव ,इंदु वर्मा, रत्ना पाठक, मीरा पांडे, मोहित कुमार, सावित्री साहू, सुशीला शर्मा, पुष्पा यदु सहित क्षेत्रवासी शामिल हुए।

# जुंआ, सट्टा के अवैध कारोबारियों पर पुलिस की नजर क्राइम ब्रांच ने दी दबिश, सट्टा खाईवालों को दी चेतावनी

पायनियर संवाददाता तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



जुंआ,,सट्टा जैसे काला कारोबार से जुड़े लोगों पर प्रशासन अब शक्ति दिखानी शुरू कर दिया है । वहीं इस मामले पर क्षेत्रवासियो का कहना है कि इस काले कारोबार को पूर्णतः नूस्तनाबूद करने की आवश्यकता है । क्षेत्रवासियो का कहना है कि प्रशासन की कार्यवाही को देखा जावे तो महज एक खानापूर्ति रही है । जबकि इस कारोबार के किंग मेकर कहे जाने वाले कथित जनप्रतिनिधि एवं कारोबारी अभी भी प्रशासनिक कार्यवाही से अछूता है । इस मसले पर क्षेत्रवासियो ने प्रशासन से मांग किया है कि तिल्दा नेवरा क्षेत्र से इस अवैध धंधे को नूस्तनाबूद करने इसकी जड़ पर प्रहार किया जावे । गौरतलब हो कि रायपुर जिला तिल्दा नेवरा क्षेत्र में सट्टा ,जुंआ ,का आनलाइन एवं आंफ्लाइन कारोबार नगर से लेकर गांवो तक पर पसार चुकी है । हालांकि नवपदस्थ थाना प्रभारी सुदर्शन ध्रुव ने समय समय पर इस धंधे के मकड़जाल को काटने का प्रयास किया है । जो कि प्रशंसनीय है । लेकिन इसके केंद्र बिंदु, सफेद लिबास में अभी भी इस धंधे पर पंख लगा रहे हैं । छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन ने इस अवैध कारोबार के खबर को प्रकाशित कर प्रशासन को अवगत कराता रहा है ।बीते दिन ) समाचार पत्र में सट्टा, जुंआ ,रिशु एप जैसे काले कारोबार तिल्दा नेवरा को निगलने को?, आतुर शिक्षक से समाचार प्रकाशित किया ?? इस दरमियान संबंधित विभाग में हलचल मची, सटोरियों का धरपकड़ शुरू किया गया, बताया जा रहा है कि क्राइम ब्रांच ने कथित सट्टा खाईवालों को इस अवैध धंधे को बंद करने की चेतावनी दिया है ।

# कलेक्टर विजय दयाराम के. ने किया सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण

### कलेक्टर विजय दयाराम के त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने हेतु दिये दिशा-निर्देश

पायनियर संवाददाता बलरामपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विजय दयाराम के. व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रेना जमील ने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कलेक्टर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बलरामपुर विकासखण्ड के ग्राम भनौरा, दहेजवार, जाबर, पचावल एवं महाराजगंज पहुंचकर सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के कार्यों का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने प्रगणक दलों से चर्चा की और सर्वेक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र का अवलोकन किया। कलेक्टर ने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर श्री दयाराम ने ग्रामवासियों को सर्वेक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलरामपुर भरत कौशिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बलरामपुर श्री के.के. जायसवाल सहित अन्य अधिकारी, सुपरवाइजर, प्रगणक दल के सदस्य उपस्थित थे।

# भक्ति के दौरान भक्तों ने किया त्रिशूल खंडित



**रामानुजगंज।** नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर में स्थित भगवान शिव दरबार में शिवलिंग के समीप लगाए गए त्रिशूल को भक्तों ने खंडित कर दिया है। राम नवमी के पावन अवसर पर मंदिर में एकत्रित हुए भक्तों के द्वारा पूजा पाठ करते समय शिवलिंग के समीप स्थापित त्रिशूल को भक्तों ने खंडित कर दिया है वैसे तो पूजा पाठ में खंडित मूर्ति या उससे जुड़े हुए सामग्रियों को नहीं रखना चाहिए।

लेकिन पुराणों में बताया गया है कि हमारे भारतवर्ष के कई तीर्थ स्थानों पर खंडित त्रिशूल का पूजा अर्चना कर जीवन में आ रहे परेशानियों को दूर करने में सहायक साबित होता रहा है। वैसे भगवान शिव को सर्प त्रिशूल और डमरु बहुत प्रिय है।

## सिविक एक्शन के तहत किया गया प्रोग्राम

# सुकमा में सीआरपीएफने ग्रामीणों को बांटे जरूरत के सामान

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com







सुकमा के विभिन्न गाँव में 31 मार्च को अरविंद राय पुलिस उप महानिरीक्षक, सुकमा रैंज, के.रि. पु. बल के मार्ग दर्शन में व रतिकान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट, 02 बटालियन, के.रि.पु. बल के दिशानिर्देशानुसार ज्ञानेश प्रताप सिंह, सहा. कमा. के नेतृत्व में ए/02 बटा0, सी.आर.पी.एफ के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत गाँव झापरा, गोंगला, टीटबेरी, मुयारास, तेलावर्ती इत्यादि गाँवों के लगभग 300 आदिवासी युवाओं, युवतियों, पुरूषों, महिलाओं व बच्चों ने इसका लाभ उठाया। सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत आयताराम सरपंच तथा रमैया वार्ड मेंम्बर गोंगला पंचायत, जोगा सरपंच झापरा पंचायत, संतोष, वार्ड मेंम्बर मुयारास उपस्थि थे। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को घरेलु उपयोग के सामानों जिसमें वाटरप्यूरिफायर, साड़ी, लूंगी, छाता, बीज, खाद, बच्चों के स्कूलबैग, नोटबुक, ड्राइंगबुक, पेंसिल, जियोमेट्रीक बॉक्स, सार्पनर तथा इरेजर, खेलकुद के सामान जैसे क्रिकेट किट, वॉलीबॉल किट तथा फुटबॉल किट इत्यादि का वितरण किया गया। सिविक एक्शन प्रोग्राम स्थल पर ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरत मंद लोगों को घरेलु उपयोग के सामानो का वितरण तथा बच्चों को पढ़ाई लिखाई व खेल कूद का सामान उपलब्ध कराना तथा आम लोगों के आय में वृद्धि हेतु बीज, खाद आदि वितरण कर उन्हें कृषि कार्य हेतु प्रेरित कर मुख्यधारा से जोड़ना व जागरूक करना है। इस आयोजन को सफल बनाने में ए/02 बटा. के सभी कार्मिकों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया साथ ही सभी गाँवों के जनप्रतिनिधियों ने भी 'बढ़-चढ़कर भाग लिया ,सभी सरपंचों व जनप्रतिनिधियों ने इस प्रकार के कार्यक्रमों की सराहना की और यह भी बताया कि सी.आर.पी.एफ के कैम्प खुलने से हम लोग सुरक्षित महसुस कर रहे है व हमारे क्षेत्र का विकास हो रहा है, इस प्रकार के आयोजन से सुदूर गाँव क्षेत्रों के विकास में सी.आर.पी.एफ मुख्य भूमिका अदा कर रही है। अंत में रतिकान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट, 02 बटालियन, के.रि. पु. बल द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों का अभिवादन किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

### छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023

# छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 आज से शुरू

पायनियर संवाददाता गौरेला पेंड्रा मरवाही
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले दिन 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया की उपस्थिति में गौरेला विकासखंड के ग्राम पंचायत सेमरा में जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरपंच गजभानु के घर से सर्वेक्षण कार्य शुरू हुआ। इसके साथ ही पूरे जिले में सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ हो गया है। सर्वेक्षण का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र की पूजा अर्चना के साथ किया गया। कलेक्टर ने प्रगणक दलों से चर्चा की और सर्वेक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणक प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती गजभानु, अपर कलेक्टर बी सी एक्का, परियोजना निदेशक डीआरडीए आरके खुटे, एसडीएम पेंड्रारोड पुष्पेंद्र शर्मा, जनपद सीईओ गौरेला डॉ संजय शर्मा सहित संबंधित विभागीय के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामवासीउपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन धूम-धाम से किया गया

# कलेक्टर एवं जिला प्रशासन बरात लेकर गाजे-बाजे के साथ पहुंचे विधायक बंगला

- विधायक ने लड़की वालों का दायित्व निभाया और बारातियों का किया आत्मीय स्वागत
- आदिवासी, हिन्दु और ईसाई रीति-रिवाज से 236 जोड़े वर-वधु का हुआ विवाह

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर द्वारा बड़े धूम-धाम से बीजापुर स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं आम नागरिकों में हर्ष का वातावरण देखने को मिला। कन्या पक्ष के अभिभावक बने विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी तो वहीं वर पक्ष से कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के अधिकारी बारात लेकर गाजे-बाजे के साथ विधायक बंगला पहुंचे जहां विधायक ने बारातियों का आत्मीय स्वागत उत्साह एवं परंपरानुसार किया। सभी वर-वधु का सामूहिक विवाह सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुआ। जिसमें 142 जोड़े आदिवासी, 70 जोड़े हिन्दू एवं 24 जोड़े ईसाई वर-वधू ने अपने-अपने सामाजिक रीति रिवाज और विवाह संस्कार के माध्यम एक दूसरे के जीवन साथी बने। इस अवसर पर विधायक विक्रम मंडावी, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने नवदंपत्ति को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत एवं कृषक कल्याण परिषद के सदस्य बंसत राव ताटी, जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण सदस्य नीना रावतिया उददे, जिला पंचायत सदस्य सोमारु राम कश्यप, संत मंडावी, पार्वती कश्यप, नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, जनपद अध्यक्ष बोधी ताती, नगरपालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, डीएफओ अशोक पटेल, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर पवन कुमार नेगी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास लुपेन्द्र महिनाग सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मोदी राज में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है : यशवर्धन राव



पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री यशवर्धन राव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में आज आम आदमी की आवाज उठाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है। देश की प्रमुख विप पार्टी के पूर्व अध्यक्ष 4 बार के सांसद राहुल गांधी जब संसद के अंदर बात करते है तो उनको बोलने नहीं दिया जाता, उनका माइक बंद कर दिया जाता है, सत्तारूढ़ दल के सांसद बहुमत के अतिवादी चरित्र का प्रदर्शन करते हुये संसद की कार्यवाही नहीं चलने देते है। केंद्रीय मंत्री अपने पद की गरिमा को तार-तार करते हुये अनर्गल बयानबाजी करते है और जब इन सबसे भी राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष की आवाज को नहीं दवा पाते तो एक और षड्यंत्र रचा जाता है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता को समाप्त करने का यह हम पूरे घटनाक्रम का सिलसिलेवार ब्योरा आपके समक्ष रखते है आप खुद विचार करिये, देखिये इस देश के लोकतंत्र को किस प्रकार नष्ट किया जा रहा है।

सबसे पहले, राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान यह पूछ रहा था कि कुछ चोरों का एक ही उपनाम (नीरव मोदी, ललित मोदी और नरेंद्र मोदी) क्यों है उन्होंने ऐसा नहीं है कि सारे मोदी चोर हैं ! उन्होंने किसी समुदाय को निशाना नहीं बनाया। दूसरा, न तो नीरव मोदी और न ही ललित मोदी ओबीसी है। और उनकी जाति जो भी हो, क्या उन्होंने धोखाधड़ी नहीं की? भाजपा धोखेबाजों और भगोड़ों को क्यों बचा रही है? तीसरा, कांग्रेस पार्टी में 2 ओबीसी मुख्यमंत्री हैं। इससे साबित होता है कि कांग्रेस उनके योगदान को महत्व देती है। आपराधिक मानहानि के लिए अधिकतम दो साल की सजा आजतक किसी को नहीं मिली है। दूसरी ओर, भाजपा नेताओं के खिलाफ मामले अत्यधिक उदारता से निपटाए जाते हैं। उत्तर प्रदेश के बांदा से भाजपा सांसद, आरके सिंह पटेल को नवंबर में एक ट्रेन रोकने, सार्वजनिक सड़कों को अवरुद्ध करने और पुलिस कर्मियों पर पथराव करने के लिए दोषी ठहराया गया था - लेकिन उन्हें केवल 1 साल की जेल हुई। महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, सरदार पटेल, मौलाना आजाद को या तो राजद्रोह या जेल के मामले में अंग्रेज़ों ने सजा दी। अंततः कांग्रेस ने अंग्रेजों के खिलाफ जीत हासिल की। अब मोदी सरकार चोरों और घोटालेबाजों का पर्दाफाश करने के लिए राहुल गांधी पर निशाना साध रही है।

# लोकतंत्र को भाजपा नष्ट कर रही : रेखचंद जैन

पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

शुक्रवार को जिला मुख्यालय सुकमा में जगदलपुर विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने पत्रवार्ता ली। उन्होने कहा कि लोकतंत्र को भाजपा नष्ट कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में आम जनता की आवाज उठाना तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलना गुनाह हो गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जैन ने जिला कांग्रेस कमेटी के दफ्तर में पत्रवार्ता ली। उन्होने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने के घटनाक्रम का सिलसिलेवार ब्योरा मीडियाकर्मियों के समक्ष रखा। जैन ने कहा कि गांधी के द्वारा संसद में प्रधानमंत्री और उनके उद्योगपति मित्र गौतम अदाणी के मध्य का रिश्ता पूछना भाजपा को इतना नागवार गुजरा कि उसने षडयंत्र कर गांधी की लोकसभा की सदस्यता खत्म कर दी। यह समूची कारवाई जिस प्रकार से की गई उससे अनेक सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होने गौतम अदाणी की शेल कंपनियों में 20000 करोड़ रुपये का श्रोत भी पूछा।



### रक्षा क्षेत्र में विदेशी कंपनी व नागरिक की एन्ट्री

जैन ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पत्र वार्ता में इस बात का खुलासा किया है कि अदाणी की कंपनियों में जो 20000 करोड़ रुपये लगाया गया है, वह भाजपा का है। इनमें से कुछ कंपनियां रक्षा क्षेत्र में भी काम कर रही हैं। इसमें से एक कंपनी में चीनी नागरिक की भागीदारी है, जो देश की एकता व अखंडता के साथ खिलवाड़ है। जब गांधी ने यह सवाल प्रधानमंत्री से पूछा तो गांधी को सरकारी आवास खाली करने की नोटिस थमा दी गई। इससे देश के लोगों में गहरी नाराजगी है। भाजपा देश के 140 करोड़ जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। पत्रवार्ता के दौरान सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता करण देव, नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू, राजेश नारा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वरी बघेल, पदामी कोसा, आएशा हुसैन समेत अनेक कांग्रेस नेता मौजूद थे।

# क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपो का हुआ भव्य शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपो एनसीसी मैदान में 30 मार्च शाम 7 बजे मुख्य अतिथि वर्षा यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव और मुख्य अतिथि के रूप में मनीष श्रीवास्तव वरिष्ठ कांग्रेसी, सतीश सोनी नेता प्रतिपक्ष, जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कोंडागांव, जितेंद्र सुराना वरिष्ठ भाजपा, तरुण गोलछा शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कोंडागांव, हेमा देवांगन शहर अध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी कोंडागांव, सौरभ आचार्य जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी कोंडागांव, के द्वारा रीबन काट कर भव्य शुभारंभ किया गया। देश के विभिन्न प्रांतों से अलग-अलग प्रकार के स्पेशल आइटम लेकर एक ही छत के नीचे क्राफ्ट इंडिया एक्सपो नगर के एनसीसी मैदान कोंडागांव में लगाया गया हैं, जिसका जिले वासियों और शहर के नागरिकों ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को खरीदारी का अच्छा मौका मिलेगा। इस बारें में नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा कि, इस तरह के आयोजन शहर में होने से शहर वासियों को घुमने और खरीदी करने का अच्छा अवसर मिलता हैं, वही मनीष श्रीवास्तव ने कहा इस प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के समान हैं जो शहर में नहीं मिलता हैं विशेष कर सहारनपुर के फर्नीचर खुर्जा के क्रॉकरी और बनारसी साड़ी आकर्षण की मुख्य चीजे हैं। वहीं क्राफ्ट एक्सपो के संचालक संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि, एक ही छत के नीचे अलग-अलग राज्यों के आइटम आपके मनपसंद समान उपलब्ध हो जाते हैं जो शहरवासियों के लिए खरीददारी का एक अच्छा मौका होता हैं, जिसका उन्हें निश्चित रूप से लाभ उठाना चाहिए।

क्राफ्ट इंडिया शापिंग एक्सपो के संचालक संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि, संपूर्ण भारत से हजारों प्रकार की विभिन्न वस्तुओं की बिक्री और प्रदर्शनी पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, फैन्सी लेडिज सलवार सूट, टॉपस्कर्ट, बनारसी, कलकत्ता कॉटन व सिल्क साड़ी, खादी ग्रामोद्योग वस्तुएं, वुडन फर्नीचर, लखनवी किचन, ब्रॉस, मार्बल हॅन्डीक्राफ्ट, किचन वेअर, ज्वेलरी, राजस्थानी, गुजराती, कश्मीरी, बेडशिट, चप्पल, कुर्ता, पायजामा, पेंट, शर्ट, टी-शर्ट, फैन्सी, चूड़ी, लेडीज पर्स, कॉटन बैग, क्रॉकरी उप्लब्ध हैं, यह प्रदर्शनी 30 अप्रैल तक शहर कोंडागांव में रहेगा।

# कलेक्टर ने नवोदय विद्यालय का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को स्थानीय नवोदय विद्यालय का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और भवन के चहारदीवारी निर्माण सहित भवन में आवश्यक मरम्मत कार्यों को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान कक्षा 9 वीं के बच्चों से रूबरू होकर उनकी पढ़ाई और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के बारे में पूछा और कहा कि, आगामी वर्ष 10 वीं कक्षा में जायेंगे व बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे, इसे ध्यान रखते हुए अभी से पढ़ाई पर फोकस करें। कलेक्टर ने उक्त कक्षा के मेधावी छात्र आयाम श्रीवास का उत्साहवर्धन करते हुए सभी बच्चों को पूरी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करने की समझाईश दी। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में आयोजित नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान विद्यालय परिसर में वार्डन आवास निर्माण सहित विद्यालय के शौचालय मरम्मत कार्य कराए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं विद्यालय में वैकल्पिक जलापूर्ति हेतु नगरीय जल आवर्धन योजना से नल कनेक्शन, विद्यालय के बाहर स्थित नालियों की साफ-सफाई और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था किए जाने को कहा गया।

# नाबालिग के साथ दैहिक शोषण के आरोपी को 20 वर्ष कारावास की सजा और अर्थदण्ड

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आरोपी पालेष्वर कोर्राम पिता वीर सिंह कोर्राम ने नाबालिग के साथ बहलाकर फुसलाकर लगातार उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया हैं। इस प्रकरण के संबंध में लोक अभियोजक दिलीप जैन ने बताया कि, अभियुक्त के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366 क, 376 (2) (ढ) और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के अंतर्गत आरोप हैं कि, 9 मार्च 2022 दिन बुधवार, रात 3 बजे प्रार्थी के घर से थाना व जिला कोंडागांव क्षेत्रान्तर्गत में नाबालिग पीडिता को उसके वैध संरक्षक के संरक्षकता से उनकी सहमति के बिना बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाकर व्यपहरण कर, पीडिता का अयुक्त संभोग करने हेतु विवश की जाएगी नाबालिग को उसकी वैध संरक्षता से ले जाकर उसका व्यपहरण कर उसकी इच्छा के विरूद्ध जबरन शारीरिक संबंध स्थापित कर उसके साथ लैंगिक संभोग कर बार-बार बलात्संग कारित कर गुरुत्तर लैंगिक हमला कारित किया। लोक अभियोजक दिलीप जैन ने घटना के संबंध में विस्तृत तौर पर बताया कि पीडिता घटना मजदूरी कार्य करने जगदलपुर गई थी, वहीं आरोपी पालेष्वर कोर्राम भी काम करता था, काम करने के दौरान आरोपी से पीड़िता का परिचय हुआ आरोपी ने काम के दौरान पीडिता को अपने साथ रखा था। आरोपी ने अपने साथ रखने के दौरान पीड़िता के साथ कई बार बलात्कार किया और उससे कहता था कि, उससे प्यार करता हूं शादी करूंगा। आरोपी उसे उसके मोबाइल के माध्यम से किसी से बात करने भी नहीं देता था। एक दिन आरोपी ने अपने मोबाइल को चार्ज में लगाया था, तब उसने आरोपी से छुप कर अपने घर में फोन करके घटना के विषय में बताया और ले जाने के लिए बुलाया तब उसे घर लेकर आए। पीड़िता के पिता प्रार्थी के द्वारा आरोपी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने पर थाना कोंडागांव में आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 122 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### सीआरपीएफ के द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित कर बांटे स्कूल बैग

**कोंडागांव।** सीआरपीएफ बी 188 वाहिनी द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत अपने परिचालिनिक क्षेत्र में 188 वीं वाहिनी के कमांडेंट भवेश चौधरी व उनकी धर्मप ी रेखा चौधरी द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित करके शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव जिला के केशकाल और शासकीय पूर्व माध्यशाला ब्लाक कालोनी केशकाल में स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट द्वारा स्कूल के बच्चों को अपने संबोधन में एक छोटा सा संदेश उनकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु दिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि, शिक्षा कभी ना डूबने वाला सूर्य हैं, जो अपनी रोशनी चारों तरफ फैला सकता हैं, हर व्यक्ति को शिक्षित होने की आवश्यकता हैं, हर एक बच्चा पढ़ेगा तभी तो हमारा देश उन्नति की रहा पर आगे बढ़ पाएगा। साथ ही शिक्षा संस्थानों और समाज को भी निरंतर कोशिश करनी चाहिए की उनकी गली, मोहल्ले में कोई भी बच्चा स्कूली शिक्षा से वंचित ना रहें, देश के विकास और उन्नति के लिए हम सबको मिलकर आगे बढ़ना हैं।

# बीजापुर में कांग्रेस का लोकतंत्र बचाओ मशाल-शांति मार्च



पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com

केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही रवैये एवं केंद्र सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या कर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने की षड्यंत्र के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार 31 मार्च शुक्रवार को ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने ज़िला मुख्यालय बीजापुर में लोकतंत्र बचाओ मशाल-शांति मार्च/रैली का आयोजन किया गया है। रैली की शुरुआत ज़िला मुख्यालय के नया बस स्टैंड से शुरू होकर पामभोई पेट्रोल पंप होते हुए जयस्तंभ चौक पर समापन हुआ। लोकतंत्र बचाओ शांति मार्च की शुरुआत करते हुए बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी और ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि देश में केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा की तानाशाही रवैये ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सदस्यता षड़यंत्र पूर्वक रद्द की है जो कि दुर्भाग्य जनक है। मोदी सरकार और भाजपा को लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ नहीं है।

## मां एक ही है लेकिन हमारे सम्मुख में कई रूपों में होती हैं

# विक्रम उसेण्डी माता के विभिन्न मंदिरों पर पहुंचकर पूजा अर्चना की

पायनियर संवाददाता ‹ पखांजूर
www.dailypioneer.com





मां एक ही है लेकिन हमारे सम्मुख में कई रूप में अभीरभुता व कई उनका शक्ति व मूर्ति है व उनका प्रकाश विभुति सब उनका ही काम ब्रह्मांड में कर चलते हैं जो आदितिया मां रूप में हम पूजा करते हैं वहीं विश्व सत्ता अधिष्ठात्री भागवती चित् शक्ति सब सृष्टि के जननी अध्याशक्ति भागवति मां दुर्गा, बसंती, महालक्ष्मी महासरस्वती, महाकाली, महामाया है। बसंती पूजा नवरात्रि रामनवमीं उपलक्ष पर जन संपर्क पर पहुंची भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेण्डी माता के विभिन्न मंदिरों पर पहुंचकर पूजा अर्चना की एवं क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना की परलकोट क्षेत्र में इस समय लगातार हर गांव मे पूजा-पाठ, धार्मिक, भागवत कथा आयोजित किया जाता है पी.वी. 64 हरिचंद महोत्सव,बसंती पूजा बापुनगर मायापुर बसंती पूजा, पी.वी 17 परितोष शील के घर शोकाकुल परिवार से मिले, भागवत कथा पी.वी 37, बसंती पूजा, पी.वी 116 नया बाजार, बांदे क्षेत्र में पी.वी102, पी.वी.93, वासंती पूजा पी.वी.97 एवं सुनील सिंह के घर बांदे में नाम संकीर्तन आयोजित था।

नाम संकीर्तन, बासंती पूजा, भागवत कथा, बड़े जोर शोर से आयोजित किया जाता है विभिन्न क्षेत्र का दौरा करके क्षेत्र वासियों के लिए कुशल मंगल की कामना की इस अवसर पर पखांजूर क्षेत्र के जिला उपाध्यक्ष असीम राय मंडल जिला मंत्री मोनिका शाह नारायण शाह को कोषाध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि गणेश शाह मंडल मीडिया प्रभारी राहुल विश्वास जिला महामंत्री किसान मोर्चा स्वपन तरफदार मंडल मंत्री किशोर जिला मीडिया प्रभारी देव बैरागी मिंटू शांतनु मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष शिवानंद कापसी क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष दीपंकर दत्ता, महामंत्री बाबला चक्रवर्ती किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुकूल विश्वास जिला सदस्य अमर ब्रह्मचारी, गौरांग राय प्रदीप हालदार, मंडल मंत्री अरूप दत्ता, लक्ष्मीकांत समददार बांदे मंडल के मंडल अध्यक्ष रतन हलदर जिला पंचायत सदस्य सुनीता मंडल महामंत्री असित सरकार, निरंजन हालदार, महिला मोर्चा अध्यक्ष असीमा शाह किसान मोर्चा अध्यक्ष पलाश मिस्त्री, स्वरूप कमलेश राय एक बड़ी संख्या पर भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता बूत अध्यक्ष पदाधिकारी सदस्य व मीडिया के साथी उपस्थित थे।

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ‹ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का कार्य आज से जिले में प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर चंदन कुमार ने विकासखंड जगदलपुर के ग्राम पंचायत आसना, धुरगुड़ा और गरावंडकला में किये जा रहे सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, जनपद सीईओ गौतम पाटिल सहित अन्य अधिकारी, सुपरवाइजर, प्रगणक दल उपस्थित थे। कलेक्टर ने प्रगणक दलों से चर्चा की और सर्वेक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए।

### 3 नए परिवहन सुविधा केंद्रों के लिए आवेदन 15 अप्रैल तक

**कोंडागांव।** जिला कार्यालय परिवहन अधिकारी कोंडागांव द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिला कोंडागांव अंतर्गत 12 परिवहन केंद्र खोले जाने हेतु परिवहन सुविधा केंद्र मार्गदर्शिका-2022 के अनुसार प्रस्ताव पारित किया गया हैं। जिसमें से 9 परिवहन सुविधा केंद्र वर्तमान में संचालित हो रहे हैं। जिला परिवहन कार्यालय कोंडागांव द्वारा 3 शेष परिवहन सुविधा केंद्रों हेतु नवीन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए इच्छुक आवेदक 15 अप्रैल तक कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

### 12 अप्रैल को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का होगा आयोजन

**कोंडागांव।** जिला पंचायत कोंडागांव की सामान्य सभा की बैठक 12 अप्रैल को जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए निर्माण कार्यों और संचालित योजनाओं की समीक्षा के साथ शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य व पूर्ति के संबंध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी ली जाएगी।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में मिले भारी जनसमर्थन से घबरा गई है भाजपा : कवासी लखमा

## आबकारी मंत्री ने गरियाबंद में प्रेस वार्ता लेकर लगाए केंद्र पर कई आरोप

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता लेकर राष्ट्रीय मुद्दों पर बात की और केंद्र सरकार पर कई आरोप भी लगाऐ । लखमा ने कहा कि मोदी राज में आम जनता की आवाज उठाना और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाना गुनाह हो गया है । देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चारबार के सांसद राहुल गांधी जब संसद के अंदर बात करते हैं तो उनको बोलने नहीं दिया जाता उनका माइक बंद कर दिया जाता है ।सत्तारूढ़ दल के सांसद बहुमत के अतिवादी चरित्र का प्रदर्शन करते हुए संसद की कार्यवाई नहीं चलने देते और केंद्रीय मंत्री अपने पद की गरिमा को तार-तार करते हुए अनर्गल ब्यानबाजी करते हैं और जब इन सबसे भी राहुल गांधी पार्टी और विपक्षी की आवाज को नहीं दबापाते तो एक और षडयंत्र रचा जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी को सजा और निलंबन की कार्यवाई इसलिए की गई क्योंकि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री की दुखती रग पर हाथ रख दिया। उन्होंने मोदी के निकट सहयोगी अडानी के घोटालेबाज और अडानी मोदी के गठबंधन पर आवाज उठाया। आबकारी मंत्री ने कहा कि जो व्यक्ति एकता फैलाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा में 4 हजार किलोमीटर पैदल चल सकता है वह कैसे एक समुदाय को निशाना बना सकता है । दरअसल राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से भाजपा घबरा गई है। भारत जोडो यात्रा को भारी समर्थन मिलने से भाजपा अंदर खलबली मची हुई है इसलिए राहुल गांधी के खिलाफ षड्यंत्र किया जा रहा है उन्हें लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया परंतु यह साबित हो चुका है कि राहुल गांधी ही भाजपा की जड़े हिलाएंगे। मंत्री लखमा ने कहा कांग्रेस नें तय किया है कि इस अन्याय के खिलाफ वह जनता की अदालत में जाएंगे । जनता को यह बताया जाएगा कि भाजपा किस तरह लोकतंत्र की हत्या कर रही है ।इस तरह संविधान व संवैधानिक संस्थाओं को कुचला जा रहा है । सूरत गुजरात में एक निचली अदालत के फैसले के 24 घंटे के भीतर भाजपा ने राहुल गांधी की लोकसभा में सदस्यता को रक्त करने के लिए बिजली की गति से काम किया । भले ही अदालत ने उन्हें उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया था उन्होंने सवाल किया कि भाजपा राहुल गांधी से इतना डरती क्यों है ।

# दोनों आंखों से दिव्यांग मोतीराम गोंड़, अंधेरे में रहने मजबूर

## बूढ़ी मां और अपना 350 रुपए पेंशन में चला रहे हैं जीवन

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



दिव्यांगों व गरीब वृद्धजनों के कल्याण के लिए सरकार अनेक योजनाएं चला रहे हैं। पर धरातल में इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह है जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों उदासीनता कारण इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को समय पर नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से पात्र हितग्राही शासन की अनेकों योजनाओं का लाभ लेने के लिए दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। ऐसा ही मामला गरियाबंद जिले के ब्लॉक मुख्यालय छुरा ग्राम पंचायत बिरनीबाहरा के आश्रित ग्राम कुड़ेमा में एक गरीब आदिवासी परिवार की है। कुडेमा निवासी 45 वर्षीय मोतीराम गोड़ जिनकी दोनों आंखों की रोशनी बचपन से नहीं है।यह विशेष कमजोर अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं जो गरीबी रेखा के नीचे की श्रेणी में आते हैं। घर में पानी तक का साधन नहीं है। दोनों आंखों से दिव्यांग होने के बाद भी बाहर से पानी लाते हैं। पीने की पानी न ही बिजली की कोई सुविधा उनके घर तक पहुंच पाए हैं। राज्य सरकार के द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 2500 बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है। विडंबना यह है गरीब पीड़ित दिव्यांगों के जीवन सुधार के लिए ऐसे परिवारों को भत्ता क्यों नहीं दिया जाता। वहीं इस परिवार की जानकारी होने पर गरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संरक्षक सदस्य समाजसेवी मनोज पटेल ने दादी कुंवासी बाई और उनके दिव्यांग बेटे से हाल जानने की कोशिश की। पर कुंवासी बाई तो अपना तकलीफबताने की भी स्थिति में नहीं है। यहां के नंदकुमार ध्रुव, भूतपूर्व पंच महेश यादव ने बताया इस 75 वर्ष की उम्र में भी वृद्ध आदिवासी महिला को पेंशन नहीं मिल पा रहा है। इस पर समाजसेवी मनोज पटेल ने नाराजगी जाहिर करते हुए शासन प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक मदद करने की मांग किए ।

# रोपवे निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे संसदीय सचिव



## 2 माह के भीतर रोपवे निर्माण कार्य होगा पूरा

पायनियर संवाददाता ◀ बागबाहरा
www.dailypioneer.com

खल्लारी क्षेत्र की राजमाता चंडी के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की सुगमता हेतु रोक पर निर्माण का कार्य अपने अंतिम चरण पर है जिसका निरीक्षण करने कल छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारकाधीश यादव रोपवे निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे तथा रोपवे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। बता दे चैत्र नवरात्र के पर्व के दौरान खलारी विधायक व शासन के संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव विधानसभा क्षेत्र के माता तीर्थों के दर्शन को निकले थे इसी दौरान उन्होंने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां खल्लारी की पूजा अर्चना की तत्पश्चात खल्लारी माता के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को सुगमता के लिए बनाए जा रहे रोपवे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया वह शीघ्र ही काम पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात पत्रकारों से चर्चा के दौरान संसदीय सचिव द्वारकाधीश यादव ने बताया कि मां खल्लारी के दर्शन के लिए उनके भक्तों श्रद्धालुओं को लंबी सीढ़ियों से चढ़कर जाना पड़ता है। भक्तजनों की सुगमता के लिए रोपवे निर्माण का कार्य जारी है और वह 2 माह के भीतर पूरा हो जाएगा जिससे श्रद्धालुओं को माता के दर्शन में सुगमता प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्रसिंह ठाकुर विधायक प्रतिनिधि राजू चंद्राकर एल्डरमैन नवनीत सलूजा सरपंच संघ अध्यक्ष एडिशन ठाकुर दुर्गेश यादव गोलूसाहू सेतराम बघेल रुपेश गोयल संतोष चक्रधारी तूफान दीवान नवल किशोर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# हिन्दू रक्षामंच और नगरवासियों ने निकाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा



## रामलला के जयकारों से गूंज उठा गरियाबंद

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



नगर में शुक्रवार को रामनवमी के पावन पर्व पर सिवील लाइन स्थित राम मंदिर से दोपहर 4 बजे भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकली जिसमें झांकियां अखाड़ा प्रमुख आकर्षण रहीं। गाजे बाजे एवं डीजे के साथ निकली भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा में हिंदू रक्षामंच के सदस्यों के साथ शहर के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । नगर में रामनवमी के पावन पर्व पर बस स्टैंड से तिरंगा चौक होते हुए भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकली शोभायात्रा में युवा जहां बड़ी बड़ी ध्वजाएं हाथों में लेकर लहरा रहे थे वहीं श्रीराम के जयकारे भी लगा रहे थे जिससे पूरा माहौल राममय हो गया। आयोजक हिंदू रक्षा मंच के सदस्यों सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि शोभायात्रा की तैयारी विगत एक महीने से की जा रही थी जिसके बाद शुक्रवार को रामनवमी पर्व पर धूमधाम से श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें एक से बढ़कर एक झांकियां भी सजाई गईं। शोभायात्रा में सुरक्षा के मद्देनज़र सुरक्षा को ले कर चाकचौबंध चौक चौराहे पर पुलिस तैनात किया गया था । रामनवमी पर शोभायात्रा को ले कर पुलिस की व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंध रही सुरक्षा का ज़िम्मा एसडीएम एसडीओपी तहसीलदार थाना प्रभारी ने संभला था ।

### झांकियों में राम भगवान की विशाल की मुर्ती आकर्षण का केंद्र रहा

भगवान श्रीराम, हनुमान, वनवासी राम, लक्ष?मण, सीता हनुमान सहित अश्वों पर भी झांकियां बनाई गईं जो आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में अधिकांश लोग भगवा कुर्ता पहनकर भगवा दुपट्टा डाले नजर आए साथ ही सभी के माथे पर तिलक लगा हुआ था। इस दौरान छोटे छोटे बच्चों में भी रामनवमी को लेकर गजब का उत्साह नजर आया । वहीं नगरपालिका की टीम ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया और शरबत और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई थी । वहीं व्यापारियों द्वारा सभी को आइसक्रीम का वितरण किया ।

### गुरुवार को रामजानकी मंदिर में मनाया रामजन्म

रामजानकी मंदिर में रामनवमी के पर्व पर दोपहर ताप्ती तट स्थित मंदिर में 12 बजते ही घंटियों की ध्वनियों से पूरा तट गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने इस दौरान राम जन्मोत्सव मनाया तथा विधि विधान से भगवान श्रीराम की आरती कर प्रसादी का वितरण किया। ताप्ती तट पर स्थित प्राचीन राम मंदिर,, मंदिर में सुबह से ही अनुष्ठान प्रारंभ हो चुके थे। दोपहर 12 बजे के पहले ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन्मोत्सव के लिए मंदिरों में पहुंच गए तथा 12 बजते ही घंटे घड़ियाल बजने लगे। इस दौरान जोर जोर से भगवान श्रीराम के जयकारे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए।

# दादाबाड़ा में यज्ञस्थल बनकर तैयार, डोम निर्माण की हो रही तैयारी

## मारूति महायज्ञ की तैयारियों का लिया गया जायजा

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



शहर के दादाबाड़ा में 6 अप्रेल से 10 अप्रैल तक श्री मारूति महायज्ञ को लेकर जोरशोर से तैयारी की जा रही है। यज्ञस्थल के साथ ही राम कुटी व शिव कुटी बनकर तैयार हो गया है। वहीं प्रवचन के लिए डोम का निर्माण कराया जा रहा है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मारुती महायज्ञ आयोजन समिति महासमुंद के सदस्यों के साथ आज शनिवार की सुबह यहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। गौरतलब है कि मारुती महायज्ञ आयोजन समिति महासमुंद के तत्वावधान में आगामी 6 अप्रैल को हनुमान जी के जन्म उत्सव के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर भी तैयारियां अंतिम चरणों में है। आज शनिवार को संसदीय सचिव व विधायक चंदाकर ने समिति के सदस्यों के साथ यज्ञस्थल दादाबाड़ा में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। यहां आर्कषक तरीके से राम व शिव कुटी के साथ ही यज्ञस्थल का निर्माण कराया गया है। वहीं प्रवचन के लिए भव्य डोम बनाया जा रहा है। जल्द ही डोम बनकर तैयार हो जाएगा। शहर के दादाबाड़ा में 6 अप्रेल से मारूति महायज्ञ आयोजित है। कलश व जलयात्रा के साथ महायज्ञ का आगाज होगा। मारूति महायज्ञ में मप्र जावरा के बालयोगी विष्णु अरोड़ा मुख्य प्रवचनकर्ता होंगे। कलश यात्रा/ जल यात्रा 4 बजे प्रारंभ होगी एवं प्रतिदिन सुबह सात से 9 बजे तक पूजन, दस बजे से 12 बजे तक यज्ञ, दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती, दोपहर दो बजे से चार बजे तक भजन कीर्तन, शाम चार बजे से साढ़े छह बजे तक प्रवचन व शाम सात बजे आरती का कार्यक्रम होगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि कलश जल यात्रा में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए शहर के वार्डों व गांवों में आमंत्रण दिया जा रहा है। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम, हनुमान जी व भगवान शिव जी की आकर्षक झांकी रहेगी। इस दौरान जहां धुमाल एवं ज़बरदस्त लाइट डेकोरेशन रहेगा वहीं राउत नाचा की झलक भी श्रद्धालुओं को देखने मिलेगी। मारुती महायज्ञ के समापन के दिन विश्राम यात्रा निकाली जाएगी।

## विसर्जन करने निकले लोगों को फलों का वितरण



**भाटापारा ।** रामनवमी के अवसर पर नगर के शीतला माता मंदिर हथनिपारा ,महावीर वार्ड सुभाष वार्ड व अन्य घरों में स्थापित जवारा का विसर्जन महावीर वार्ड के नख्खी बाबा तालाब में किया गया। इस अवसर पर वार्ड के विशिष्ट जनों द्वारा जंवारा विसर्जन देखने व विसर्जन के लिए आए श्रद्धालुओं को रसदार फलों व निम्बू पानी का वितरण किया। इस अवसर पर पार्षद दीपादसरथ साहू एवं महिला मित्र मंडल, यसवंत साहू, मनोहर साहू, अश्वनी साहू आदि मौजूद रहे।

# आज होगा मनवा कुर्मी समाज का चुनाव

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के दो राज अर्जुनी राज व चंदखुरी राज के राज प्रधान का चुनाव 2 अप्रैल रविवार को सम्पन्न होगा। चुनाव की तैयारी पूर्ण कर ली गई है।सभी निर्वाचन अधिकारियों को आज केंद्रीय निर्वाचन प्रभारी खोड़स राम कश्यप ने चुनाव कार्यालय चंदखुरी में चुनाव प्रशिक्षण उपरांत चुनाव सामग्री वितरित वितरण किया। चुनाव अधिकारी कश्यप ने सभी पीठासीन व सहायक निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि राज प्रधान का अकेले चुनाव होना है जिसके लिए प्रत्येक गांव में बूथ बनाया गया है जहां सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। सभी मतदाता को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा एवं मतदाता सूची में जिनका नाम है वही मतदान में हिस्सा ले सकेगा। चंदखुरी राज के राज प्रधान पद पद के लिए दो प्रत्याशी है पहला चिंताराम वर्मा व दूसरा भोला प्रसाद वर्मा चुनाव मैदान में है चंदखुरी राज में कुल मतदाता 115776 मतदाता है जहां 86 गांव में 70 बूथ बनाए गए हैं। मतदान के तत्काल बाद मतदान केंद्र में ही मतपत्र की मतगणना की जावेगी। महासमुंद जिला में महासमुंद नगर में डॉ खूबचंद बघेल, समुदायिक भवन,दलदली रोड, महासमुंद मतदान केंद्र बनाया गया है जिसके पीठासीन अधिकारी संतराम वर्मा व चुनाव अधिकारी ललित वर्मा व भेखदेव वर्मा है। जहां महासमुंद तुमगांव, फिंगेश्वर,सिरपुर क्षेत्र के स्वजातीय मतदान करेंगे।वही बागबाहरा में समुदायिक भवन बागबाहरा कला में मतदान केंद्र बनाया गया है जिसके पीठासीन अधिकारी शांतनु वर्मा व चुनाव अधिकारी नीरज वर्मा व टेकलाल वर्मा है। जहां, बागबाहरा, बागबाहरा कला, खोपली, लोदामुरा क्षेत्र के स्वजातिय मतदान करेंगे। इसी प्रकार पिथौरा में समुदायिक भवन गोलबहाल में मतदान केंद्र बनाया गया है।जिसके पीठासीन अधिकारी प्रदीप वर्मा व चुनाव अधिकारी जीवन वर्मा व प्रकाश वर्मा है। जहां गोलबहाल, पिथौरा, लक्ष्मीपुर, किशनपुर क्षेत्र के स्वजातिय मतदान करेंगे।उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज महासमुन्द के अध्यक्ष उत्तम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने कराया राम रक्षा सूत्र व बीज मंत्र का जाप

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ अपने निवास कार्यालय में यज्ञ हवन किया

### भजन संध्या के साथ लगाया जयकारे, शोभायात्रा का किया भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने रामनवमी के अवसर पर जय स्तंभ चौक भाटापारा स्थित अपने निवास कार्यालय में क्षेत्र के कल्याण के लिए राम रक्षा सूत्र और राम बीज मंत्र का जाप कराया। हवन यज्ञ का आयोजन कर परिवार सहित आम जनों के साथ कांग्रेस कार्यकर्तो के साथ आहूति दी। साथ ही भजन संध्या का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोग झूम उठे। शामिल हुए। साथ ही रामनवमी पर शहर में निकलने वाली शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोमायात्रा में माहेश्वरी के निवास कार्यालय में जनकल्याण, संकट हरण व चहुंमुखी विकास के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर माहेश्वरी ने पत्नी संगीता माहेश्वरी के साथ भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण की आरती की। माहेश्वरी ने कहा कि भगवान राम हम सब के आदर्श हैं। मार्यादा पुरुषोत्तम राम को हर किसी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। राम सबके अस्था का केंद्र हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने माता कौशल्या और भगवान राम का मंदिर बनाकर अपनी आस्था प्रकट की है। हम दूसरों की तरह बातें नहीं करते, जो कहते हैं, वह करते हैं। संगीता सुनील माहेश्वरी ने कहा भगवान राम वनवास के दौरान बहुत लंबा समय दक्षिण कौशल में व्यतित किए हैं। उनका यहां ननीहाल है, इसलिए भी वे सभी के दुलारे हैं और उनपर सब की ज्यादा आस्था है। निवास कार्यालय के सामने मंच लगाकर भजन मंडली ने राम भजन की प्रस्तुति दी। इसी मंच से माहेश्वरी ने रामनवमी शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल जनसमुदाय को फल प्रसाद और ठंडा पेय पदार्थ का वितरण कराया। इस दौरान अमित बंटी शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता , सुशील सबलानी, संतोष सोनी,अशोक तिवारी, दीपक निर्मलकेर, मुकेश साहू, अबिद खान, सुरेश अग्रवाल, गुलशन बिजौरा, गौरी भृगु, लक्ष्मी पांडेय, सुनील गुप्ता, सत्यनारायण जोशी, नरेश चौबे, खिलावन साहू,, हिरमत साहू,अशोक ध्रुव, दीपक वर्मा, गिरीश परप्याणी , अयूब खान, नवीन बक्सी आदि मौजूद थे।

# रामनवमी की शोभायात्रा तक सुनाई दी हिन्दूराष्ट्र बनाने की गूंज

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



गोवर्धन मठ पुरिपीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में संचालित धर्म-संघ, पीठ परिषद, आदित्य वाहनी, आनंदवाहनी के द्वारा भाटापारा में नए वर्ष के अवसर में भारत हिन्दुराष्ट्र घोषित हो और गौ हत्या बंद हो ये संकल्प ले कर शालीनता पूर्वक भजन कीर्तन करते हुवे रामसप्ताह चौक से प्रभातफेरी निकाली गई और उसके बाद शहर के मुख्य स्थान जय स्तम्भ चौक में संगठन के द्वारा लगाए गए सनातन धर्म की मुख्य ध्वज को भी बदला गया। प्रभातफेरी में भाटापारा के सभी समाज के लोगो ने हिस्सा लिया। जैसा की पुरिपीठाधीश्वर शंकराचार्य जी ने साढ़े तीन वर्ष में भारत हिन्दुराष्ट्र घोषित हो जाएगा ये अपने श्रीमुख से घोषणा की थी जिसमे 18 माह निकल चुके है और आज हमें चारों ओर से भारत को हिन्दुराष्ट्र घोषित कराने की आवाज सुनाई दे रही है। पुरिपीठाधीश्वर शंकराचार्य जी ने हम भारत भव्य बनाएंगे, हम हिन्दुराष्ट्र बनाएंगे और हर हिन्दू सेना हो ,हर हिन्दू सनातनी हो ये जयघोष दिया है ।जो कि आज हर हिन्दू के मुख में बस गया है। आदित्यवाहनी बलौदाबाजार-भाटापारा जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि संगठन के द्वारा जल्द ही भारत हिन्दुराष्ट्र घोषित हो इसके लिए जिले में हिन्दुराष्ट्र अभियान यात्रा निकालने की तैयारी भी की जा रही है। जिससे की क्षेत्र के सभी लोग हिन्दुराष्ट्र अभियान से जुड़ सके और जब भारत हिन्दुराष्ट्र घोषित हो जाएगा तो गर्व के साथ ये बोल सके कि हमने भी भारत को हिन्दुराष्ट्र घोषित करने के इस अभियान में अपना योगदान दिया था।

### रामनवमी में किया प्रसादी वितरण

जल्द भारत हिन्दुराष्ट्र घोषित हो इस उद्देश्य के साथ संगठन के द्वारा अनवरत सेवा प्रकल्प के माध्यम से जनजागरूपता अभियान चला रहा है क्योकि जगद्गुरु शंकराचार्य जी हमेसा ये कहते है कि अगर हर व्यक्ति आपस मे सद्भाव पूर्वक संवाद और सामंजस्य साध कर कोई कार्य करे ,सेवा प्रकल्प चलाये तो जल्द ही भव्य भारत का निर्माण निश्चित है।

# संसद में अडानी और मोदी के गठबंधन पर आवाज उठाने राहुल गांधी को संसद सदस्यता का बलिदान देना पड़ा : सतीश अग्रवाल

## मोदी सरकार द्वेष तानाशाही व असहिष्णुता से चला रहा है सरकार

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रेस वार्ता के माध्यम से सतीश अग्रवाल (सदस्य भवन एवं अन्य सन्निमाण कर्मकार मंडल छ. ग. शासन) के द्वारा आयोजित वार्ता मे केन्द्र शासन के मोदी सरकार राज में आम जनता के आवाज उठाने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली पूर्व राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी संसदीय सदस्यता समाप्त करने का हम कांग्रेसी कार्यकर्ता पुरे घटना क्रम का घोर निंदा करते है । निगम सदस्य सतीश अग्रवाल ने आयोजित प्रेस वार्ता मे कहा कि राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री की दुखती रत पर हाथ रख दिया। उन्होंने मोदी के निकट सहयोगी अडानी के घोटालेबाजी और अडानी मोदी के गठबंधन पर आवाज उठाया। उन्होंने दो सवाल पूछे थे।

क्या अडानी की सल कंपनियों में 20,000 करोड़ या 3 बिलियन डॉलर हैं? अडानी इस पैसे को खुद कमा नहीं सकता क्योंकि वो इंफ्रास्ट्रक्चर बिजनेस में हैं। यह पैसा कहां से आया? किसका काला धन है? ये किसकी शेल कंपनियां हैं? ये कंपनियां डिफेंस फील्ड में काम कर रही हैं। यह कोई नहीं जानता यह किसका पैसा है इसमें एक चीनी नागरिक शामिल है। कोई यह सवाल क्यों नहीं पूछ रहा है कि यह चीनी नागरिक कौन है ? प्रधानमंत्री मोदी जी का अडानी से क्या रिश्ता है? उन्होंने अडानी के विमान में आराम करते हुए पीएम मोदी की तस्वीर दिखाई। उन्होंने रक्षा उद्योग के बारे में, हवाई अड्डों के बारे में, श्रीलंका में दिए गए बयानों के बारे में, बांग्लादेश में दिए गए बयानों के बारे में, ऑस्ट्रेलिया में स्टेट बैंक (भारत के ) के चेयरमैन के साथ बैठे नरेंद्र मोदी और अडानी की तस्वीरें, जिन्होंने कथित तौर पर 1 बिलियन का ऋण स्वीकृत किया था, जिनके बारे में दस्तावेज दिए। वह भी सबूत के साथ सवालों का दूसरा सेट था।



मोदी सरकार ने सवाल का जवाब तो नहीं दिया उल्टे राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के भाषण से अडानी घोटाले के महत्वपूर्ण अंश और गांधी के भाषण (लगभग पूरी तरह से) को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया क्यों ?

राहुल ने संसद के बजट सत्र के चल रहे दूसरे भाग में भारत के इतिहास में पहली बार एक पार्टी - भाजपा संसद के मनमानी को बाधित कर रही थी परंतु यह कारवाई अडानी को बचाने के लिए एक ध्यान भटकाने की साजिश है। जबकि संयुक्त विपक्ष इस पर आईपीसी (जयुक्त संसदीय समिति) की नियुक्ति चाहता है। राहुल गांधी पर भाजपा मंत्रियों द्वारा हमला किया गया। लोक सभा अध्यक्ष महोदय का राहुल जी ने दो। लिखित अनुरोध किये कि उनको संसद में जवाब देने दें। इससे साफ पता चलता है कि पीएम मोदी नहीं चाहते कि अडानी के साथ उनके रिस्तों का पर्दाफाश हो ।

### सतीश अग्रवाल ने कहा कि दूसरे-दूसरे घटनाक्रम के अंतर्गत द्वेषपूर्ण कारवाई

13 अप्रैल 2019 कर्नाटक के कोलार में चुनावी भाषण देते है राहुल गांधी। 16 अप्रैल 2019 बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी ने गुजरात के सूरत में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत पर गुजरात उच्च न्यायालय से रोक लगाने की मांग किया 07 मार्च 2022 हाई कोर्ट मे रोक लगा दी। फरवरी 2023 राहुल गांधी ने लोकसभा में अडानी और पीएम मोदी के रिश्तों पर सवाल उठाते हुए भाषण दिया । 16 फरवरी 2023 शिकायतकर्ता ने गुजरात उच्च न्यायालय में रहने के अपने अनुरोध को वापस ले लिया 7 27 फरवरी 2023 निचली अदालत में सुनवाई फिर से शुरू गांधी को दोषी ठहराया और अधिकतम 2 साल की सजा सुनाई। 23 मार्च 2023 24 मार्च 2023 ट्रायल कोर्ट ने राहुल लोकसभा सचिवालय ने 24 घंटे के भीतर राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद कर दी। निगम सदस्य ने आयोजित प्रेस वार्ता मे कहा कि हम न्यायिक प्रक्रिया पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। आगे हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के तीन दिन के अंदर लोकसभा के गृह समिति ने राहुल गांधी का मकान खाली करने के लिये 30 दिन का नोटिस दे दिया। यह सारी कार्यवाही यह बताने के लिये पर्याप्त है कि विश्व के सबसे बडी लोकतांत्रिक देश मे यह द्वेष व तानाशाही और असहिष्णुता से सरकार चल रही है।जो कि लोकतंत्र स्थितरता व मजबूती के लिये बहुत बड़ा खतरा है।

# विद्युत विभाग के विजिलेंस की टीम ने किया छापामार कार्रवाई

**भाटापारा।**छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग के 5 जिलों विजिलेंस टीम विशेष सतर्कता विभाग द्वारा 29 मार्च को विद्युत कनेक्शन के मामले को लेकर सरप्राइज चैकिंग किया गया जिसमे डिविजनल कार्यालय से लिये गये जानकारी के अनुसार सरप्राइज चैकिंग मे 8 लोगों की टीमे थी वही सहायक अभियंता वासुदेव साहू से मिली जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र से 28 कनेक्शनधारियों का शक के आधार पर जाँच किया गया जबकि ग्रामीण सहायक अभियंता यू.एस.बर्मन से लिये जानकारी के अनुसार 4 जगह जाँच के बाद कार्यवाही किया गया व 3लाख 5 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया जो कि प्रमुख रुप से रोहरा धौराभाटा व तरेंगा से जुडा हुआ है।

# जशपुर अंतर्राज्यीय फ्लड लाईट नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ आज से

## विजेता टीम को 1 लाख तथा उपविजेता टीम को 51 हजार रुपए नगद पुरस्कार

- रणजीता स्टेडियम में रात्रीकालीन फुटबॉल की तैयारियां जोरों पर



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर के एतेहासिक रणजीता स्टेडियम में आज रविवार 2 अप्रैल से अंतर्राज्यीय रात्रि कालीन फुटबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ हो रहा है। इस फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता टीम को 1 लाख रुपया नगद और विजेता ट्रॉफी तथा, उप विजेता टीम को 51 हजार रुपए नगद और ट्रॉफी दिया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सचिव सरफराज आलम ने बताया कि इस अनूठे आयोजन के सफल संचालन के लिए एक समिति का गठन किया गया है, समिति के पदाधिकारी आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने जी जान से जुटे हैं। फ्लड लाईट की दूधिया रोशनी में खेले जाने वाले इस रात्री कालीन अंतर्राज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता में आडिशा की सम्बलपुर, राउरकेला की टीमों के साथ, गुमला झारखंड की चार टीमों के साथ छत्तीसगढ़ के बैकुंठपुर, सूरजपुर, लुड़ेग, दुलदुला, कुनकुरी, आस्ता, मनोरा और जशपुर की कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया है। इस टीमों के बीच पहली बार जशपुर के रणजीता स्टेडियम में फ्लड लाईट की रोशनी में होने वाले फुटबॉल के मुकाबले को लेकर शहर के लोगों और खेल प्रेमियों में अच्छा खासा उत्साह देख जा रहा है। प्रतियोगिता का फायनल मैच शनिवार 15 अप्रेल को खेला जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में समिति के अध्यक्ष राजकपूर राम भगत, उपाध्यक्ष श्याम लाल भगत, प्रवीण टोप्पो, मुनेश्वर इंदवार, विनोद तिड़ू, इमरान आलम देवधन नायक, संरक्षक समीर एक्का, राजकुमार मामा, कोषाध्यक्ष नैनसुख, विरेन्द्र प्रधान, दिनेश लकड़ा। सचिव सरफराज आलम, प्रदीप चौरसिया और अतुल मुंदड़ा के नेतृत्व में समिति के सदस्य जी जान से लगे हैं।

### स्व. शिवचनिया जायसवाल की स्मृति में

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन और श्री बालाजी हॉस्पिटल का सलका में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




स्व. श्रीमती शिवचनिया जायसवाल की स्मृति में श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन और श्री बालाजी हॉस्पिटल ने ग्राम सलका (अधिना) के शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला सलका वि.खं. भैयाथान जिला-सूरजपूर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 2 अप्रैल दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, शिविर के आयोजक वरिष्ट भाजपा नेता बनारसी लाल जायसवाल ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ का लाभ लेने के लिए इस शिविर में श्री बालाजी हॉस्पिटल के नामी डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराई जायेगी। शिविर में डॉ. दीपक जैसवाल (मेडिसिन), डॉ. हितेन्द्र उइके (न्यूरो), डॉ. रमीज पठान (आर्थोपेडीक), गैस्ट्रोरोलॉजी डॉ. राम पुकार, पीडियाट्रिक्स डॉ. रश्मि किस्पोटटा, स्त्री एवं प्रसूति रोग डॉ. निशा अग्रवाल, नेत्ररोग डॉ. वेद प्रकाश, छाती रोग डॉ. संदीप सुरीन सहित काफी संख्या में अन्य स्टाफ मौजूद रहेंगे।

## 15 अप्रैल तक ''फाइट द बाइट'' कॉलोनी एसोसिएशन कॉम्पिटिशन का आयोजन

**दुर्ग।** जिला प्रशासन दुर्ग एवं नगर पालिका निगम भिलाई के सहयोग से फाइट द बाइट अभियान के तहत 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक कॉलोनी एसोसिएशन कॉम्पिटिशन 2023 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी कॉलोनीस अपने स्तर पर मच्छर उन्मूलन पर काम करेंगी। कलेक्ट्रेट सभागार में कॉलोनी एसोसिएशन के सदस्यों की मीटिंग ली गई। जिसमें उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की चर्चा की गई। अभियान के तहत मच्छर प्रजनन स्त्रोत सर्वेक्षण, कचरे का पृथक्करण और प्रबंधन तथा समग्र स्वच्छता का आकलन सहित 3 मापदण्ड तय किए गए। इन मापदण्डों के अनुसार कार्य करने वाली सबसे स्वच्छ कॉलोनी को ''फाइट द बाइट'' मुहिम के अंतर्गत 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

# महापौर ने लाभ का बजट किया पेश, 760 करोड़ बजट प्रावधान सदन में पारित, शहर में होंगे विभिन्न कार्य

- छत्तीसगढ़ का पहला निगम भिलाई जो आईआईटी के साथ करेगा लिडार सर्वे को लेकर अनुबंध, आधुनिक दृष्टिकोण से विकास को मिलेगी नई उड़ान



पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने आज साधारण सम्मेलन में बजट पेश किया। 76035.39 लाख का बजट प्रावधान विभिन्न कार्यों के लिए रखा गया है। साधारण सम्मिलन में सभापति गिरवर बंटी साहू, निगम आयुक्त रोहित व्यास एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष तथा पार्षद व अधिकारी आदि मौजूद रहे। महापौर ने अपने अभिभाषण में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की सोच के अनुरूप हम सब भिलाई को विकास की नयी दिशा देने की ओर निरंतर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ का पहला निगम भिलाई जो आईआईटी के साथ लिडार सर्वे को लेकर करेगा अनुबंध नगर पालिक निगम भिलाई एक ऐसा पहला नगर निगम होगा जो आईआईटी के साथ मिलकर लिडार सर्वे के लिए अनुबंध करेगा। आधुनिक दृष्टिकोण से तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लिडार सर्वे के माध्यम से भिलाई विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

### युवाओं के लिए अच्छी पहल

ऑडिटोरियम-दुर्ग जिले में सर्वसुविधा युक्त प्रथम 1000 सिटिंग कैपेसिटि का ऑडिटोरियम कम सेंट्रललाईब्रेरी का निर्माण कार्य हेतु राशि बीस करोड़ प्रस्तावित है।जिसका उपयोग युवाओं द्वारा नाट्य कला, नृत्य एवं संगीत, शिक्षा, साहित्य इत्यादि कार्य मों में किया जायेगा। बिजनेस प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग सेंटर निगम के वैशालीनगर एवं भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में एक एक हजार क्षमता के बिजनेस प्रोसेसिंग आउट सोर्सिंग सेंटर स्थापित किये जा रहे है।

# छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 एक अप्रेल से शुरू, गंभीरता से कार्य के निर्देश

## जिले के सभी विकासखंडों के सभी घरों तक पहुंचेगी टीम

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 के पहले दिन 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के दिशानिर्देश में जिले के सभी विकास खंड के गांव गांव जाकर सर्वेक्षण टीम जाकर सर्वे कार्य कर रही है। इसके साथ ही पूरे जिले में सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर ने प्रगणक दलों को पूरी गंभीरता से त्रुटि रहित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए वार्ड पंचों की जिम्मेदारी, मकानों का नंबरिंग, सर्वे की प्रक्रिया, मोबाइल एप, पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री एवं मैनुअल एंट्री के बारे में आवश्यक निर्देश दिए। सर्वेक्षण टीम ने जशपुर विकासखंड के गम्हरिया, घोलेंगे बगीचा विकासखंड के बूढाडांड मनोरा विकासखंड के करादरी फरसाबहार विकासखंड के सहसपुर कांसाबेल विकासखंड के नरियरडांड एवं अन्य जगहों में सर्वे कार्य गंभीरता से किया जा रहा है। सभी विकासखंड के एसडीएम टीम को निरंतर मार्गदर्शन भी दे रहे हैं।

# पत्थलगांव से डुमरबहार सड़क का तेज गति से हो रहा निर्माण



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को पत्थलगांव सड़क निर्माण कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में पत्थलगांव से डूमरबहार एन एच 43 सड़क निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण किया जा रहा है।

# जिन देशों ने लोकतंत्र को अपनाया, वहां जनता को उचित व्यवस्था और संतोष मिला

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



खालसा स्कूल में संभाग स्तरीय युवा संसद का आयोजन हुआ। इसमें संसदीय मूल्यों पर युवाओं ने अपनी बात रखी। इसमें दुर्ग जिला विजेता रहा और राजनांदगांव जिला रनर अप रहा। संभागायुक्त महादेव कांवड़े ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि युवाओं की संसदीय मूल्यों पर चर्चा सुनी। युवा पीढ़ी इतनी निष्ठा से संसदीय मूल्यों पर भरोसा करती है और इस पर अमल करती है। यह जानकर अच्छा लगा। एक जागरूक समाज और प्रखर लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है कि हम लगातार संसदीय प्रणाली के बारे में जागरूक रहें। संभागायुक्त ने कहा कि युवाओं को भारत के स्वाधीनता संग्राम का अध्ययन करना चाहिए, साथ ही यह भी जानना चाहिए कि किस प्रकार भारत में और दुनिया भर में लोकतंत्र का विकास हुआ। इस संबंध में दुर्ग जिले के प्रतिभागियों ने विचार रखते हुए कहा कि हमारी भारतीय परंपरा में हमेशा से सामूहिक सहमति की परंपरा रही है और सभी पक्षों की बात सुनी जाती है। इसके बाद लोकतांत्रिक परंपरा के अनुरूप निर्णय लिया जाता है। ऋग्वैदिक परंपरा में सभा, समिति आदि होती थी जो वृद्ध और अनुभवी लोगों की संस्था थी। इसमें सभी अपना विचार रखते थे। बुद्ध परंपरा में तो चर्चा होती थी, बहस होती थी और इसके बाद निर्णय लिये जाते थे। चोल काल में स्थानीय स्वशासन की परंपरा थी। भारत में हमेशा से तार्किक परंपरा का महत्व रहा है और हमेशा से सामूहिक चर्चा के बाद निर्णय लिये जाते थे। शास्त्रार्थ का चलन है। राजनांदगांव जिले के प्रतिभागियों ने कहा कि भारत में संसदीय बहस हमेशा रोचक होते हैं और सभी प्रतिभागी पूरी तैयारी के साथ आते हैं। पार्लियामेंट्री सिस्टम देश में लोकतंत्र को मजबूत करता है। अन्य जिलों से आये प्रतिभागियों ने कहा कि संसदीय प्रणाली इसलिए सबसे अच्छी है।

# सुपोषण नोडल अधिकारी चिन्हांकित गांव पहुंचकर पालकों को कर रहे हैं जागरूक

## कुपोषित बच्चों को अंडा दूध, केला साग सब्जी खिचड़ी, हलवा और की दे रहें जानकारी



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले में कुपोषण के स्तर में कमी लाने, 0-5 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों को कुपोषण से मुक्त कराने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और एनीमिया मुक्त अभियान को सफल बनाने सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। जिला स्तरीय 50 अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अधिकारियों द्वारा अपने चिन्हांकित गांव गांव में जाकर सरपंच पंच जन प्रतिनिधियों, पर्यवेक्षक, एनएम, मितानिन की उपस्थिति में सुपोषण चौपाल लगाकर बच्चों के पालकों को जागरूक किया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा है कि कुपोषित बच्चों को पतला आहार न दे उन्हें भोजन में गाढ़ा और मुलायम भोजन देने के लिए कहा है। भोजन में आयोडीन नमक का ही उपयोग करने के लिए कहा है। प्रतिदिन कम से कम एक पका हुआ मौसमी फल थोड़ा थोड़ा खिलाने के कहा गया अधिकारियों ने पालकों को समझाइश देते हुए बताया कि बच्चों को खाना खिलाने से पहले हाथ और बर्तन को अच्छी से तरह से साफ करना चाहिए। बच्चों को हमेशा ताजा नाश्ता और भोजन दें। रेडी टू ईट, खिचड़ी और हलवा भी सप्ताह में देने के लिए कहा। अंडा दूध नियमित बच्चों को देना चाहिए। सब्जी में हरी साग सब्जी का ज्यादा उपयोग करने के लिए कहा है। अधिकारियों ने पालकों को बताया कि कुपोषित बच्चों को एनआर सी सेंटर में अनिवार्य रूप से भर्ती करें।

# कचरा मुक्त शहर के लिए महिलाओं की कार्यशाला हाथों में मोबाइल टार्च ले कर दिया स्वच्छता का संदेश




पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

शहर को सुंदर और कचरा मुक्त करने महिलाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर विशेष कार्यशाला निगम सभागार में रखा गया था। जिसमें स्व सहायता समूह की 50 से भी अधिक महिलाएं शामिल हुईं। बाद में महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में मोबाइल टॉर्च रैली निकालकर शहर भ्रमण की। रैली दिन ढलने के बाद निकाली गई। महिलाएं शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दे रही थी। हाथों में मोबाइल टॉर्च की दुधिया रोशनी की तरह स्वच्छ रखने का संदेश दी। रैली में महिला एवं बाल विकास प्रभारी ईश्वरी साहू विशेष रूप से शामिल हुई। इसके पहले महिलाओं को जिला समन्वयक आकाश मिश्रा, विजय कश्यप व सिटी मिशन प्रबंधक आईरा आनंद ने घरों से निकलने वाले गिला और सूखा कचरा को किस तरह से व्यवस्थित तरीके से रखें इसके बारे में जानकारी दी गई।

### जागरूक बने रैकिंग के लिए दे ध्यान

कार्यशाला में शहर में प्लास्टिक प्रतिबंध होने की जानकारी दी गई। स्व सहायता समूह की महिलाओं को बताया गया कि वे जागरूक हो। शहर स्वच्छता के लिहाज से किस पायदान पर है उसकी जानकारी ले। महिलाओं को जानकारी होने से न केवल वह अच्छे से प्रचार कर सकती है, बल्कि आसपास के क्षेत्र की सुंदरता बढ़ा सकती है।

### जीरो वेस्ट इवेंट की दी जानकारी

महिलाओं को कार्यशाला में जीरो वेस्ट इवेंट के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि घरों में उत्सव का कार्य म होने पर किसी तरह के डिस्पोजल सामानों का उपयोग ना करें। स्वल्पाहार भी स्टील बर्तनों में दें।

## सार्वजनिक सुरक्षा पर 1040.80 लाख रुपये व्यय का प्राविधान

# महापौर कोसरे ने अपने कार्यकाल का दूसरा 41.83 लाख लाभ का बजट किया पेश

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे ने अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश किया। बजट प्रस्तुत करते हुए महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 256 करोड़ 88 लाख 82 हजार रूपये व्यय का प्राविधान था। इसके विरूद्ध राशि 126 करोड़ 93 लाख 19 हजार रूपये व्यय हुआ है। आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राशि 291करोड़ 35 लाख 91 हजार व्यय प्राविधान है।

**बजट की खास बातें**-सार्वजनिक सुरक्षा पर 1040.80 लाख रुपये व्यय का प्राविधान है। इसमें प्रकाश व्यवस्था पर 300 लाख, जलगृह, मार्ग प्रकाश एवं अन्य विद्युत देयकों के भुगतान के लिए 400 लाख, विभिन्न वार्डों के अतिरिक्त मार्ग प्रकाश व्यवस्था 30 लाख एवं सोलर लाइट से प्रकाश व्यवस्था पर 300 लाख व्यय प्राविधानित है। पेयजल व्यवस्था पर 125 लाख, नलकूप खनन 25 लाख, जल आर्वधन योजना के तहत पावर पंप क्रय करने राशि 125 लाख, जल आवर्धन योजना के लिए राशि 1000 लाख एवं जलाशयों के निर्माण संधारण एवं महिला घाट निर्माण पर 230 लाख रूपये व्यय प्राविधान किया गया। पाइपलाइन विस्तारिकरण व नवीनीकरण 55 लाख रूपये एवं भागीरथी नल-जल योजना 50 लाख रूपये व्यय प्राविधानित है। सफाई ठेका पर 250 लाख, सीवरलाइन निर्माण एवं मरम्मत के 200 लाख, निगम क्षेत्र में स्मार्ट टायलेट व सुलभ शौचालय निर्माण के लिए 175 लाख रूपये व्यय का प्राविधान किया गया है। सफाई वाहन एवं डस्टबीन ऋय करने 200 लाख, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 50 लाख, स्मार्ट हेल्थ किओस्क 50.00 लाख का प्राविधान किया गया है। -सुंदरीकरण पर जोर देते हुए बजट में उद्यान विकास, शहर सुंदरीकरण, पार्कों में सुविधा विस्तारीकरण के लिए राशि 150 लाख, वर्टिकल गार्डन निर्माण के लिए 15 लाख व्यय प्राविधान किया गया है। प्रेस क्लब के लिए सुविधायुक्त भवन के लिए भी राशि आरक्षित की गई है। श्रद्धांजली योजना के लिए राशि 3.50 लाख व्यय प्राविधान है।मिनी स्टेडियम का होगा कायाकल्प मिनी स्टेडियम भिलाई-3 के लिए राशि 19 करोड़ 50 लाख रुपये व्यय का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा चरोदा खेल मैदान के लिए 50 लाख रूपये व्यय प्राविधानित है। सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए विभिन्न वार्डों में शेड निर्माण कार्य 1 करोड़ 60 लाख, सभी वार्ड में मुक्तिधाम में बाउंड्रीवाल 50 लाख, प्राकृतिक नालों में स्टाप डेम निर्माण, तालाबों में नालों के माध्यम से आकर मिलने वाले गंदे पानी को शुद्ध करने एसटीपी निर्माण होगा। ट्रांसपोर्ट नगर के विकास के लिए 40 करोड़ वार्डों में डामरीकरण 9 करोड़ 50 लाख व्यय, सीसी रोड व नाली निर्माण 32 करोड़ 20 लाख, ट्रांसपोर्ट नगर के विकास 40 करोड़ रूपये का प्राविधान है। सिरसा चौक माडल रोड एवं त्रिसंगम चौक सुंदरीकरण 4 करोड़ व्यय, तालाबों के विकास पर 7 करोड़ 50 लाख रूपये, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल निर्माण कार्य 1 करोड़ 50 लाख, भिलाई-3 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आडिटोरियम निर्माण 1 करोड़ 50 लाख प्रावधान किया गया है।

# निगम के सभागार में बेरोजगारी भत्ता को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में बेरोजगारी भत्ता को लेकर स्कूल के शिक्षकों तथा निगम के कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रशिक्षित किया गया। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर प्रशिक्षण का आयोजन आज सभागार में हुआ। इसकी बैठक में रोजगार कार्यालय के अधिकारी तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मौजूद थे। नोडल अधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता को लेकर क्लस्टर तैयार किया गया है। बेरोजगारी भत्ता के अप्लाई करने के लिए सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन होगी। इसके लिए वेब पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए जीवित रोजगार पंजीयन कार्ड, 10वीं एवं 12वीं की मार्कशीट, आय प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र तथा नवीनतम कलर फोटो, आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह 2500 रुपए डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। पात्रता की अगर बात करें तो छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना जरूरी है, 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण हो, 1 अप्रैल को 12वीं या उससे उच्च योग्यता में 2 वर्ष पुराना जीवित रोजगार का पंजीयन, स्वयं के आय का कोई स्रोत नहीं तथा परिवार की वार्षिक आय 250000 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## घृणापूर्ण भाषण नियंत्रण जरूरी

**घृणापूर्ण** भाषणों पर लगाम लगाने के लिए व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, लेकिन इसका अनौपचारिक रहना अच्छा होगा। सर्वोच्च न्यायालय और सरकार ने बुधवार को घृणापूर्ण भाषण के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बातें कहीं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस के.एम. जोसेफ व जस्टिस बी.वी. नागरत्ना की पीठ ने कहा, 'घृणापूर्ण भाषण एक दुष्चक्र की तरह हैं। एक आदमी बोलता है, फिर दूसरा आदमी भी ऐसा ही बोलेगा। जब हमारे संविधान का निर्माण हुआ था तब कोई घृणापूर्ण भाषण नहीं था। अब भ्रातत्व की भावना में दरारें दिख रही हैं। इस पर थोड़ा नियंत्रण होना चाहिए। राज्य को एक प्रकार की व्यवस्था विकसित करनी चाहिए ताकि हम इस प्रकार के बयानों पर नियंत्रण कर सकें।' नियंत्रण पर सर्वोच्च न्यायालय का जोर देना स्वागत योग्य है, लेकिन इसके लिए उपयुक्त परिस्थितियां तैयार नहीं हैं। इसका सबसे बड़ा कारण ऐसी राजनीति है जिसका व्यवहार कमोबेश सभी पार्टियां करती हैं। इससे असली राजनीति का स्तर गिरा है जहां सिद्धान्त व विचार बहुत थोड़ी भूमिका निभाते हैं और मुख्य जोर चुनाव जीतने पर रहता है, भले ही इसके लिए चाहे जो कीमत अदा करनी पड़े। इसी कारण विचारहीन लोकरंजकता का प्रसार हो रहा है तथा 'खैरातों' का प्रस्ताव करने में अनेक नेता एक दूसरे से प्रतियोगिता कर रहे हैं। इस कारण राजकोषीय व्यावहारिकता तथा सतर्कता को हवा में उड़ा दिया जाता है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'खैरात संस्कृति' के खतरों से सावधान किया है, लेकिन इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि पार्टियां जिम्मेदार व्यवहार करने को तैयार हैं। इसके साथ ही स्त्रोताओं को आकर्षित करने के लिए अनेक नेता किसी भी स्तर तक गिरने को तैयार हैं। विडंबना है कि अनेक नेता जनता की सेवा करने के बजाय निंदनीय टिप्पणियों के कारण लोकप्रिय हुए हैं। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि राजनीतिक बहस विरले ही सार्थक तर्कों व प्रेरणादायक भाषणों से संचालित होती है। इनके स्थान पर चीख-चीख कर नारे लगाना तथा भावनाओं को भड़काना आम हो गया है।

घृणापूर्ण भाषणों के संबंध में सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे भाषण हिंदुओं के खिलाफ भी दिए जाते हैं। हालांकि, इससे हिंदुओं को मुसलमानों या ईसाइयों के खिलाफ घृणापूर्ण भाषण देने का अधिकार नहीं मिल जाता है, जबकि वे तुलनात्मक रूप से शांत व सहिष्णु रहे हैं। तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि तमिलनाडु में 'द्रमुक के एक प्रवक्ता' ने कहा था, 'जो कुछ पेरियार ने कहा था, वह किया जाना चाहिए। यदि आप समता चाहते हैं तो सभी ब्राह्मणों को मार देना चाहिए।' इस पृष्ठभूमि में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कोई व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, पर अच्छा होगा कि यह व्यवस्था औपचारिक के बजाय अनौपचारिक हो। भारत में पहले से हजारों कानून हैं, ऐसे में राजनीतिक पार्टियों के लिए एक 'आचार संहिता' विकसित करने की जरूरत है जिसे भारतीय राज्य के बजाय वे एकसाथ मिल कर तैयार करें। यह 'आदर्श आचार संहिता' जैसी हो सकती है जो चुनावों के दौरान पार्टियों व उम्मीदवारों के व्यवहार पर नियंत्रण रखती है। भले ही यह कानूनी रूप से लागू करने योग्य न हो, पर इसका व्यापक रूप से पालन होता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कानूनों, नियमों या आदेशों से व्यवहार के तरीके बदलना कठिन है। जब लोग स्वयं अनुभव करते हैं कि कुछ गलत हो रहा है तभी वे ऐसे व्यवहार से बचते हैं। आखिरकार सभी राजनेता आदर्श आचार संहिता का पालन करते हैं। इसलिए सबसे अच्छा रास्ता यही है कि राजनेताओं और पार्टियों के बीच एक सहमति बनाई जाए कि वे राजनीतिक विमर्श में सभ्यता व सौम्यता का परिचय दें। घृणापूर्ण भाषणों पर नियंत्रण का यह सबसे अच्छा रास्ता हो सकता है।

# प्रभाव बढ़ाने का प्रयास करता चीन

### वैश्विक रूप से चीन अमेरिका के मुकाबले अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए वह राजनयिक रूप से कुछ सरकारों का समर्थन करता है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



**चीन** वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मुकाबले अपना प्रभाव बढ़ाने व अपने प्रति समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए वह आर्थिक व राजनयिक रूप से कुछ सरकारों का समर्थन करता है। चीन के व्यापारिक संबंध भी इसी दिशा में अग्रसर हैं। वर्ष 2000 में दक्षिण अमेरिका के निर्यातों में चीन का हिस्सा 2 प्रतिशत से कम था, पर आज वह 30 प्रतिशत से अधिक हो गया है। वह वर्ष 2010 में 180 बिलियन डालर से बढ़ कर 2021 में 450 बिलियन डालर हो गया तथा उसके 2035 तक 700 बिलियन डालर से अधिक होने की संभावना है।

बीजिंग अब दक्षिण अमेरिका का सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी है और चिली जैसे देशों का लगभग 40 प्रतिशत निर्यात चीन को होने लगा है। व्यापार में यह वृद्धि कोई संयोग न होकर चीन की सुसंगत रणनीति का हिस्सा है। चीन ने इस दिशा में अथक प्रयास किए हैं और वह जानबूझ कर 'बिना शर्त वाली' नीति पर चल रहा है। इसका अर्थ है कि वह व्यापार संबंध वाले देशों में सुधारों पर जोर देने जैसी कोई शर्त नहीं लगाता है। चीन की इस नीति के कारण अनेक गैर-उदार व अ-लोकतांत्रिक देशों की सरकारें उसकी ओर आकर्षित हुई हैं। उदाहरण के लिए, ऐसे देशों में वेनेजुएला शामिल है जिसे वैश्विक स्तर पर राजनयिक तरीकों से 'अश्पृश्य' जैसा बना दिया गया था। चीन ने उसे 64 बिलियन डालर से अधिक का कर्ज दिया है, हालांकि इससे उस देश के 'कर्ज के जाल' में फंसने का खतरा भी पैदा हो गया था। चीन ने लंबे समय से 'दक्षिण-दक्षिण सहयोग' की नीति चलाई है और अब उसे अपनी सभी नीतियों में आत्मसात कर लिया है। उसकी 'बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव'-बीआरआई जैसी नीति इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही है। हाल में 'कोविड-19 राजनय' के चलते भी उसने अपने लेनदेन के प्रति समर्थन प्राप्त करने तथा निवेश करने के अवसर खोजे हैं। हालांकि, चीन के मुकाबले कच्चे माल की सप्लाई तथा वैकल्पिक सत्ता केन्द्रों पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद चीन ने विश्व स्तर पर अपनी राजनयिक शक्ति व रणनीतियों का परिचय देते हुए कुछ क्षेत्रों से अमेरिका का नियंत्रण हटाने के प्रयास किए हैं। चीन की रणनीति इसी दृष्टिकोण से उसकी अर्थनीति को संचालित कर रही है। उसने आर्थिक रूप से संघर्ष कर रहे दक्षिण अमेरिकी देशों के लिए अपना खजाना खोल दिया है। इस प्रकार उसने अनेक दक्षिण अमेरिकी देशों को ताइवान पर अपने भ्रम दूर करने के लिए भी प्रेरित किया है। चीन 'एक चीन' नीति पर चल रहा है जिसका अर्थ है कि ताइवान चीनी मुख्यभूमि का आवश्यक अंग है और एक दिन दोनों का एकीकरण सुनिश्चित है।

इसी रणनीति के चलते दक्षिण अमेरिका समेत दुनिया के अनेक भूभागों के अधिकांश देश ताइवान-चीन गणराज्य को मान्यता नहीं देते हैं। पहले बड़ी संख्या में दक्षिण अमेरिकी देश खासकर ताइवान को मान्यता देते थे क्योंकि चीन से उनके संबंध बहुत कम थे या बिल्कुल नहीं थे। ऐतिहासिक रूप से यह स्थिति बनी हुई थी। लेकिन आज यह स्थिति तेजी से बदल रही है। चीन की विशाल आर्थिक शक्ति तथा लेनदेन की चतुराई व व्यापार संबंधों का राजनयिक लाभ उठाने की इच्छा के कारण आज एक के बाद दूसरे दक्षिण अमेरिकी देश ताइवान के बजाय चीन के पक्ष में झुकते जा रहे हैं। भले ही यह विरोधाभास लगे, लेकिन मजेदार ढंग से अमेरिका और भारत भी चाहे-अनचाहे 'एक चीन' नीति को स्वीकार करते हैं। हालांकि, इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि चीन तथा उसके विरोधियों व प्रतिद्वंद्वियों के बीच ताइवान व अन्य मुद्दों को लेकर बयानबाजी व राजनयिक दांवपेंच चलते रहते हैं।

चीन अपनी विशाल आर्थिक शक्ति व राजनयिक दांवपेंच से छोटे-छोटे व आर्थिक संघर्ष कर रहे देशों का समर्थन 'खरीद' रहा है। होंडरास इस चीनी 'खरीद' का नवीनतम उदाहरण या शिकार बना है। पहले होंडरास की राष्ट्रपति शियोमारा कास्त्रो ने इन अफवाहों से इनकार किया था कि वे ताइवान के मामले पर अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन करने वाली हैं, लेकिन इसके कुछ ही सप्ताह के भीतर वे चीन के पाले में खड़ी दिखाई पड़ीं। शियोमारा ने अपने पालाबदल को उचित ठहराते हुए कहा, 'यह सरकार की योजना के प्रति मेरी प्रतिबद्धता तथा सीमाएं बढ़ाने का प्रयास है।' लेकिन सुश्री कास्त्रो की सहयोगी तथा होंडुरास के विदेश मंत्री एडुआर्डो रीना ने साफ-साफ बात करते हुए कहा कि होंडुरास का ताइवान के बजाय चीन के पाले में चले जाना 'किसी विचारधारा के कारण नहीं, बल्कि व्यावहारिकता' है। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि होंडुरास को तत्काल पैसे की बहुत आवश्यकता थी क्योंकि इसके बना 'देश डूब रहा था।' होंडुरास के इस पालाबदल के बाद अब चीन के मुकाबले ताइवान को मान्यता देने वाले देशों की संख्या और घट गई है।

हालांकि, अब भी संयुक्त राष्ट्रसंघ के 193 सदस्य देशों में से 13 ताइवान या चीन गणराज्य को मान्यता देते हैं। इन देशों में मार्शल आइलैंड, नारू, पलाऊ, तुवालू, बेलीज़, ग्वाटेमाला, हैती, पैराग्वे, फेडरेशन आफ सेंट क्रिस्टोफर एंड नेविस, सेंट लूसिया, इस्वाटिनी, द होली सी, सेंट विन्सेंट तथा ग्रेनेडा शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि चीनी बाजार और उसके खजाने तक पहुंच सभी नैतिक व राजनयिक दृष्टिकोणों पर भारी पड़ती है। विडंबना है कि अपने सर्वाधिक प्रमुख सहयोगियों द्वारा भी ताइवान को औपचारिक मान्यता नहीं दी गई है। इनमें संयुक्त राज्य अमेरिका-यूएसए भी शामिल है जो निष्पक्ष रूप से ताइवान के साथ अपनी एकजुटता प्रकट करने का कोई मौका नहीं छोड़ता है। जिमी कार्टर ने बीजिंग को मान्यता देने के लिए ताइवान से राजनयिक संबंध तोड़े थे।

इस प्रकार अमेरिका व ताइवान के बीच जटिल व मूर्खतापूर्ण संबंधों की शुरुआत हुई थी और अमेरिका आज भी इसी रास्ते पर चल रहा है। अमेरिका आज ऐसे देश ताइवान को हथियार सप्लाई करता है जिसे वह पूर्ण रूप से मान्यता भी नहीं देता है।

चीन के अनाधिकारिक मुखपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने हाल ही में लिखा, 'अमेरिका के पास इतने आर्थिक संसाधन नहीं हैं कि वह होंडुरास की सहायता करे अथवा होंडुरास की सोच बदलने के लिए प्रभावी वादे कर सके। होंडुरास के मामले से स्पष्ट है कि जब तक देश अपनी दृढ़ता प्रदर्शित करते हैं, अमेरिकी बाधायें और हस्तक्षेप कारगर सिद्ध नहीं होते हैं। इसका असर ताइवान के बचे हुए सहयोगियों, जैसे ग्वाटेमाला, बेलीज़ व पैराग्वे पर भी पड़ेगा।' चीन को यह कहने में कोई शर्म नहीं है कि वह दक्षिण अमेरिका के बचे-खुचे किलों को 'खरीद रहा' है। इसका कारण यह है कि अमेरिका ऐसे जवाबी-प्रस्ताव देने में अक्षम है जो बीजिंग के प्रस्तावों के मुकाबले ज्यादा आकर्षक हों। एक प्रकार से चीन सरकार के इरादों को स्पष्ट करता हुआ ग्लोबल टाइम्स कहता है कि 'ताइवान की स्वतंत्रता का सपना दम तोड़ रहा है।'

ताइवान या कैपिटाल हिल में उसके सहयोगी चीनी प्रस्तावों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं और दौड़ से बाहर होते जा रहे हैं। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि चीनी व्यापार समझौतों को स्वीकार करने के पीछे कोई शर्त नहीं है। चीनी 'कर्ज का जाल' वास्तविक है तथा अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए किए जाने वाले अल्पकालीन 'बेल आउट' ज्यादा प्रभावी नहीं रहे हैं। माइक्रोनेशिया के निवर्तमान राष्ट्रपति डेविड पेनुएलो ने बीजिंग पर आरोप लगाया था कि वह चीन के बजाय ताइवान का समर्थन करने की उनकी रणनीति में हस्तक्षेप कर 'राजनीतिक युद्ध' कर रहा है। चीन ताइवान के मुद्दे पर अत्यधिक संवेदनशील है और इस मुद्दे पर किसी प्रयास को वह अपने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप मानता है। अफगानिस्तान व यूक्रेन युद्ध की हालिया घटनाओं ने सिद्ध किया है कि तथाकथित 'महाशक्तियां' अपनी लक्षित भूमि पर अनन्त काल तक कब्जा व नियंत्रण बनाए रखने में सफल नहीं हैं। इसलिए 'खरीदने' के माध्यम से नियंत्रण व सहमति प्राप्त करना तुलनात्मक रूप से आसान और ज्यादा टिकाऊ है।

होंडुरास ने 82 साल तक ताइपेई सरकार को मान्यता दी है। लेकिन हाइड्रोएलेक्ट्रिक बांध व अरबों डालर की 'सहायता' का लालच उसके लिए बहुत अधिक था। बहुत से लोगों का मानना है कि होंडुरास पर चीन की रणनीति 'वाशिंगटन की आक्रामक राजनय' का मुकाबला नहीं है क्योंकि यह पैटर्न पहले से चल रहा था और शुरुआत में यह लाभदायक दिखता है। होंडुरास में पालाबदल की रणनीति तथा राजनेताओं द्वारा इसे स्वीकारने से स्पष्ट है कि 'दुनिया में एक ही चीन है'। सिद्धान्त पर आधारित राजनय के दिन अब बीत गए हैं। वाणिज्य व दबाव ही नई विश्व व्यवस्था को परिभाषित कर रहे हैं। इस प्रकार चीन नए युग की राजनीति का केन्द्र है।

# 'पूर्व की ओर देखो' नीति पर जापान का जोर

> "पूर्वोत्तर राज्यों के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशिया के साथ मजबूत संबंधों के लिए नीति को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक विदेशी मामलो पर टिप्पणीकार हैं)



**भा**रत की 'पूर्व की ओर देखो' नीति की दृष्टि और भारत के भू-आबद्ध पूर्वोत्तर में मुक्त और खुले इंडो पैसिफिक बैठक के संबंध में जापान की दृष्टि। भारत ने लंबे समय से अपनी 'लुक ईस्ट' नीति का समर्थन किया है। इसका उद्देश्य दक्षिण पूर्व एशिया और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ पूर्वोत्तर (बहुत अधिक टैप किए जाने वाले) राज्यों के साथ एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में गहरे संबंध विकसित करना है। इस बीच, एक दशक से अधिक समय से, जापान मुक्त, खुली और निष्पक्ष इंडो पैसिफिक नीति पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें पूरे क्षेत्र में लोगों की मुक्त आवाजाही, भूमि, समुद्र और हवाई मार्गों पर व्यापार पर जोर दिया गया है। भारत के पूर्वोत्तर राज्य एक महत्वपूर्ण पहुंच नोड बनाते हैं।

पिछले हफ्ते जापानी प्रधान मंत्री किशिदा ने अपनी भारत यात्रा के दौरान, एक अधिक व्यस्त इंडो पैसिफिक नीति को आगे बढ़ाने की इच्छा पर जोर दिया। यह पिछले दो वर्षों से अमेरिका और यूरोप के लिए सबसे रणनीतिक विदेश नीति घटक बन गया है। यह भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान को उनके क्वाड समूह में एक साथ रखने वाला कारक भी है।



जापान निर्बाध व्यापार और परिवहन मार्ग बनाने के लिए भारत के पूर्वोत्तर में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को बढ़ावा दे रहा है। यह असम और मेघालय में पूर्वोत्तर सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजनाओं, असम में सीवेज और जल आपूर्ति परियोजनाओं, मणिपुर में स्कूलों के विकास, त्रिपुरा और नागालैंड में वन प्रबंधन से संबंधित परियोजनाओं और मिजोरम में स्थायी कृषि परियोजनाओं के विकास में सहायता कर रहा है। पूर्वोत्तर में जापान का निवेश अब तक 2 अरब डॉलर है। इसके अलावा, जापानी सरकार ने बांग्लादेश में मातरबारी गहरे पानी के बंदरगाह जैसी प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को चुना है। इसे असम, मिजोरम और त्रिपुरा में संपर्क सड़कों के निर्माण से पूरा किया जाएगा। एक बार पूरा हो जाने पर, ये बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूर्वोत्तर से बंगाल की खाड़ी के समुद्री बंदरगाहों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेंगी। इसके अलावा, वे दक्षिणपूर्व एशिया और उससे आगे के सामानों के लिए एक प्रमुख व्यापार पारगमन मार्ग के रूप में काम करेंगे। यह न केवल भारत की भौगोलिक सीमाओं के भीतर, बल्कि पूरे क्षेत्र में अधिक समृद्धि लाने का वादा करता है। यह कानून के आधार पर व्यापक आर्थिक और क्षेत्रीय विकास के जापानी दृष्टिकोण में अच्छी तरह से फिट बैठता है। यह उल्लेखनीय है कि अन्य एशियाई दिग्गज चीन ने अपनी अपारदर्शी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के माध्यम से इस क्षेत्र में अपने प्रभाव क्षेत्र का तेजी से विस्तार किया है। इसने इनमें से कई देशों को बहुवर्षीय घातक ऋण जाल में बांध दिया है। भारत और जापान प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं हैं जो चीन के ऋण जाल बुनियादी ढांचा वित्तपोषण परियोजनाओं का हिस्सा नहीं हैं। इंडो पैसिफिक के लिए उनका विजन चीन से अलग है।

नई दिल्ली में नेतृत्व की बैठक के दौरान भारत और जापान ने अधिक आसियान देशों में साझेदारी के विस्तार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मार्च में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी आसियान की केंद्रीयता और अधिक जुड़ाव की आवश्यकता पर जोर दिया गया था। यह महत्वपूर्ण है कि जापान भारत के पड़ोस में संरचित तरीके से काम कर रहा है। यह क्षेत्रीय समृद्धि के पथ पर बांग्लादेश जैसे भारत के कुछ सबसे भरोसेमंद सहयोगियों के साथ है। जापान पूर्वोत्तर के विकास का समर्थन करने के लिए 2017 से भारत के साथ काम कर रहा है। जापान ने स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है कि वह अधिक आर्थिक सहयोग के लिए दो बंदरगाहों, एक बांग्लादेश में और दूसरा भारत के पूर्वोत्तर में, को जोड़ने का इच्छुक है।

इस बीच, विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने इस सप्ताह कोलकाता में बिम्सटेक की एक बैठक को संबोधित करते हुए भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र को भारत की एक्ट ईस्ट डिप्लोमेसी की अग्रणी धार बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बिम्सटेक भागीदारों के भीतर परिवहन सुविधाओं और व्यापार को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बिम्सटेक देशों के लिए उनकी चेतावनी एक मामूली लेकिन व्यावहारिक दृष्टिकोण का पालन करना था। इस क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने के लिए कोई भी रचनात्मक समाधान इंडो पैसिफिक के लिए आर्थिक समृद्धि और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जापान के दबाव के साथ अच्छी तरह से क्लिक करता है।

## फरमाया



**जब** 1975 में कांग्रेस द्वारा भारतीय लोकतंत्र की हत्या कर दी गई थी, तो कोई भी विदेशी भूमि में रोते हुए विदेशी सत्ता के हस्तक्षेप की मांग नहीं करता था।किरन
**– किरन रिजिजू**
केंद्रीय मंत्री




**दिल्ली** सरकार राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 मामलों पर तेजी से नजर रख रही है और किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार है।
**– अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**हमें** विदेश से समर्थन की जरूरत नहीं है क्योंकि हमारी लड़ाई हमारी अपनी है।
**– कपिल सिब्बल**
राज्यसभा सदस्य

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## नाटो का विस्तार

**आखिरकार** तुर्किए सदन ने फिनलैंड को नाटो सदस्य बनाये जाने के पक्ष में मतदान करने के बाद अब नाटो देशो की संख्या अब 30 से बढ़ कर 31 हो जाएगी। अगले कुछ ही महीनों में यह संख्या बढ़कर 32 हो जाएगी जब तुर्की जरा और उदारता दिखाते हुए स्वीडन को भी नाटो में शामिल करने पर अपनी स्वीकारोक्ति दे देगा। यह नाटो की बहुत बड़ी जीत है और रूस के लिए हार है। रूस ने यूक्रेन में हमला करने का जो कारण बताया था उसमें यही प्रमुख था कि वो नाटो को अपनी सीमा से दूर रखना चाहता है। अब क्रेमलिन क्या करेगा? फिनलैंड की 1,300 किलोमीटर सीमा रूस के साथ लगती है और वह नाटो का सदस्य बन चूका है। उसपर हमला करने का मतलब समस्त नाटो देशों पर हमला माना जाएगा। रूस अकेले यूक्रेन से ही नहीं जूझ पा रहा है फिर 31 देशों से कैसे लड़ेगा? नाटो का यह विस्तार रूस-अमेरिका संबंधों को और रसातल में पहुंचाने के साथ विश्व शांति को खतरे में डाल रहा है। सोवियत संघ-अमेरिका के बीच हुए सारे आणविक व मिसाइल समझौते अब कागज के टुकड़े बन गए हैं। इसके साथ ही रूस-चीन निकटता भी दुनिया को नए शीत-युद्ध की ओर धकेल रही है। इस प्रकार विश्व शांति पर खतरा बढ़ रहा है।

**–जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## सौर ऊर्जा का महत्व

**बिजली** आज अनिवार्य आवश्यकता की चीज बन गई है लेकिन आबादी के बढ़ते दबाव और इसके आम होते उपयोग ने विकल्पों की तलाश बढ़ाई है। सौर ऊर्जा इसका एक ठोस विकल्प है जिसे अपनाकर सस्ती और सहज बिजली आपूर्ति की जा सकती है। झारखंड के देवघर जिले में सौर ऊर्जा से जीवन में फैल रहे समृद्धि के प्रकाश ने बिजली के विकल्प के फायदों को और अधिक गहराई से समझने का मौका दिया है। जिले के 60 गांवों की 600 किसान महिलाओं द्वारा सिंचाई के लिए सोलर पंप का उपयोग किया जा रहा है। आज प्राकृतिक संसाधनों की कमी और घटती जल आपूर्ति के चलते सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प है। अपनी जरूरत पूर्ति के हिसाब से सौर ऊर्जा के प्रोजेक्ट को अपनाकर बिजली कटौती और भारी-भरकम बिजली बिलों की पनौती से बचा जा सकेगा। लोगों को सरकार द्वारा इसके लिए दी जा रही मदद पर गौर करना चाहिए। महीनों पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के एक गांव को पूर्णतः सौर ऊर्जा संचालित होने पर बधाई दी थी। आज जरूरत इस बात की है कि देश का हर गांव यथासंभव सौर ऊर्जा का उपयोग करे।

**–अमृतलाल मारू,** इंदौर

## हिंसा की संस्कृति

**हाल** ही में अमेरिका के एक स्कूल में हुई गोलीबारी की घटना में 6 मासूम छात्रों की जान गई और इस घटना को अंजाम देने वाली छात्रा को भी पुलिस ने मार गिराया। इसके पहले भी थोड़े-थोड़े अंतराल पर अमेरिका में ऐसी घटनाएं होती रही हैं जिसमें बड़ी संख्या में मासूम छात्रों के साथ-साथ अन्य लोगों की भी हत्या हुई है। अमेरिका में गन खरीदने व रखने पर कोई कानूनी रोक नहीं है। जिसके चलते वहां पर लगभग हर परिवार के पास गन मौजूद है। यह अत्याधुनिक गनें किशोर उम्र के छात्रों को आसानी से उपलब्ध है। जरा भी मानसिक तनाव या आपसी झगड़े के चलते वहां तुरंत पिस्तौल निकाली जाती है। गन पर प्रतिबंध लगाने के प्रयासों का सदन में ही जमकर विरोध होता है और सरकारों को अपने पांव पीछे खींचने पढ़ते हैं। मगर रोज ऐसी घटनाओं के चलते व इंटरनेट से हत्या के नए-नए तरीके युवकों को भ्रमित कर रहे हैं। अमेरिकी शासन को आम नागरिकों के पास हथियार रखने पर रोक लगाना अब अत्यावश्यक है। सामाजिक स्तर पर अहिंसा की शिक्षा भी जरूरी है।

**- सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

# पीएम श्री के तहत बालोद जिले के 8 प्राइमरी स्कूलों का हुआ चयन, अपग्रेड होंगे स्कूल, क्लास रूम होंगे स्मार्ट

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री स्कूल फ़ॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) के तहत प्रदेश के 211 स्कुलो का चयन किया गया हैं। जिसमें बालोद जिले के 8 प्राइमरी स्कूल भी शामिल है। पीएमश्री योजना के तहत ये 8 स्कूल अब अपग्रेड होंगे। इस स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर बदलेगा। स्कूलों को पूरी तरह से मॉर्डन बनाया जाएगा। बिल्डिंगों को अपग्रेड किया जाएगा। क्लास रूम स्मार्ट होंगे। कम्प्यूटर लैब से लैबोरेटरी, लाइब्रेरी को टेक फ्रेंडली बनाया जाएगा। एनइपी के तहत प्ले स्कूल तैयार किये जायेंगे। उल्लेखनीय हो कि पीएम श्री केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित एक नई योजना है। इस योजना के तहत 14 हजार 500 स्कूलों को आधुनिक व बेहतर बनाया जाएगा। पीएम श्री योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा संचालित स्कूलों को इस योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जाना शामिल है




**जिले के इन स्कूलों का किया गया चयन–**

पीएम श्री के तहत बालोद ब्लॉक के ग्राम जगतरा स्तिथ शासकीय प्राइमरी स्कूल एवं बालोद नगर पालिका अंतर्गत शिकारीपारा के शासकीय प्राइमरी स्कूल शामिल है। इसी प्रकार डौंडी ब्लॉक के ग्राम आड़ेझर स्तिथ शासकीय प्राइमरी स्कूल, डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम संबलपुर स्तिथ शासकीय प्राइमरी स्कूल, डौंडीलोहारा नगर स्तिथ शासकीय प्राइमरी स्कूल, गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम सिरसिदा स्तिथ शासकीय प्राइमरी स्कूल, गुंडरदेही नगर स्तिथ शासकीय प्राइमरी स्कूल और गुरुर ब्लॉक स्तिथ ग्राम भिरई स्तिथ प्राइमरी स्कूल शामिल किए गए हैं।

**इन प्राइमरी स्कूलों के चयन होने के कारण–**

पीएमश्री मापदंडों के अनुरूप लर्निंग आउटकम के आधार पर अध्यापन भौतिक सरंचना संतोषप्रद, पोषण वाटिका एवं विस्तार की संभावनाएं, पेडागाजी एवं पोषण स्कीम संतोषप्रद, फिजिकल फैसिलिटी एवं शाला सुरक्षा उत्तम, खेल मैदान, बागवानी, स्वच्छ शाला परिसर, धुंआ रहित मध्यान भोजन, पर्यावरण सुविधाएं होने की वजह से इन स्कूलों का चयन किया गया है।

**क्या हैं पीएम श्री योजना...?**

आपको बता दे की पिछले साल 5 सितंबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योजना लांच ने की थी। पीएम श्री योजना का पूरा नाम प्रधान मंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री)है। पीएम श्री स्कूल केंद्र सरकार की योजना है।

जिसका उद्देश्य राज्य सरकार की ओर से संचालित सरकारी विद्यालयों को अपग्रेड करके आदर्श विद्यालयों में तब्दील करना है। इसी योजना के लिए इन स्कूलों का चयन किया गया है।

इन स्कूलों में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ उनको कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। देश भर के कुल 14 हजार 500 से अधिक स्कूलों को योजना के तहत विकसित किया जाएगा। इसे लांच करते वक्त पीएम मोदी ने नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लासरूम, खेल और अन्य सहित आधुनिक इंफ्रा पर जोर दिया था।

## पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम संपन्न



**दल्लीराजहरा।** रामनवमी के पावन पर्व पर गायत्री शक्ति पीठ दल्ली राजहरा में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम नवमी के दिन सम्पन्न हुआ। जिसमें भक्तों ने अपनी श्रद्धा और भावना के साथ यज्ञ में सम्मिलित होकर पूर्णाहुति समर्पित किये। यज्ञ का संचालन एवं मंत्रोच्चार वीणा साहू, ओमिन साहू एवं मांडवी मिश्रा के द्वारा किया गया। मंदिर के परिव्राजक देवप्रसाद आर्य एवं हिमांशु साहू परिव्राजक के द्वारा गुरु दीक्षा और विद्या आरम्भ संस्कार कराया गया, जिसमें 4 लोगो ने गुरु दीक्षा और एक बच्चे का विद्या आरंभ संस्कार कराया गया। गायत्री शक्ति पीठ में सभी संस्कार कराए जाते है। यज्ञ संस्कार के पश्चात नवकन्या भोज कराया गया, कार्यक्रम के समापन के पश्चात प्रसाद के रूप में भण्डारा का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शक्ति पीठ के समस्त ट्रस्टी शिव कलिहारी, रूपराम वर्मा, राधेश्याम साहू, पीताम्बर लाल साहू, बमलेश्वर मिश्रा एवं शक्ति पीठ के परिजनों में प्रमुख रूप से निर्मला कलिहारी, सविता वर्मा, मंजू साहू, रितु चंद्राकर, वीणा साहू, हेमपुष्पा साहू, विमला साहू का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# पूर्व विधायक चंदेल सहित भाजपाइयों ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का किया स्वागत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बिलासपुर लोकसभा सांसद अरुण साव का भाजपा प्रदेश मंत्री व पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल नेर्तृत्व मे देवरबीजा के पावन धरा में भाजपा बेरला मंडल व देवरबीजा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया गया व एक स्वर में ये भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया। अरुण साव ने कहा आज 1 अप्रैल है ये कांग्रेस सरकार ने एक झूठ योजना लांच किया है बेरोजगारी भत्ता देने का मैं कांग्रेस सरकार से पूछना चाहता हूं कि वो चार साल का भत्ता कौन देगा आज चुनाव सामने आने पर लालीपाप देने का काम वो भी भत्ता देने में इतने सारे नियम किसान का हितैषी बताते है अरे भैया किसान को खून की आँसू रुलाने वाली ये भूपेश सरकार बारदाना के लिए किसान को भटकाना खाद के लिए तरसाना गोबर खाद के नाम मे लूट अपने आपको छत्तीसगढ़ का बेटा बताने वाली ये सरकार राज्यसभा सदस्य बनाना है तो बाहर से बना रही है क्या हमारी छत्तीसगढ़ में कोई नही मिला ये है कांग्रेस गरीब के चावल को कोरोना काल के दौरान ग़बन करने वाली ये कांग्रेस सरकार गरीबो के मकान नही बनने देने वाली सरकार ये सरकार केवल ठगने का कार्य किये है इनके काला कारनामा को गांव गांव जाकर उजागर करना है और केंद्र की मोदी सरकार व 15 साल के विकास कार्यो को लेकर हम घर घर तक जगाना है और बेमेतरा जिला सहित भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाना है। अवधेश चन्देल ने कहा कम समय मे अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल हो गए कार्यकर्ताओ में उत्साह है इस घोटाला बाज सरकार की पूरी पोल खुल चुका जनता सब जान रही है चुनाव सामने आ रहे तो तरह तरह के लॉलीपॉप देने का काम कर रही है पर कांग्रेस सरकार ने केवल 5 ठगने का कार्य की है जनता देख चुकी जनता सब समझ चुकी अब कांग्रेस के बात में आने वाली नही है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रह्लाद रजक, मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष अजय तिवारी, दिलीप ठाकुर, नेता संजीव तिवारी, नीरज राजपूत, भीम वर्मा, रविन्द्र वैष्णव, रवि वर्मा, ममता देवांगन, हीरालाल साहु, सुरेश बाफना, प्रेमलाल साहु, परमेश्वर वर्मा, राजेश सोरी, भुनेश्वर, सुखी, कोमल, राजपूत, कमलेश, अभिषेक राजपूत, राजू राजपूत प्रहलाद, कन्हैया, हरि, सोहन, यशवंत निषाद, बुदेश, किसन पटेल, हरीश साहू, डोमन साहू, यसवंत पटेल, ओमप्रकाश साहू, अरविंद राजपूत, सोहन साहू, सियाराम सिन्हा, कमलेश बंजारे, प्रकाशपुरी गोस्वामी, अश्वन निषाद, दिलीप विश्वकर्मा, बिसौहा साहू, दिलीप पटेल,अभय साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राम जन्म उत्सव पर हिंदू परिषद बजरंग दल ने भगवान राम, लक्ष्मण करत निकालकर भ्रमण किया

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के गुंडरदेही नगर में राम जन्म उत्सव को लेकर हिंदू संगठन के द्वारा 30 मार्च को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा भव्य रूप से भगवान राम लक्ष्मण करत निकालकर नगर भ्रमण करते हुए भारी संख्या में बजरंगी हिंदू संगठन व सनातनी लोग शामिल हुए। जिसमें नगर पंचायत कार्यालय के सामने पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना हवन कर भव्य भगवान राम की शोभायात्रा निकाला गया जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक से जनप्रतिनिधि व हिंदू नेता शामिल हुए शोभायात्रा हनुमान मंदिर से धमतरी चौक बस स्टैंड सहाड़ा चौक संजय चौक जनपथ रोड धमतरी चौक वापसी होकर हनुमान मंदिर के पास भव्य भंडारा व प्रसाद



वितरण किया गया।

**धर्मांतरण को रोकने के लिए लगातार हिंदुओं की बैठक का दौर चल रहा हैं– बलराम**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने कहा कुछ दिनों से हिंदुत्व के प्रति लोगों की भावना बदला हुआ है। किसको सब ध्यान में रखकर क्षेत्र में हिंदू संगठन व धर्मांतरण को रोकने के लिए लगातार हिंदुओं की बैठक का दौर चल रहा है। आज हमें बहुत खुशी हो रही है कि गुंडरदेही क्षेत्र में हिंदू संगठन के लोग घर में बचाने गौ रक्षा गौ हत्या बंद करने जैसे कामों में रुचि ले रहे हैं। उक्त कार्यक्रम राम जन्मोत्सव भव्य शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष बलराम गुप्ता, बोधन भट्ट, राज सोनी मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू दुर्गा वाहिनी प्रमुख रूपाली साहू चंद्रिका बाई तुलसी साहू पूर्व विधायक राजेंद्र कुमार राय पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार साहू पूर्व विधायक बालमुकुंद देवांगन हिंदू नेता पवन सोन वर्षा प्रमोद कुमार जैन सामाजिक समरसता प्रमुख परस साहू कमलेश पांडे हेमंत साहू दयाराम सिन्हा जिला पंचायत सदस्य मोंटी नीतीश यादव जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर अश्वनी यादव, धर्मेंद्र साहू शंकर यादव पार्षद विजय यादव विजय सोनकर टिंकू निषाद देवा सोनकर प्रदीप साहू भूषण साहू पुखराज देशमुख मीनू यादव वीरेंद्र साहू विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष भारत साहू बजरंग दल संयोजक हिमांशु महोबिया कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रभान निषाद कुलदीप साहू चिरंजीव साहू मनीष महोबिया आयुष महोबिया फ्तीप साहू दिनेश साहू शुभम शर्मा गुंडरदेही क्षेत्र के सनातनी हिंदू संगठन रामायण मंडली जस झांकी मंडली मातृशक्ति बड़ी संख्या में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

# बालोद नगर पालिका में बेरोजगारी भत्ता योजना की तैयारी पूरी

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 1 अप्रैल से लागू की गई बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए बालोद नगर पालिका में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस योजना अंतर्गत शिक्षित बेरोजगारों को 2 हजार 500 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिया जाएगा।




आवेदकों की सुविधा के लिए नगर पालिका बालोद के समस्त वार्डों को दस कलस्टर में विभाजित किया गया है।

इसमें वार्ड क्रमांक 1 से 2 तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुनियादी, वार्ड क्रमांक 3 से 4 तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या, वार्ड क्रमांक 5 से 6 तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या, वार्ड क्रमांक 7 से 8 तक बाल मंदिर बालोद, वार्ड क्रमांक 9 से 10 तक कनिष्ठ प्राथमिक शाला कुर्मिपारा, वार्ड क्रमांक 11 से 12 तक स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल, वार्ड क्रमांक 13 से 14 तक सरस्वती शिशु मंदिर, वार्ड क्रमांक 15 से 16 तक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, वार्ड क्रमांक 17 से 18 तक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला शिकारीपारा, वार्ड क्रमांक 19 से 20 तक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला शिकारीपारा का चयन किया गया है।

**नपाध्यक्ष ने की योजना का लाभ लेने की अपील**

आवेदक अपने वार्ड के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर उपरोक्त स्थान पर जमा करा सकते हैं। पूरी योजना का क्रियान्वयन सुचारू रूप से हो सके इस हेतु नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा एवं सीएमओ रोहित साहू ने व्यापक प्रबंध करते हुए इस योजना का लाभ लेने की अपील की है। विकास ने कहा कि शासन का योजना का पात्र लोगों को लाभ मिलेगा।

**योजना के क्रियान्वयन बेहतर क्रियान्वयन के लिए जूटे सीएमओ**

आवेदक अपने वार्ड अनुसार स्वयं साइट पर ऑनलाइन आवेदन या चॉइस सेंटरों में जाकर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात संलग्न दस्तावेज आवेदन पत्र को अपने वार्ड अनुसार उपरोक्त चयनित स्थानों पर जमा कर सकते हैं। आवेदकों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो जिसके लिए नगर पालिका के द्वारा उपरोक्त दस चयनित स्थानों का चयन किया गया है। पूरी योजना का क्रियान्वयन अच्छे से हो सके इस हेतु सीएमओ अधिकारी रोहित कुमार साहू निरंतर कार्यरत हैं।

# रामनवमी पर फूलों से सजे रथ में प्रभु श्री राम की निकली भव्य शोभायात्रा, भक्तों ने राम दरबार की आरती उतारकर लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ शाम 7 बजे मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण से हुआ। शहर को भगवा ध्वज और तोरण से सजाया गया। शोभा यात्रा की भव्यता के लिए राम दरबार रथ, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य दल, जस झांकी, धुमाल, डीजे सिस्टम समेत अन्य कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ी पारम्परिक नृत्य राउत नाच के चंपारण से बेमेतरा पहुचे थे। पारम्परिक वेशभूषा से सुसज्जित कलाकार मनमोहक प्रस्तुति दे रहे थे। रायपुर जिला के ग्राम बेन्द्रीकला से आए जस झांकी के कलाकारों के प्रदर्शन ने शहरवासियों का मन मोह लिया। जस झांकी आकर्षण का केंद्र रही। लोग बाल हनुमान का रूप धारण किए बाल कलाकारों से सेल्फी लेते दिखे।

**शोभायात्रा में हजारों भक्तों ने प्रभु श्रीराम के लगाए जय घोष**

इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष विजय सिन्हा, राजा पांडेय, प्रनीष रजक, शत्रुहन साहू, गुड्डा गुप्ता, अरुण नंदवाना, विजय सुखवानी, राजा पाण्डे, अमरिका निर्मलकर, आदित्य राजपूत, दिनेश सिन्हा, सुनील खियलानी, हर्ष तिवारी, बसंत राजपूत, सुरेश साहू, नरेश साहू, हरि साहू, रामप्रकाश देवांगन, राजू साहू, वतन मिश्रा, गौरव शर्मा, विकास तंबोली, घनश्याम ताम्रकार, मनीष छाबड़ा, सोनू राजपूत, कमल चंदेल, लोकेश राजपूत, अरुण राठी, राजकुमार चौहान, घनश्याम अग्रवाल समेत हजारों रामभक्त शामिल हुए।

**भक्तों ने राम दरबार की आरती उतारकर लिया आशीर्वाद**

शोभायात्रा निकालने के पूर्व मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण में गुरुवार को प्रभु श्री राम की सुंदर प्रतिमा की स्थापना कर महाआरती का आयोजन किया गया । शुक्रवार को फूलों से सजे रथ में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा को विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। इसके अलावा रथ में राम दरबार मे प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान विराजमान थे। शोभायात्रा के दौरान यात्रा के मार्ग पर जगह-जगह भक्तों ने राम दरबार की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया।

**इन मार्गो से होकर गुजरी शोभायात्रा**

प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना कर शहर के मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा, जो नयापारा, गस्ती चौक, पुराना बस स्टैंड, परशुराम चौक होते हुए राम मंदिर प्रांगण में समापन होगा। शोभायात्रा के मार्ग में स्वागत द्वार बनाए गए हैं । शोभायात्रा के मार्ग पर साफसफाई और पानी का छिड़काव नगर पालिका प्रशासन की ओर से किया गया। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के।मद्देनजर पूरी शोभायात्रा के दौरान पुलिस के जवान तैनात रहे।

**समाज प्रमुखों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत**

शोभायात्रा का नगर भ्रमण के दौरान समाज प्रमुखों की ओर से शहर के चौक चौराहों में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। जिसमें पंजाबी समाज, ब्राह्मण समाज, सिंधी समाज, मुस्लिम समाज, राजपूत समाज, देवांगन समाज, साहू समाज, सिन्हा समाज, मेहर समाज, धोबी समाज। समेत अन्य समाज के लोगो ने शोभायात्रा का स्वागत किया। यात्रा में शामिल लोगों के लिए फल, शीतल पेय, पानी पाउच, शर्बत आदि की व्यवस्था की गई थी।

## नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा में निकली स्वच्छता मशाल रैली



**दल्लीराजहरा।** भारत सरकार आवास एवं शहरी मंत्रालय के निर्देश पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्वच्छता उत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पूरे देश भर में किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में स्वच्छ मशाल रैली, जीरो वेस्ट इवेंट एवं मोबाइल के फ़्लैश लाइट और टार्च की सहायता से स्वच्छता मशाल रैली निकाली गई। जिसमें नागरिकों को शहर को कचरा मुक्त बनाने, घरों से निकलने वाले कचरों को अलग अलग पृथक कर देने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं जीरो वेस्ट इवेंट को बढ़ावा देने के माध्यम से जानकारी दी गई और उसके प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी, उप अभियन्ता राकेश पाठक, स्वच्छता प्रभारी सतीश चंद्राकर, एनयूएलएम के मिशन मैनेजर केतन नायक, स्वच्छ भारत मिशन के पीआईयू राम गोपाल सिन्हा ,सामुदायिक संगठक उमेश्वरी नेताम, हेमलता बघेल, सीआरपी लक्ष्मी सिन्हा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह, समस्त स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो, एवं समस्त कर्मचारियों के साथ आम नागरिक भी उपस्थित रहे।

# ज्योत जंवारा विसर्जन में सम्मिलित होने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन विभिन्न मुहल्लों में घर-घर श्रद्धा, भक्ति और आस्था पूर्वक स्थापित ज्योत जंवारा शुक्रवार को शीतला तालाब (बड़े तालाब) में विसर्जित किया गया। सुबह से ही सेवादारों व सेवा समितियों द्वारा ज्योत जंवारा की विधिवत पूजा-अर्चना कर जस व सेवा गीत गाकर ढोल-बाजे मांदर मंजीरे की धुन के माध्यम से निकाला गया। बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर जंवारा ज्योत कलश धारण किये तपती धूप पर नंगे पांव चल कर शीतला मंदिर प्रांगण तक पहुंचीं । विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओं ने अपने जीभ, गाल, हाथ, छाती पर नुकीले सांग-बाणा चुभोकर देवी मां को प्रसन्न करने जस गीतों पर नर्तन कर रहे थे। जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ संपूर्ण मार्ग में बनी रही । ज्ञात हो कि कुम्हारी में विभिन्न वार्डों के 7 घरों पर स्थापित ज्योत जंवारा को विसर्जन के लिए नगर के दर्जनों सेवा समितियों, मंडलियों ने शक्ति गीतों के माध्यम से माता को विदाई दी। नगर पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने भी विसर्जन के दौरान दैवीय शक्ति परंपरा को सहेजने, नगरवासियों के कुशलक्षेम, सुख समृद्धि हेतु श्रद्धा और भक्ति भाव पूर्वक सांग बाणा ग्रहण किया, उन्होंने नुकीले बाणा को बैगा के माध्यम से अपने गालों पर चुभोया जिसके बाद शक्ति गीतों, भजनों पर मग्न हो जमकर नाचते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचे । ज्ञातव्य हो कि ठीक एक दिन पूर्व नवरात्र की नवमी तिथि पर मां महामाया मंदिर में प्रज्ज्वलित 1946 ज्योत को प्रांगण स्थित जल कुंड में विसर्जित किया गया।



**नियमों को ताक में रखकर किया जाता है खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन, लिया जाता है मनमानी किराया**

# स्पेशल परमिट में हर रोज चल रही है घर पहुंच अंतरराज्यीय यात्री बस

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले मुख्यालय से इन दिनों स्पेशल परमिट के माध्यम से हर रोज घर पहुंच अंतर राज्य यात्री बस चल रही है जिनके द्वारा नियम कानून को ताक में रखकर खुलम खुला अपनी मनमानी करते हुए यात्री बस का संचालन किया जा रहा है इतना ही नहीं ऐसे यात्री बस में सवारियो से मनमाना यात्री किराया वसूली किया जाता है और ऐसे वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री भरे रहते हैं किंतु इस तरफ अभी तक किसी भी न तो प्रशासनिक अधिकारियों की नजर पहुंच पाई है और ना ही जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को यह दिखाई दिया है। बेमेतरा जिला मुख्यालय से पुणे हैदराबाद कानपुर लखनऊ जैसे महानगर के लिए यात्री बस का संचालन इन दिनों निजी कंपनी के बसों के माध्यम से हो रही है किंतु इसमें से कतिपय यात्री बस के संचालकों द्वारा नियम कानून का पालन नहीं कर के खुलेआम उल्लंघन कर बस का संचालन कर रहे हैं इस संबंध में जानकारी मिली है कि कतिपय यात्री बस वाहन संचालकों के द्वारा करोना काल के समय में शासन के द्वारा 88/8 के तहत परमिट जारी किया जाता था जो स्पेशल परमिट होता है जिसकी अवधि मात्र 8 दिन का होता है ऐसी परमिट को आजकल कतिपय यात्री बस के संचालकों के द्वारा अब प्रतिदिन उपयोग में लाया जा रहा है और 88/ 8 के तहत परमिट लेकर दूसरे प्रदेशों के महानगरों से यात्रियों को लाया ले जाया जा रहा है।



**घर पहुंच अंतर राज्यीय यात्री बस गौठान अथवा पेट्रोल पंप के पास**

जान कारी मिली है कि कि कतिपय यात्री बसे शासन के द्वारा निर्धारित बस स्टैंड में खड़ी नहीं होती अपितु शहर के गायत्री मंदिर के पीछे स्थित गौठान अथवा नगर के विभिन्न स्थानों पर संचालित पेट्रोल पंप के आसपास ऐसी वाहन को खड़ी किया जाता है और उनके एजेंटों के द्वारा यात्रियों को विभिन्न स्थानों से ऑटो वाहन के माध्यम से इन यात्री बसों तक पहुंचाया जाता है जबकि नियमानुसार यात्री बस को न तो गोठान में खड़ी किया जा सकता है और ना ही पेट्रोल पंप में इसे खड़ा करने की अनुमति है इसके बाद भी नियम कानून को ताक में रखकर यहां पर यात्री बस को खड़ी की जाती है जो उचित नहीं है इस संबंध में यह भी जानकारी मिली है कि ऐसी यात्री बसों के द्वारा यात्रा करने वालों को घर से लाने और घर तक पहुंचाने का भी काम जिले में किया जाता है इस संबंध में यह बताया जाता है कि कई लोग साजा थान खमरिया दाढ़ी नवागढ़ बालसमुद सहित जिले के विभिन्न स्थानों में से लखनऊ पुणे कानपुर हैदराबाद की यात्रा करते हैं ऐसे यात्रियों को उनके गांव में बस जाकर उन्हें उनके गांव से लाते हैं और गांव से ऐसे यात्रियों को बैठाकर फिर गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जाता है

**लिया जाता है मनमानी किराया**

जिला मुख्यालय से चलने वाली ऐसे कतिपय यात्री बस वाहन हैदराबाद कानपुर लखनऊ पुणे जाने वालों के लिए एक निश्चित राशि का निर्धारण नहीं है बल्कि यहां पर यात्री बसों के एजेंटों के द्वारा अपने हिसाब से यात्री किराया निर्धारित करते हैं और यात्रियों से मनमानी तरीके से किराया वसूली किया जाता है इस संबंध में यह जानकारी मिली है कि पुणे का किराया लगभग तेरह चौदह सौ रुपए के आसपास होना चाहिए किंतु यहां पर एजेंटों के द्वारा उन्नीस सौ से लेकर के 29 सौ रुपए तक के लिया जाता है उसी तरह लखनऊ का किराया लगभग सात आठ सौ रुपए होना चाहिए किंतु यहां एजेंटों के द्वारा हजार रुपए से लेकर पन्द्रह सौ रुपए तक वसूल किया जाता है जिससे इस राशि में से अधिकांश राशि एजेंटों को कमीशन के रूप के रूप में मिलता है।

**इसी प्रकार अन्य शहरों के लिए एजेंटों के द्वारा मनमानी यात्री किराया के रूप में वसूल किया जाता है**

निर्धारित सीट से अधिक ले जाते हैं यात्री बसों में सभी तरह के यात्री बसों के लिए शासन द्वारा सीट निर्धारित किया रहता है जिसका परमिट के रूप में शासन को निर्धारित राशि का भुगतान यात्री बस वाहन के मालिकों को करना पड़ता है किंतु 88/8 के तहत परमिट लेकर चलने वाले ऐसे कतिपय यात्री बस में निर्धारित सीट से कहीं अधिक यात्री को लेकर कर यात्रा किया जाता है।

इस संबंध में यह भी जानकारी मिली है कि यदि किसी का 52 सीटर गाड़ी है तो वहां पर उससे डेढ़ गुना 2 गुना यात्रियों को भरकर निर्धारित स्थान के लिए यात्रा के लिए निकलते हैं।

**छोटे बस मालिकों को हो रही है परेशानी**

स्पेशल परमिट के माध्यम से चलाने वाली यात्री बस के मालिकों के द्वारा दूरदराज शहर जाने वाले लोगों को उनके गांव से लाने का काम किया करने से दाढ़ी नवागढ़ मुंगेली थान खमरिया सिलहटी लोहारा बेरला देवकर बालसमुद रोड पर चलने वाली छोटे बस के मालिकों को भारी नुकसान हो रहा है क्योंकि यदि स्पेशल परमिट लेकर चलने वाली कतिपय बस वाले हैदराबाद कानपुर लखनऊ पुणे जाने वाले यात्री को उनके गांव से नहीं लाते तो गांव में रहने वाले यात्री लोकल यात्री बस के माध्यम से बेमेतरा पहुंचते और यहां से अपने गंतव्य स्थान के लिए अन्य बसों के माध्यम से जाते किंतु वर्तमान में ऐसा नहीं हो रहा है इस संबंध में यातायात महासंघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल साहू ने कहा की 88/8 के परमिट लेकर गांव से यात्रियों को लाने से छोटे बस मालिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है ऐसा नहीं होना चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।

> 88/8 के तहत परमिट लेकर दूसरे प्रांत में यात्री बस चलाना गलत है अधिक यात्री किराया लेना भी उचित नहीं है। निर्धारित यात्री किराया से भी अधिक यात्री किराया लिया जाना यह सब जांच का विषय है।
>
> **अरविंद भगत**
> आरटीओ बेमेतरा

# आयरन ओर लोड़ ट्रेलर वाहन के इंजन व ट्राली पर लिखे थे अलग-अलग नंबर

## बोगस नंबर प्लेट लगे ट्रेलर पर हुई कार्रवाई, धोखाधड़ी के आरोप में ड्रायवर गिरफ्तार, गया जेल

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com




करीब एक पखवाडे पूर्व कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर गोरखा के एक गैराज में दबिश देकर एक नंबर प्लेट से चल रहे थे दो ट्रेलर वाहनों को पकड़ा गया था जिसमें ट्रेलर के ड्रायवर, वाहन मालिक और गैरेज के वाहन मिस्त्री पर कार्रवाई की गई थी। रायगढ़ एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा क्षेत्र में ट्रक, ट्रेलर की चोरी एवं वाहन के फर्जी दस्तावेज व अन्य प्रकार की कुटरचना के परिवहन को पूर्णतरू प्रतिबंधित करने थाना, चैकी प्रभारियों को मुखबिर सक्रिय कर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में कल मुखबीर सूचना पर थाना कोतरारोड़ की टीम द्वारा कोसमनारा चैंक पर खड़ी संदिग्ध एक टाटा ट्रेलर 18 चक्का माडल 4018 को चला रहे वाहन चालक पर कार्यवाही किया गया। पुलिस की तस्दीक में ट्रेलर वाहन क्रमांक ओडी 23 एच 2139 जिसके ट्राली के पीछे नंबर प्लेट पर ओआर 15 एल 2872 लिखा हुआ था जिसे कालिख से पोता गया था। मामला संदेहास्पद प्रतीत होने पर वाहन के चालक लखन यादव से पूछताछ कर उसे वाहन तथा परिवहन के संबंध में कागजात पेश करने को कहा गया। वाहन चालक ने ओड़िशा से वाहन में आयरन कोर लेकर पूंजीपथरा लेकर जाना बताया जिसके पास कोई कागजात नहीं था। आरोपी वाहन चालक लखन यादव पिता पुना यादव उम्र 27 साल मूल निवासी सिलडिलिया थाना डोगररिया जिला गया (बिहार) हाल मुकाम सतगांव बैतबिहा हरिगंज थाना हरिगंज जिला पलामू (झारखंड) के द्वारा ट्रेलर वाहन ओडी 23 एच 2139 जिसके ट्राली के पीछे नंबर प्लेट पर ओआर 15 एल 2872 पर कालिंख पोत धोखाधड़ी कर असली के रूप में उपयोग में लाये जाने पर जाने पर आरोपी लखन यादव वर धारा 420, 468, 471 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिसियाल रिमांड पर भेजा गया जहां आरोपी का ज्युडिसियल रिमांड स्वीकृत कर आरोपी का जेल वारंट जारी किये जाने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उपजेल सक्ती में बंदियों की गई टीबी स्क्रीनिंग

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com




टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उपजेल सक्ती में की गई टीबी स्क्रीनिंग। भारत सरकार द्वारा 2025 तक टीबी मुक्त अभियान का कार्य चल रहा हैं जिसके परिप्रेक्ष्य में जिला सक्ती में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरज सिंह राठौर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अर्चना तिवारी, बीएमओ एन.के.सिदार के मार्गदर्शन में उपजेल सक्ती में टीबी (क्षय रोग) की केम्प लगाया गया। टीबी सुपरवाइजर विनोद राठौर ने जानकारी दी किटीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो कि माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक बैक्टेरिया के कारण होता हैं। संक्रमित व्यक्ति के खाँसने या छीकने से टीबी के बैक्टेरिया हवा के माध्यम से एक से दूसरे ब्यक्तियो में फैलती हैं। इसलिये सभी को टीबी के लक्षण न होने पर भी समय समय पर टीबी की जांच कराते रहना चाहिये। जिससे आवश्यक दवा लेकर इस बीमारी से बचा जा सकें। जबकि भारतवर्ष के सभी अस्पतालों में जाँच और दवा पूरी तरह से निःशुल्क हैं। चिंताजनक स्थिति यह है कि दुनियाभर में इस बीमारी से वर्ष में 14 से 15 लाख लोगों की मृत्यु टीबी से होती हैं जबकि 1करोड़ लोग इस बीमारी के चपेट में आते हैं। वर्तमान में इस बीमारी का इलाज संभव है परंतु मरीज दवाओं का पूरा कोर्स न करने या मरीज ठीक हो गया हूँ यह मानकर दवा खाना छोड़ देता है जिसके कारण मरीज गम्भीर स्थिति में फंस जाता हैं और कोई भी एंटीबायोटिक उसको असर नही करती हैं जिससे मरीज को बचा पाना काफी मुश्किल हो जाता हैं। टीबी से प्रभावित करने वाली अंगों की बात की जाए तो यह फेफड़ों को ज्यादातर प्रभावित करती हैं साथ ही अन्य अंगों जैसे हृदय, हड्डी, गुर्दे, आंत आदि को भी प्रभावित करती हैं,इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं 2 सप्ताह से अधिक की खांसी, लगातार रात के समय बुखार आना, रात में पसीना आना, बलगम में खून, वजन घटना, भूख न लगना, इस तरह के लक्षण मिलने पर नजदीकी अस्पताल में जाकर डॉक्टर से परामर्श और जाँच जरूर करें टीबी होने पर 6माह का दवा का पूरा कोर्स कर अपनी जान बचा सकते हैं,टीबी मरीज़ों को शासन द्वारा पोषण आहार के लिये दवा की पूरी अवधि तक 500 रुपये प्रतिमाह प्रदान की जाती है जो कि डीबीटी के माध्यम से मरीज के खाते में ट्रांसफर होती हैं। जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों द्वारा टीबी मरीज़ो को गोद लेकर उन्हें पोषण आहार प्रदान कर अतिरिक्त लाभ प्रदान की जाती हैं। कार्यक्रम में हितेश्वर सिदार एमएलटी द्वारा जांच प्रकिया के बारे समझाया गया, बड़ी संख्या में जैल स्टाफ भार्गव जेल अधीक्षक, डॉ सुदर्शन भारद्वाज, सोहन जी उपस्थित थे।

# ग्राम सेमरकोना में श्री मद भागवत महापुराण कथा आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



ग्राम सेमरकोना (सेतगंगा) में हीरा सिंह कश्यप के निवास पर श्री मद भागवत महापुराण कथा आयोजन किया गया है। कथा के मुख्य यजमान धरमीन हीरा कश्यप हैं।कथा वाचक भागवत दुबे शास्त्री के श्री मुख से सुदामा चरित्र की कथा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि दरिद्र कौन था क्या सुदामा वास्तव में दरिद्र थे। मेरे मतानुसार सुदामा से धनवान इस जगत में कोई नहीं,स्वयं भगवान भी नहीं थे क्योंकिदरिद्र वह होता है जिसके हृदय में दया करुणा और भक्ति ना हो। साथ ही जिसके पास धर्म का ज्ञान ना हो वहीं सबसे अधिक दरिद्र है।सुदामा के हृदय में भगवान के प्रति अटूट आस्था और भक्ति थी। जीवों के प्रति दया और करुणा थी।इसलिए वह लौकिक संसार के दृष्टिकोण सेदरिद्रथे लेकिन पार लौकिक संसार के दृष्टिकोण में उनसे अधिक धनवान कोई नहीं था। इस धरा धाम में भगवान उन्हीं के ऊपर कृपा बरसाते हैं, जो धर्म शील हो।जिसके हृदय में जीवों के प्रति दया और करुणा हो।जिसे आत्मा ब्राह्य और पर ब्रह्य दोनों का ज्ञान हो। सुदामा को आत्मा ब्रह्मऔरपर ब्रह्य दोनों का ज्ञान था। इसलिए भगवान ने उन्हें अपने सिंहासन पर बिठाया और अपने आँसुओ से उनके पैर धोये।अंत में महा आरती हुई। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

आयोजन को सफल बनाने श्याम लाल कश्यप, जलेश, फुल सिंह,मोहन, दुर्गा, दिनेश, राम जी नंद राम, भंवर कश्यप, ठाकुर हरिभजन सिंह, रामू साहू, बलदाऊ साहू, परदेशी साहूसहित ग्राम वासियों का योगदान है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पण्डरभट्ठा को विभिन्न कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com




केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मुंगेली विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पण्डरभट्ठा को विभिन्न कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्रदान किया है। कलेक्टर ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में 24 मार्च विश्व क्षय दिवस के अवसर पर पण्डरभट्ठा टीम के कार्यों की सराहना की और राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पण्डरभट्ठा को विभिन्न मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त होना जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने पूरे स्वास्थ्य टीम को आगे भी इसी तरह कार्य करने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन.क्यू.ए.एस.) के मूल्यांकन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पण्डरभट्ठा को 75.8 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि यह मूल्यांकन जनवरी 2023 में केन्द्रीय टीम द्वारा किया गया था। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य अस्पतालों की सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए आमजनता तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी, मेडिसीन कक्ष, लैब, नियमित टीकाकरण सहित सारी सुविधाएं व्यवस्थित रूप से है, जिसके तहत यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. राय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार सहित पण्डरभट्ठा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रुति गोलछा और टीम उपस्थित थे।

# गोमर्डा में तेंदुआ के अलावा सोन कुत्तों का भी मिला प्रमाण

- बढ़ रही मांसाहारी वन्यप्रणियो की संख्या, रायपुर की एक एनजीओ कर रही अध्ययन

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



गोमर्डा अभ्यारण्य जो कभी रायगढ़ जिले की शान था। आज वो सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत आता है। इस अभ्यारण्य में कई तरह के वन्यप्राणी विचरण करते हैं, लेकिन पिछले कुछ माह की बात करे तो यहां संभावना जताई जा रही है कि अब मांसाहारी वन्यप्राणियों की संख्या बढ़ रही है। क्योंकि विभाग के कर्मचारियों के साथ ही लोगों ने भी तेंदुआ के प्रमाण देखे हैं, तो सोन कुत्ता जो कई सालो से यहां नजर नहीं आ रहा था। उसके भी प्रमाण अब बीच बीच में मिल रहे हैं। ऐसे में विभाग भी लगातार इन पर निगरानी रख रहा है।

**अभ्यारण्य में किया जा रहा अध्ययन**-विभागीय अधिकारियों ने बताया की गोमर्डा अभ्यारण्य में मांसाहारी वन्यप्राणियों की संख्या बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सकता। अक्सर इनके प्रमाण मिल रहे हैं, तो अब रायपुर की एक एनजीओ के द्वारा यहां मांसाहारी वन्यप्राणियों पर अध्ययन भी किया जा रहा है। पिछले करीब एक माह से एनजीओ के सदस्य यहां अध्ययन करने में लगे हैं। इसके बाद रिपोर्ट जांच के लिए भेजी जाएगी।

# कलेक्टर ने शर्मा को शाल व श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की



पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग (आरईएस) मुंगेली में पदस्थ कार्यपालन अभियंता पी. के. शर्मा को अर्द्धवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्ति होने पर उनके कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने शर्मा को शाल व श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि शर्मा ने पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने शासकीय सेवा के कार्यकाल को पूरा किया है व अपने जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया है। अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत ने भी शर्मा के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों की सराहना की और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### रेल मंत्री की तत्कालिक पहल पर रेलवे ने जारी किया आदेश

# रेलवे साइडिंग की समस्याओं को लेकर सांसद अजगले एवं गिरधर गुप्ता की रेल मंत्री से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com



जिले के बाराद्वार रेलवे साइडिंग्स में कुछ तकनीकी समस्याओं के चलते आ रही परेशानियों को देखते हुए अविभाजित मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के पूर्व चेयरमैन एवं प्रदेश भाजपा के पूर्व महामंत्री गिरधर गुप्ता ने जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगले के साथ भारत सरकार के रेल मंत्री से देश की राजधानी दिल्ली स्थित उनके निवास में जाकर मुलाकात की, इस दौरान सांसद गुहाराम ने बताया कि बाराद्वार के रेलवे साइडिंग में कुछ सप्लायर द्वारा अधिक इंडेंट लगाने के कारण अन्य सप्लायर्स को दिक्कतें आ रही है, तथा उपरोक्त समस्या से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के जोनल महाप्रबंधक को भी अवगत कराया गया है, तथा सांसद अजगले ने बताया कि उपरोक्त समस्या का निराकरण नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,जांजगीर सांसद गुहाराम की मांग पर तत्काल भारत सरकार के रेल मंत्री ने रेलवे उच्चाधिकारियों को निर्देशित करते हुए उपरोक्त समस्या के निराकरण के निर्देश दिए, जिस पर रेल मंत्रालय द्वारा तत्काल रेल मंत्री के इस निर्देश का परिपालन करते हुए उपरोक्त परेशानियों को निराकृत करने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई तथा अब आगामी भविष्य के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा यह आदेश जारी किया गया है कि कोई भी एक सप्लायर एक समय में 5 से अधिक इंडेंट नहीं कर सकता हसि, तथा इंडेंट लगाने के लिए प्रति इंडेंट तीन लाख रुपए की राशि देनी होगी एवं रेलवे के नए आदेश से यह भी संभावना व्यक्त की जा रही है कि पूर्व में लगे हुए इंडेंट की वैधता बढ़ाकर अब 1000 दिन कर दी जाएगी, इससे पहले इंडेंट वापस लेने पर जमा राशि भी वापस नहीं होती थी, अविभाजित मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के चेयरमैन गिरधर गुप्ता की पहल पर जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के सांसद के इन प्रयासों से मिली सफलता पर लोगों ने सांसद महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया है, साथ ही कहा है कि क्षेत्र की समस्या के लिए निरंतर सांसद जी सक्रिय रूप से कार्य करते हैं, तथा उन्होंने प्रतिनिधिमंडल दिल्ली ले जाकर इस समस्या के निराकरण की दिशा में अपना प्रयास किया, वही इस दौरान अविभाजित मध्यप्रदेश खनिज विकास निगम के चेयरमैन गिरधर गुप्ता तथा खरसिया की गौशाला सेवा समिति के प्रमुख रास बिहारी गुप्ता भी उपस्थित थे।

# नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी करने वाले 01 आरोपी को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार। आरोपी द्वारा नौकरी लगाने के नाम से 30000 हजार रूपये की ठगी किया गया। कम्प्यूटर आपरेटर के संविदा पद में नौकरी लगाने के नाम पर आरोपी द्वारा धोखाधड़ी किया गया। आरोपी प्रदीप लहरे निवासी पचरी को भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड में मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी जस कुमार रात्रे उम्र 24 वर्ष निवासी पचरी द्वारा थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि माह अक्टूबर 2020 में ग्राम देवरी निवासी प्रमोद लहरे डायल 112 में वाहन चलाता हूँ तथा उच्च अधिकारियों के साथ उठना बैठना होता है। अकलतरा ब्लाक में कम्प्यूटर आपरेटर का संविदा का पद खाली है जिसमें अधिकारियों को बोलकर तुम्हारी नौकरी लगा दूँगा जिसके लिये 30000/रु खर्चा लगेगा बोला तो प्रार्थी आरोपी के बहकावे में आ गया और आरोपी को 10000/रु फोन पे के माध्यम से उसके बाद 15000/रु नगदी और उसके बाद आरोपी द्वारा अंतिम किस्त पेमेंट करना है बोलने पर प्रार्थी द्वारा 5000/रु नगद रकम अपने नौकरी लगाने के नाम से दिया था।

प्रार्थी द्वारा पैसे देना के बावजूद भी आरोपी प्रमोद लहरे के द्वारा नौकरी नहीं लगवाने पर प्रार्थी द्वारा पैसे की मांग करने पर आरोपी पैसा वापस नहीं किया गया। जिस पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी प्रमोद लहरे निवासी देवरी के विरुध्द अपराध क्रमांक 188/23 धारा 420 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये आरोपी के उसके घर में होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल अकलतरा पुलिस आरोपी के घर दबिश देकर आरोपी प्रमोद लहरे निवासी देवरी उम्र 29 वर्ष को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में निरी उमेश साहू, सउनि बी. पी. खाण्डेकर ,आर. विवेक ठाकुर एंव प्रशांत चन्द्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# पैकरा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम नवागांव चीनू का निरीक्षण किया

### औषधि भंडार कक्ष में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता से संबंधित जानकारी ली

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने विगत दिनों मुंगेली विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्राम नवागांव चीनू का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया तथा औषधि भंडार कक्ष में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता से संबंधित जानकारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित साफ - सफाई नहीं होने पर नाराजगी जताई और अनुपस्थित सफाई कर्मचारी मुकेश पात्रे को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा उनका एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश खैरवार उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय जूनियरबालक-बालिका शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन आज

**मुंगेली।** जिला स्तरीय जूनियर आयु 17 वर्ष बालक-बालिका शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 2 अप्रैल 2023 रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय लोरमी में प्रातः 10बजे से किया जा रहा है। स्पर्धा का आयोजन मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा किया जा रहा है। स्पर्धा में जुनियर वर्ग के अंतर्गत आयु वर्ग 17 वर्ष से कम बालक- बालिका की स्पर्धाएं कराई जाएंगी। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जुनियर आयु वर्ग 17 वर्ष शतरंज चैम्पियनशिप 2023 में मुंगेली जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### बैंक अधिकारी/कर्मचारियों ने दी ससम्मान विदाई, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर के पूर्व सेना में तैनात थे राजेंद्र शर्मा

# एसबीआई के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर राजेंद्र शर्मा हुए सेवानिवृत्त

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ति
www.dailypioneer.com



अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से शक्ति शहर के भारतीय स्टेट बैंक में दशकों से चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर के रूप में सेवाएं देने वाले मिलनसार एवं प्रखर व्यक्तित्व के धनी राजेंद्र कुमार शर्मा 31 मार्च 2023 को सेवानिवृत्त हो गए, 31 मार्च की रात्रि भारतीय स्टेट बैंक की शक्ति शाखा में उनके सेवानिवृत्त होने पर बैंक प्रबंधन द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया ,इस अवसर पर जहां उन्हें बैंक के शाखा प्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शाल- श्रीफल एवं गिफ्ट के माध्यम से सम्मानित किया गया तो वहीं इस दौरान मुंह मीठा कर उनके उज्जवल एवं सुनहरे भविष्य की कामना की गई तथा इस अवसर पर बैंक के शाखा प्रबंधक ने कहा कि आपकी सेवाएं निश्चित रूप से बैंक के लिए एक अमूल्य रही है, तथा शासकीय सेवाओं में सेवानिवृत्त एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है, किंतु हम सभी अपने व्यवहार से एक दूसरे के प्रति अच्छी भावना रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं तो हमारी पहचान आने वाले सालो- साल तक बनी रहती है, वही इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने भी कहा कि मैंने यथासंभव भारतीय स्टेट बैंक में काम करते हुए एक समन्वय बनाकर एवं पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ कार्य किया है, तथा हो सकता है मुझसे कुछ गलतियां हो गई हो या मेरे कुछ शब्दों से किसी भी सम्माननीय जनों की भावनाओं को ठेस पहुंची हो उसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं, तथा मैं भारतीय स्टेट बैंक शक्ति में अपनी सेवाओं के अमूल्य सालों को कभी नहीं भुला सकता एवं मैं सदैव आपके साथ ही जुड़ा रहूंगा। उल्लेखित हो कि राजेंद्र कुमार शर्मा भारतीय स्टेट बैंक शक्ति में चीफसिक्योरिटी ऑफिसर के पूर्व सेना में भी वर्षों तक सेवाएं दे चुके हैं, तथा भारतीय सेना में भी उनकी एक अलग पहचान थी तथा वे शहर में दशकों से रह रहे हैं तथा शहर वासियों एवं क्षेत्र के लोगों से भी उनका गहरा नाता है, तथा लोगों के सुख-दुख में शामिल होना उनकी खूबी है, एवं वे अपने शरीर को फिट रखने की दिशा में भी जहां निरंतर फुटबॉल, मॉर्निंग वॉक, इवनिंग वॉक, बैडमिंटन सहित विभिन्न स्पोर्ट्स में भी रुचि रखते हैं तो वहीं उनकी लोकप्रियता को देखते हुए शहर के धनाढ्य वर्ग के लोग भी उनकी प्रशंसा करते हैं। तथा राजेंद्र कुमार शर्मा का परिवार राजधानी रायपुर में निवास करता है, एवं वे शक्ति शहर की हरिओम कॉलोनी में ही दशकों से निवास करते हैं एवं राजेंद्र कुमार शर्मा का कहना है कि शक्ति शहर में मेरी एसबीआई में सेवाएं एक अमूल्य समय रहा तथा यह समय वापस नहीं आ सकता, उल्लेखित हो कि भारत सरकार की नोटबंदी के दौरान भी राजेंद्र कुमार शर्मा की सेवाएं चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर के रूप में काबिले तारीफ थी, उन्होंने जब बैंकों के बाहर लंबी कतारें लगती थी एवं बैंक में लोगों में नोट बदलने भागम भाग मची हुई थी तब उन्होंने सूझबूझ के साथ काम लेते हुए अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर इस चुनौतीपूर्ण समय का भी सामना किया था तथा राजेंद्र कुमार शर्मा की इस बहादुरी एवं उनकी सजगता की हर एक व्यक्ति प्रशंसा करता है।

# बालको ने किया 21 सामुदायिक जल संरचनाओं का नवीनीकरण

पायनियर संवाददाता ✓ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वित्तीय वर्ष 2023 में अपने आसपास के गांवों के 21 सामुदायिक जल संरचनाओं का नवीनीकरण कर स्थायी जल प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। यह कंपनी के सामुदायिक विकास परियोजना 'मोर जल मोर माटी' के अंतर्गत संपन्न हुआ जिसका उद्देश्य सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने, फसल उत्पादन में वृद्धि, किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों से अवगत कराने के साथ जल और मृदा प्रबंधन को उत्कृष्ट बनाना है। 'जल प्रबंधन' प्रबंधन के साथ परियोजना का मुख्य घटक कृषि, जल प्रबंधन, पशुपालन, मत्स्य पालन, बाड़बंदी, वनोपज एवं वन संरक्षण और लाख की खेती शामिल है। कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए बालको की प्रतिबद्धता के अनुरूप बोरवेल (सौर संचालित), कुआं, तालाब, चेक डेम का निर्माण एवं नवीनीकरण के माध्यम से सुरक्षित सिंचाई को सुनिश्चित कर, बिजली और डीजल पंपों के माध्यम से




सूक्ष्म सिंचाई तथा ड्रिप सिंचाई प्रणाली और सौर संचालित पंपों को बढ़ावा देकर किसानों को जल प्रबंधन पालन के प्रति जागरूक और कृषि प्रणाली के प्रति संवेदनशील बनाया है। बालको द्वारा जल प्रबंधन को सदैव ही सर्वोपरी स्थान देने पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि 'पानी एक अनमोल प्राकृतिक संसाधन है जिसे हम अपने स्थानीय समुदायों और जैव विविधता के साथ साझा करते हैं' इसलिए स्थानीय समुदाय के साथ काम करके क्षेत्र में जल प्रबंधन एवं उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रिचार्ज जल संरचनाओं से क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। बालको सतत विकास के लिए पानी के कुशल उपयोग को प्राथमिकता देने तथा कम पानी की खपत वाली तकनीकों की खोज कर पानी के फुटप्रिंट को कम करने के तरीके खोजता है। बालको ने बीते दशक में 1.25 लाख क्यूबिक मीटर से अधिक की कुल क्षमता वाली 151 से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण किया जिससे वर्ष में एक से अधिक फसल के पैदावार होने से लगभग 32 से अधिक पड़ोसी गांव लाभान्वित हुए हैं। इन संरचनाओं ने मिट्टी की नमी को बढ़ाने और भूजल स्तर को बनाए रखने में भी योगदान दिया है जिससे क्षेत्र में कृषि पारिस्थितिकी तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2030 तक नेट वाटर पॉजिटिविटी को हासिल करना है। वर्तमान में मोर जल मोर माटी परियोजना 32 गांवों में 1400 एकड़ से अधिक भूमि के साथ 2400 किसानों तक अपनी पहुंच बना चुका है। इस परियोजना के तहत 70त्न से अधिक किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाया है जिसमें सिस्टमेटिक राइस इंटेंसीफिकेशन (एसआरआई), ट्रेलिस, जैविक खेती, जलवायु अनुकूल फसल, सब्जी और गेहूं की खेती आदि जैसी आजीविका बढ़ाने वाली गतिविधियों में लगे हुए हैं। लगभग 15त्न किसान आजीविका के लिए कृषि से साथ पशुपालन, बागवानी और वनोपज जैसी गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। किसानों के औसत वार्षिक आय में वृद्धि के साथ-साथ उत्पादन में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि और लागत में प्रतिशत की कमी आई है।

# मेगा हेल्थ कैम्प के 332 गंभीर मरीजों को एम्स रायपुर रेफर किया गया, कलेक्टर करेंगे सहयोग

## चिन्हांकित क्लब फूड, थायराइड के मरीज स्तन कैंसर के मरीज हृदय रोग लीवर का इलाज

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुर नगर
www.dailypioneer.com

विगत दिवस 28 मार्च को जिला प्रशासन और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर संयुक्त तत्वाधान में जिला अस्पताल परिसर में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया था। रायपुर से 15 डॉ. के साथ कुल 26 लोग की टीम जशपुर पहुंचे थे और दूरस्थ अंचल के गंभीर मरीजों का इलाज किया गया था रायपुर एम्स के डाक्टरों की टीम ने कुल 332 गंभीर मरीजों का चिन्हांकन करके एम्स रायपुर रेफर किया गया। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने सभी गंभीर मरीजों का इलाज प्राथमिकता से करवाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं। उन्होंने बताया कि मेगा हेल्थ कैम्प में बच्चों के क्लब फूड हाथ पैर टेढ़े मेढ़े , थायराइड के मरीज



स्तन कैंसर के मरीज, किडनी के मरीज लीवर के मरीजों का चिन्हांकन किया गया है। जिन्हें एम्स रायपुर में इलाज किया जाएगा कलेक्टर ने कहा गंभीर मरीजों के इलाज के लिए जिला प्रशासन पूरा सहयोग प्रदान करेगी उन्होंने ऐसे मरीज जिन्हें इलाज की विशेष आवश्यकता वे स्थानीय एसडीएम और विकास खंड चिकित्सा अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं। ताकि प्रशासन उनकी ईलाज करवाने में सहयोग दे सके।

# सेवा नृत्य शिक्षक रामसाय नेताम को दी गई विदाई



**कोंडागांव।** शिक्षक रामसाय नेताम सेवा नृत्य होने पर समस्त स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों द्वारा उनके कार्य की प्रषसाओं के साथ सम्मानित किया गया। षिक्षक रामसाय नेताम की पहली पोस्टिंग 28 जुलाई 1991 में कोंडागांव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुई थी, जहां वे 18 वर्षों तक कार्यरत थे। उसके पश्चात उनका ट्रांसफर गिरोला हाई सेकेंडरी स्कूल में हुआ, जहां यह 2008 से 2023 तक अपना कार्य अपना सेवा कार्य करते रहें। 31 मार्च 2023 को सेवा नित्य हो गए जहां पर समस्त साला स्टाफ की ओर से इन्हें पुष्पगुच्छ और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया और वही बच्चों के द्वारा नृत्य संगीत का भी कार्य म कर ढोल नगाड़ों के साथ घर तक पहुंचाया गया।

# बजाज ने अपनी लेटेस्ट एयर कूलर्स रेंज में अभिनव 'ड्यूरामरीन पंप' की पेशकश की

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

9 ब्रांड द्वारा ग्राहकों की जरूरतों को समझने के लिए श्रेणी-केंद्रित कंज्यूमर रिसर्च की गई, जिसका उद्देश्य भारतीय बाजार में इस रेंज को लॉन्च करने से पहले एयर कूलर्स श्रेणी में विभिन्न समस्याओं का विश्लेषण करना था। 9 पंप की विफ्लताओं की वजह से एयर कूलर का बार-बार टूटना एक महत्वपूर्ण खोज रही है, जिसके कारण 'ड्यूरामरीन पंप' निर्मित किया गया। यह होम एप्लायंसेस ब्रांड के पोर्टफोलियो का नवीनतम हिस्सा है। भारत के प्रमुख कंज्यूमर एप्लायंसेस ब्रांड, बजाज ने इस गर्मी में कूलर्स की उभरती हुई माँगों को देखते हुए,




अपने लेटेस्ट एयर कूलर्स की रेंज की पेशकश की है, जो कि 'ड्यूरामरीन पंप' से लैस है। ब्रांड ने एयर कूलर में बड़ा बदलाव लाने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें नियमित पम्प्स से कई गुना बेहतर और वैज्ञानिक रूप से डिज़ाइन किए गए पंप के साथ नवाचार शामिल है। होम एप्लायंसेस के नए पोर्टफोलियो के हिस्से के रूप में उच्च स्थिरता, आकर्षक और कम रखरखाव वाली यह नई रेंज, टिकाऊ होने का वादा करती है। ब्रांड की कंज्यूमर रिसर्च स्टडी से यह स्पष्ट होता है कि ग्राहक, पंप की वजह से होने वाली विफलताओं के कारण एयर कूलर के टूटने को जिम्मेदार ठहराते हैं। लंबे समय तक नमी के संपर्क में रहने और खराब इन्सुलेशन की वजह से एयर कूलर का पंप खराब हो जाता है। ऐसे में ग्राहकों की जरूरतों पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता पर खरा उतारते हुए, ब्रांड ने अपनी एयर कूलर्स की रेंज को एक नए रूप में पेश किया है, जिससे कि ग्राहकों को गर्मी से राहत का अनुभव हो सके।

# बालोद जिले में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शुरू

## कलेक्टर ने विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर किया निरीक्षण, सर्वेक्षण कार्य का किया रेण्डम जांच

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

प्रदेश में चल रहे सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत बालोद जिले में भी शनिवार से सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार प्रगणक दल एवं इस कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने निर्धारित समय पर स्थल में पहुंचकर निर्धारित समयावधि में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के कार्य को प्रारंभ किया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के अलग-अलग विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर इस कार्य का निरीक्षण कर सर्वे कार्य का रेण्डम जाँच किया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा डौंडी ब्लॉक के ग्राम दानीटोला, डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम गैंजी एवं जाटादाह, बालोद ब्लॉक के ग्राम जुंगेरा और गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम कोंगनी में विभिन्न घरों में पहुंचकर प्रगणक दल द्वारा किए जा रहे सर्वे



कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, संबंधित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत ठाकुर, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर ने परिवार के मुखिया एवं अन्य सदस्यों से बातचीत कर सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत प्रपत्र में उल्लेखित निर्धारित बिदुंओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम दानीटोला में सर्वेक्षण के दौरान परिवार के मुखिया मोहन लाल कौशिक से बातचीत कर सर्वेक्षण के संबंध में आवश्यक जानकारियां ली। इस दौरान उन्होंने प्रगणक दल के सदस्यों द्वारा मोबाईल एप्प के माध्यम से किए जा रहे एण्ट्री कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने परिवार के महिला सदस्य रूखमणी बाई से मनरेगा जॉब कार्ड, उनके एवं उनके परिवार के सदस्यों का व्यवसाय, उनके मकान आदि की जानकारी आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने ग्राम गैंजी में कृषक मुरली यामले के निवास में पहुंचकर सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने परिवार के मुखिया मुरली यामले एवं उनके परिवार के सदस्यों से उनके परिवार की कुल वार्षिक आय, कुल जमीन, मनरेगा जॉब कार्ड आदि के संबंध में जानकारी ली।

### कलेक्टर ने बेनीराम के घर में पहुंचकर किया सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण

इसी तरह कलेक्टर ने ग्राम जाटादाह में कृषक गोपाल यादव के घर में पहुंचकर सर्वे कार्य का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने घर में उपस्थित छोटे बच्चे से बातचीत कर उनके पढ़ाई-लिखाई तथा बच्चे के निर्धारित लक्ष्य आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चे को खूब पढ़ाई-लिखाई कर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इसी तरह कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम जुंगेरा के कृषक बेनीराम के घर में पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों से बातचीत कर सर्वेक्षण में शामिल निर्धारित बिदुंओं के संबंध में जानकारी ली। कुलदीप शर्मा ग्राम कोंगनी में रेखा बाई के निवास में पहुंचकर प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया।

# आपसी रंजिश के चलते ठेकेदार की हत्या, आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

रायपुर जिला तिल्दा नेवरा क्षेत्र से हत्या का एक बड़ी खबर सामने आई है ,आपको बता देवें कि रायपुर जिला , तिल्दा ब्लॉक के ग्राम कुंदरू निवासी एक ठेकेदार को बदमाशों ने घर में घुसकर हत्या कर दिया । बताया जा रहा है कि यह घटना बीती रात करीबन दस बजे की है । मृतक जितेंद्र पाल उम्र लगभग 44 वर्ष, जो रायपुर जिला , तिल्दा ब्लॉक के ग्राम कुंदरू में निवासरत था ।वहीं समीप के ग्राम टंडवा में संचालित बजरंग इस्पात में बतौर ठेकेदार कार्यरत था, वह भाजपा नेता भी था जिसकी हत्या हो गई है । बताया जा रहा है कि बीती रात को बदमाशों ने घर में घुसकर रांड डंडा , चाकू व अन्य हथियार से हमला कर यह



वारदात को अंजाम दिया । बीच बचाव में लगे 16 वर्षीय पुत्र को भी जख्मी कर दिया गया है ? ? घायलावस्था में बतौर ठेकेदार जितेन्द्र पाल व पुत्र को तिल्दा-नेवरा के निजी हास्पीटल में भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार के दौरान जितेन्द्र पाल ने दम तोड दिया है। वहीं उसके पुत्र का इलाज जारी है । हत्या के इस मामले पर तिल्दा नेवरा पुलिस विवेचना में जुटी हुई है। वहीं इस घटना को आपसी रंजीश के चलते बतायी जा रही है ।

# महासमुंद में सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

महासमुंद .कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण अभियान 'छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण-2023' कार्य का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के द्वारा 1 अप्रैल किया।सर्वेक्षण का कार्य पूरे प्रदेश सहित महासमुंद जिले में भी एक अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक चलेगा। इसके तहत सर्वेक्षण दल पूरे छत्तीसगढ़ सहित महासमुंद जिले के के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वे का कार्य करेंगे। यह सर्वे नई-नई



योजनाओं को बनाने और उनका बेहतर क्रियान्वयन कर लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण साबित होगा। सर्वेक्षण का उद्देश्य विगत वर्षों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जन सामान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आकलन कर प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा नई योजनाओं के निर्माण के लिए उपयोग किया जाना है। महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि सर्वेक्षण से विभिन्न योजनाओं से वंचित हितग्राही भी अब नवीन सूची में शामिल हो पाएंगे और उन्हें पात्रता के अनुसार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार द्वारा लोगों के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत नवाचार का प्रयोग करते हुए जनता की आवश्यकता के अनुरूप नई-नई योजनाओं को लागू कर उनका बेहतर ढंग से संचालन जारी है। जिनकी सराहना देश के अन्य राज्यों में भी होने लगी है। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने अपील करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2023 से कराये जा रहे आर्थिक सर्वे मे महासमुंद जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से निवेदन है की वे अपने गांव मे हो रहे सर्वे मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लें, ताकि गांव मे जो भी जरुरत मंद है उनको शासन प्रशासन के योजनाओं का लाभ मिल सके, कोई भी जरुरत मंद परिवार या व्यक्ति इस सर्वे से वंचिन ना हों इसलिए सर्वे मे कार्य कर रहे शिक्षकों के साथ मिलकर उनका सहयोग करें ।

# महावीर क्रिकेट कप का हुआ आगाज



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जैन संघ भारतीय जैन संगठन कोंडागांव के द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाया जा रहा हैं। जिसमें प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसी क्रम में जैन संघ और भारतीय जैन संघटना के संयुक्त तत्वावधान में 1 से 4 अप्रैल तक स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में महावीर क्रिकेट कप का आयोजन किया जा रहा हैं। इसका उद्घाटन समारोह जैन संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न किया जाना हैं। इस आयोजन में 5 टीमें ज्ञान 11, दर्शन 11, चारित्र 11, अहिंसा 11 और संयम 11 बनाई गई हैं। इन टीमों के मालिक और कप्तान ज्ञान 11 मालिक (ललित कोटड़िया), कप्तान (मनोज वेजूंस), दर्शन 11 मालिक (हरीश गोलछा), कप्तान (दिलीप वेजूंस), चारित्र 11 मालिक (मांगीलाल संचेती), कप्तान (नवीन संचेती), अहिंसा 11 मालिक (जितेंद्र सुराना), कप्तान (मोहित सुराना), संयम 11 मालिक (बसंत पारख), कप्तान (सनिल भंसाली) को नियुक्त किया गया हैं। इस आयोजन के अन्तर्गत फाइनल सहित कुल 11 मैच खेले जाएंगेख् जिसमें फाइनल मैच 4 अप्रैल को खेला जाएगा।

# युवा कांग्रेस ने नगर में की लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च का आयोजन

## केंद्र सरकार के विरोध में निकाली गई मशाल रैली



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

युवा कांग्रेस कोंडागांव जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ताना साही रवैये के विरोध में नगर में मशाल रैली का आयोजन किया गया। कांग्रेसजनों ने हांथ में मशाल लेकर केंद्र सरकार के खिलाफनारेबाजी करते कांग्रेस भवन से निकलकर नगर के हृदय स्थल जयस्तम्भ चौंक पहुंच रैली को समाप्त किया। इस रैली में कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, केंद्र की मोदी सरकार लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही हैं। जहां राहुल गांधी को संसद में बोलने नहीं दिया जाता वहीं अडानी और पीएम मोदी के बीच रिश्ते को उजागर करने के चलते राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई, लेकिन इस तरह की कार्यवाही से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। इस आयोजित मशाल रैली में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष झुमुक लाल दीवान, जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, तबस्सुम बानो प्रदेशसचिव, सुकबती मरकाम प्रदेश सचिव, मीडिया प्रभारी रीतेश पटेल, कपिल चोपड़ा प्रवक्ता शिल्पा देवांगन, हेमा देवांगन शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कोंडागांव नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, पार्षद शांति पाण्डे ललिता नेताम, प्रीतिभदोरिया शहर प्रवक्ता गुणमती नायक, पूर्व पार्षद कोंडागांव विधानसभा अध्यक्ष रितेश गुप्ता, केशकाल विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम, जिला उपाध्यक्ष अमन सागर, उपाध्यक्ष प्रियांश चौहान, प्रतीक्षा सजल, गीतेश बघेल, राकेश कुंजाम, दयाशंकर मरकाम, सुनील कोर्राम, दिनेश नेताम और बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी व युवा कांग्रेस के सदस्य मौजूद रहें।

# पुलिस ने स्कूटी चोर को किया गिरफ्तार, घर का ताला तोडकर घर से किए थे स्कूटी चोरी

## गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के आदेश से भेजा गया जेल



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के आदेश से एडिशनल एसपी शोभराज अग्रवाल के मागर दर्शन और एसडीओपी निमितेश सिंह के पर्यवेक्षण में कोंडागांव पुलिस ने 30 मार्च को स्कूटी चोरी के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। प्रार्थी गजेंद्र नेताम अपने शासकीय क्वाटर में स्कूटी क्रमांक सीजी 27 एल 3130 रखकर अपने गृह ग्राम मालाकोट गया था। 4 मार्च के दरम्यानी अज्ञात चोर द्वारा दरवाजा का लगा ताला तोड़कर घर अन्दर प्रवेश कर उक्त स्कुटी को चोरी कर ले गया है कि, प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 104, धारा 457, 380 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी और चोरी गई स्कूटी के पता तलाश दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी धमेन्द्र ध्रुव व संजु कोरार्म को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो दोनो मिलकर चोरी करना कबूल किए। आरोपी संजू कोरार्म के द्वारा अपने घर से चोरी की एक्टिवा स्कूटी पेश करने पर गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। इस प्रकरण को देखते हुए आरोपी संजू कोर्राम पिता बोटी राम कोर्राम, उम्र 25 वर्ष, निवासी शीतला पारा साई मंदिर कोंडागांव और धमेन्द्र ध्रुव पिता बसंत ध्रुव उम्र 19 वर्ष, निवासी शीतला पारा सांई मंदिर कोंडागांव के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने से 30 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया हैं।

# बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन हेतु कुम्हारी में प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



### आवेदन प्रक्रिया ऑन लाईन होगी

**कुम्हारी।** राज्य शासन द्वारा बेरोजगारी भत्ता की महत्वाकांक्षी योजना 01 अप्रैल 2023 से प्रारंभ की जा रही हैं। इस योजना के क्रियान्वयन हेतु नगर पालिका परिषद कुम्हारी में 1 अप्रैल को प्रशिक्षण आयोजित की गई। जिसमें अधिकारी/कर्मचारी, प्राचार्य, व्याख्याता शिक्षकगण एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। बेरोजगारी भत्ता के आवेदन करने के लिए सभी प्रक्रिया ऑन लाईन होगी। जिसके लिए च्वॉईस सेंटर, साईबर कैफे आदि पर जाकर आवेदक को बेरोजगारी भत्ता हेतु शासन द्वारा जारी वेब पोर्टल पर ऑन लाईन आवेदन करना होगा। बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्रता शर्ते शासन द्वारा किए गए घोषणा अनुसार हैं। आवेदक, छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो। आवेदन किये जाने वाले वर्ष की 1 अप्रैल को आवेदक की आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष तक हो। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से, न्यूनतम हायर सेकेण्डरी (12वीं) परीक्षा उत्तीर्ण हो । छत्तीसगढ़ के किसी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत हो एवं आवेदन के वर्ष की 1 अप्रैल को हायर सेकेण्डरी अथवा उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की स्वयं का आय का कोई स्त्रोत न हों एवं आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रूपये 2,50,000/- से अधिक न हो । नगर पालिका कुम्हारी क्षेत्र हेतु 5 कलस्टरों का गठन किया गया हैं। प्रत्येक कलस्टर में शामिल वार्डो से प्राप्त ऑन लाईन आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन संबंधित कलस्टर में किया जायेगा ।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

सर्व साधारण ग्राम बैकुण्ठपुर की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती द्रोपदी सिंह चौहान पति स्व. शशि सिंह चौहान निवासी स्कूलपारा बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) द्वार अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बैकुण्ठपुर प.ह.नं. 09 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख.नं. 386/4 रकबा 0.0180 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 14/4/2023 को 11.00 बजे आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 27/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

मुहर

**समक्ष प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

# मधुसूदन ने डोंगरगढ़ विधायक पर लगाया गंभीर लापरवाही और निष्क्रियता का आरोप

## कहा-ग्रामीणों ने अवगत कराया तब विधायक ने पहल नहीं की

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल द्वारा राजनांदगांव कलेक्टर से मुलाकात कर प्रस्तावित नए तहसील घुमका में खैरझिटी राजस्व निरीक्षक मंडल के ग्रामों को शामिल न करने की मांग की गई है, जिसे पूर्व सांसद मधूसूदन यादव ने सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का जरिया बताया है।

उन्होंने इस प्रकरण में डोंगरगढ़ विधायक पर गंभीर लापरवाही एवं निष्क्रियता बरतने का आरोप लगाते कहा कि डोंगरगढ़ विधायक जानबूझकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनता को कागजी कार्रवाई का झांसा देकर उनकी आंखों में धूल झोक रहे हैं। जबकि वह स्वयं जानते हैं कि राज्य शासन से अधिसूचना जारी होने के बाद यह मामला कलेक्टर राजनांदगांव के अधिकार क्षेत्र से बाहर की बात है। यादव ने जारी विज्ञप्ति में डोंगरगढ़ विधायक बघेल को आड़े हाथों लेते कहा कि विधायक समय गुजरने के बाद नींद से जागे हैं, किन्तु अब उसका खामियाजा स्थानीय ग्रामवासियों को भुगतना पड़ रहा है। यादव ने बताया कि 15 नवंबर 2022 को गौरव ग्राम घुमका में मुख्यमंत्री ने घुमका उप तहसील को पूर्ण तहसील का दर्जा देने की घोषणा की थी। जिसके पश्चात 26 दिसंबर 2022 को विशेष सचिव अनुराग पांडे ने पत्र जारी करते घुमका को नवीन तहसील सृजित करने के प्रस्ताव से अवगत कर इसे राजपत्र में दर्ज कर लिया था।

इसके अनुपालन में राजनांदगांव जिला प्रशासन ने घुमका, उपरवाह, खैरझिटी राजस्व मंडल के 1 से 26 पटवारी हल्का के 91 ग्रामों को नवीन तहसील घुमका में शामिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ करते सूचना, ईश्तहार प्रकाशन, मुनादी आदि के माध्यम से 60 दिनों में दावा आपत्ति का निराकरण करना था। उस दौरान कई ऐसे ग्राम जो राजनांदगांव तहसील से 10 से 15 किमी की दूरी पर स्थित है और घुमका तहसील में शामिल कर लिए जाने के कारण उन्हें 20 से 30 किमी की दूरी तय कर घुमका तहसील कार्यालय जाना पड़ेगा। उन ग्रामवासियों द्वारा विधायक डोंगरगढ़सहित शासन प्रशासन को अपनी पीड़ा से अवगत कराया गया था, किन्तु विधायक डोंगरगढ़ अपनी जिम्मेदारी से मुंह फे रे बैठे रहे।

### मधुसूदन कोरी बयानबाजी कर रहे : रतन यादव

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव ने कहा है कि घुमका क्षेत्र का विकास जो 15 साल में भाजपा शासन में नहीं हुआ वह 4 साल में डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल ने करके दिखाया है। विकास कार्यो को देख व किसानों को सुविधा मिलता देख भाजपाई पचा नहीं पा रहे हैं। पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर के घुमका तहसील मामले के बयान का पलटवार करते हुवे घुमका ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव ने कहा कि घुमका क्षेत्र को 15 साल तक उपतहसील से तहसील न बना पाने वाले किस मुंह से बात कर रहे है। क्षेत्र के विधायक ने घुमका क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। खैरझिटी राजस्व निरक्षक मंडल के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा तहसील राजनांदगांव में रहने की मांग विधायक बघेल से किया गया था, जिस मामले में विधायक बघेल ने कलेक्टर से मिलकर क्षेत्रवासियों की मांग को अवगत कराएं व शासन में भी मांग को अवगत कराएं है।

# मुख्यमंत्री पहुंचे खैरागढ़, शोक-संतृप्त विधायक परिवार को दी सांतवना

## शोक-सभा में प्रदेश के मंत्री, संसदीय सचिव, विधायक, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, खैरागढ़ विधायक यशोदा-नीलाम्बर वर्मा के शोक-संतृप्त परिवार से मिलने ग्राम देवारीभाठ में पहुँचे। खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के पुत्र 26 वर्षीय प्रवीण वर्मा, वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

उनके पैतृक ग्राम देवारीभाठ, खैरागढ़ में आयोजित शोक-सभा में भूपेश बघेल के साथ अन्य मंत्री, संसदीय सचिव, विधायक और जनप्रतिनिधि भी पहुँचे और शोकाकुल विधायक दम्पत्ति यशोदा व नीलाम्बर वर्मा तथा उनके परिवार से मिलकर सांत्वना दी।

**मौन रख दी श्रद्धांजलि :** मुख्यमंत्री ने शोक-सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बहुत ही दुख का क्षण है, भरापूरा परिवार था। दुर्घटना के बाद बहुत प्रयास किया गया, अथक प्रयास के बाद भी प्रवीण को बचाया नही जा उसका। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक है। उन्होंने आगे कहा कि दुख बहुत बड़ा है, पिता के कंधे पर बेटे की अर्थी, इसे बांटने के लिए समाज परिवार और प्रदेश के लोग आए है, दुख बाटने से घटता है। मधुर स्मृतियों को सजाकर रखें, तो सब के लिए ठीक होगा। वे इस दुःख की बेला में स्वयं को अकेला न समझे, पूरा खैरागढ़ क्षेत्र और प्रदेश के वासी उनके साथ खड़े है। अंत मे उपस्थित सभा ने दो मिनट का मौन रखकर प्रवीण वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 20 फरवरी को हुआ था सड़क हादसा

ज्ञातव्य हो कि खैरागढ़ विधायक यशोदा-नीलाम्बर वर्मा के पुत्र प्रवीण वर्मा का 20 फरवरी 2023 को कांकेर में हुआ था। इस दुर्घटना में वे बुरी तरह से घायल हो गए थे। उनका इलाज राजधानी रायपुर से मेकाहारा अस्पताल में चल रहा था। बहुत प्रयास के बाद भी उनके हालत में ज्यादा सुधार नहीं हो सका। अंततः इलाज के दौरान 27 मार्च 2023 को प्रवीण वर्मा की मृत्यु हो गई। अंतिम संस्कार व शोक-सभा का आयोजन विधायक यशोदा-नीलाम्बर वर्मा के पैतृक ग्राम देवारीभाठ, खैरागढ़ में हुआ।

# कमजोर और दूरदर्शिता के अभाव वाली योजनाओं से भरा पड़ा है बजट : किशुन यदु

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम राजनांदगांव में भाजपा पार्षद दल के नेता व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने वर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे निगम का अब तक का सबसे कमजोर और दूरदर्शिता के अभाव वाली योजनाओं से भरा पड़ा करार दिया है। उन्होंने कहा कि-निगम में सत्ता पक्ष अपने बजट पर चर्चा से घबरा रहा था इसलिए उनके सदस्यों ने बेवजह के मुद्दों पर बहस शुरु कर सदन का समय जाया किया। सभा में भाजपा पार्षद दल के सदस्यों के सवालों का भी महापौर जवाब नहीं दे सकीं।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि- बजट में शामिल घोषणाओं में से कई तो राज्य सरकार की योजनाओं का हिस्सा हैं जिसका श्रेय लेने की कोशिश महापौर कर रही हैं। यूपा के जरीए महिलाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।सबसे पहला सवाल यह है कि क्या इसके लिए राजनांदगांव शहर के महिला समूह को अधिकृत किया जाएगा या ये भी दुर्ग के किसी समूह की आड़ में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगा। इससे कितनों को स्थाई रोजगार हासिल हो सकेगा यह भी एक बड़ा सवाल है। प्रदेश सरकार की गोधन न्याय योजना को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाए हैं। यदु ने कहा कि-क्या शहर के तबेलों और गौपालकों की गायें सप्ताह में दो दिन ही गोबर दे रहीं हैं जिसके चलते खरीदी सेंटर बंद रहते हैं। शहर की सत्ता ने अपने ही मुखिया की योजना पर बट्टा लगा दिया है। जेब्रा क्रांसिंग के लिए 50 लाख के प्रावधान पर उन्होंने कहा कि- यातायात विभाग के अपने नियम-कानून और जिम्मेदारियां हैं। सड़कों पर जेब्रा क्रासिंग जैसे कार्य उनके ही हिस्से आते हैं। ऐसे में निगम के बजट में यह प्रावधान ही अनुचित है। इस पर 50 लाख के खर्च का हिसाब भी संदेहास्पद है।

यदु ने कहा कि बूढ़ासागर सौंदर्यीकरण में भ्रष्टाचार के दोषियों के खिलाफएफआईआर, 15वें वित्त के तहत मेडिकल कॉलेज के पास निर्माण कार्य में कथित 44 लाख का घोटाला, सड़क, सफाई और पानी के मसलों पर सत्ता पक्ष जवाबदारियों से मुंह छिपा रहा है। महापौर शहर की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए भी बजट में श्रेय लेने का प्रयाास कर रहीं हैं।

# स्वच्छता दीदीयों ने निकाली मोबाइल एवं टार्च वेस्ड मशाल रैली

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




नगर निगम द्वारा कचरा मुक्त शहर बनाने स्वच्छता मित्र व स्वच्छता दीदीयों की कार्यशाला व स्वास्थ्य परीक्षण, जीरो वेस्ट इवेंट, नुक्कड नाटक, स्वच्छता शपथ, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करने समझाईस तथा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कचरा मुक्त शहर के लिये गत दिवस संध्या स्वच्छता दीदीयों ने मोबाईल एवं टार्च वेस्ड मसाल रैली निकाली, रैली का शुभारंभ महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुवेदी सहित निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण, पार्षदगण, नामांकित पार्षदगण उपस्थित थे।

आयुक्त डॉ. चतुवेदी ने कहा कि शासन का स्वच्छ उत्सव कार्यक्रम मुख्य उद्देश्य शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाना एंव स्वच्छता से लोगों को जोडना है। उन्होंने कहा कि जैसे सफाई में हमारे स्वस्थ्य कर्मियों, स्वच्छता दीदीयों की महती भूमिका तो होती है, लेकिन बिना जन सहभागिता से पूर्ण रूप से स्वच्छता संभव नहीं है। आप सब निष्ठापूर्वक कार्य करने के अलावा नागरिकों को भी स्वच्छता से जोडे, घर घर जाकर जागरूकता लावे। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष धकेता एवं नेता प्रतिपक्ष यदु ने भी नागरिकों स्वच्छता जागरूकता से जुडने अपील किये। स्वच्छता रैली में निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित स्वच्छता दीदीया उपस्थित थी।

### महावीर जयंती पर 4 अप्रैल को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 4 अप्रैल मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर एवं नगर निगम आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुए 5 हजार रूपये तक जुमार्ना करने के निर्देश दिये है। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को आपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

# हनुमान जयंती पर भगवामय होगा डोंगरगांव नगर

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर में हनुमान जयंती 06 अप्रैल को परंपरानुसार मनाई जायेगी। सुबह से दोपहर एवं शाम से देर रात्रि तक हनुमान जन्मोत्सव संबंधी विविध आयोजन होंगे। हनुमान जयंती का मुख्य आयोजन किलापारा स्वप्राकट्य दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर परिसर में ही संपादित होगा। वहीं नगर के मटियावार्ड के अलावा अंचल में स्थापित मंदिरों में भी हनुमान जयंती आस्थापूर्वक मनाई जायेगी।

नगर में हनुमान जयंती महोत्सव समिति के प्रमुखों ने पॉयनियर को बताया कि हनुमान जयंती महोत्सव अंतर्गत धर्म जागरण हेतु एक दिन पूर्व संध्याकाल युवाओं की बाईक रैली निकलेगी। वहीं प्रभातफे री में रामदरबार का मनमोहक दृश्य आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा भजन गायक खिलेश यादव दुर्ग, हर्ष यदु व सुमीत लोढ़ा की प्रस्तुति होगी। इस दरम्यान बाल हनुमान टोली, रामलला की झांकी मंडलियाँ भी सम्मिलित होंगी।

# आत्मानंद स्कूल गंडई में हुआ पुस्तक मेला का आयोजन जनप्रतिनिधि एवं पालकों ने लिया हिस्सा, खूब सराहा

पायनियर संवाददाता < गंडई पंडरिया
www.dailypioneer.com



नगर के पंडरिया रोड कोपेभाठा में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल गंडई में पुस्तक मेला का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें गंडई युवराज लाल टाकेश्वर शाह खुशरो, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मोहसिन खान, रणजीत सिंह चंदेल, दिलीप ओगरे, भूषणमणि झा सहित पालक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज खुसरो ने कहा कि जिस प्रकार मेला सामान्य जीवन में हर्ष एवं उल्लास का प्रकाश फैलाता है उसी प्रकार पुस्तक मेला विद्यार्थी जीवन में ज्ञान एवं संस्कार का प्रकाश फैलाता है। पुस्तकें हमारे लिए बहुत ही अनमोल है। पुस्तकों में ज्ञान-विज्ञान का भंडार होता है। व्यक्ति आते हैं चले जाते हैं परंतु उसके विचार ज्ञान उपदेश संस्कृति सभ्यता पुस्तकों के रूप में जीवित रहते हैं। हमारे बीच खैरागढ़ के पूर्व विधायक राजा युवराज देवव्रत सिंह नहीं रहे आज स्कूल यह स्कूल उन्हीं की देन है। इस प्रदर्शनी पुस्तक मेले में शिक्षा कविताओं, जनरल नॉलेज, डिक्शनरी, पहेलियां, ग्राफिक, विश्वकोश, कंप्यूटर, संविधान, कहानी, मनोरंजन, विज्ञान, जैसे कई हर क्षेत्र से जुड़ी पुस्तकों का इस मेले के माध्यम से देखने को मिला। साथ साथ इस विद्यालय के बच्चे जो कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, पंडित जवाहरलाल नेहरू, रानी लक्ष्मीबाई,के साथ साथ वकील, पुलिस, जैसे वेशभूषा में नजर आए।

# कॉलेज के लिए निकली छात्रा को ट्रक ने चपेट में लिया, मौके पर मौत

- मृतिका की बहन घायल, आमगांव में हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

परीक्षा देने कॉलेज जा रही छात्रा सड़क हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी बहन घायल है। घटना में छात्रा का वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

ग्राम धानापायली निवासी करिश्मा कुंजाम शुक्रवार सुबह लगभग 4.30 बजे स्कूटी से बीएससी अंतिम वर्ष की परीक्षा देने के लिए कमला कॉलेज राजनांदगांव जाने के लिए निकली थी। स्कूटी पर उसके पीछे उसकी बड़ी बहन कलेश्वरी कुंजाम भी बैठी थी। बताया जाता है कि सुबह जैसे ही वे आमगांव मेन रोड पर पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते उनकी स्कूटी को चपेटे में ले लिया। हादसे में स्कूटी चला रही करिश्मा ट्रक के पहिये के नीचे आ गई। जिससे उसका सिर बुरी तरह से कुचला गया। इस हादसे में करिश्मा की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में घायल युवती कलेश्वरी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार किया गया। घायल युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हमारे पूर्वजों ने हमें संगठित रहना सिखाया : भागवत साहू

# जिलाध्यक्ष अपने कार्यकाल में समाज की एक बुराई को खत्म करने का निर्णय ले : ताम्रध्वज साहू

- जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने 5 लाख रुपए देने की घोषणा की

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/छुरिया
www.dailypioneer.com



परिक्षेत्रीय साहू संघ गैंदाटोला,ग्रामीण साहू समाज मातेखेड़ा के तत्वाधान में 1 अप्रैल को कर्मा जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम मे ताम्रध्वज साहू मंत्री लोक निर्माण गृह, जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन दोपहर 12 हेलीकॉप्टर से आगमन हुआ जिनका भव्य स्वागत साहू समाज के पधाधिकारियों व सामाजिक जनों द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू गृह मंत्री ने मां कर्मा के तैलचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर, ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात परीक्षित पुरी एवं ग्रामीण साहू समाज ने अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर प्रतीक चिन्ह साल भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया।

मंत्री साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज की कुरीतियों को दूर करना समाज का परम दायित्व है। समाज में अनेक कुरीतियां है। प्रत्येक जिलाध्यक्ष अपने कार्यकाल में समाज की एक बुराई को दूर करने का संकल्प लें तभी हमारा समाज विकास और उन्नति करेगा उन्होंने आगे कहा कि समाज में व्याप्त बुराईयां, कुरीतियाँ ,रूढ़िवादी है उन्हें समाप्त करें। राजनांदगांव जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने बहुत मेहनत करके समाज को खड़ा किया है साहू समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है।

### जिपं अध्यक्ष गीता साहू ने 5 लाख की घोषणा की

राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि एक दूसरे के सुख दुख में काम आने से समाज संगठित होता है दुखी व्यक्ति को समाज सहयोग करें और मानव सेवा ही मनुष्य का परम दायित्व है उनकी उन्नति विकास के लिए कार्य करें साहू ने समस्त क्षेत्रवासियों को गर्म जनती की बधाई दी और उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर सीसी रोड 5 लाख रुपए देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छन्नी साहू खुज्जी विधायक ने संबोधित करते हुए समस्त क्षेत्रवासियों को कर्मा जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया एवं क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को मंत्री जी को अवगत कराया।

# लक्ष्मणपुर में हुआ धर्मयात्रा का स्वागत सुंदरकांड का सामुहिक पाठ किया

- आयोजन का 71वां पड़ाव, समितियों का सम्मान भी हुआ

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

हर घर सुंदरकांड के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही धर्मयात्रा का लक्ष्मणपुर में भरत चंद्राकर के संयोजन में स्वागत हुआ। 71 वें पड़ाव में लक्ष्मणपुर में आयोजित धर्म समागम में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ में धर्मयात्रा प्रमुख भागवत शरण सिंह ने कहा कि हर पड़ाव में सैकड़ों युवाओं की टोली इस बात का प्रमाण है कि हमारी जड़ों में सनातन है। बस उसे जागृत करने की आवश्यकता है। गांव में बन रही युवाओं की धार्मिक टोलियां और हाथों में भगवा ध्वज थामे युवा जान चुके हैं कि एकजुट होकर अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा। सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हमें अवसर देता है कि हम जाति बंधनों के परे जाकर एकमात्र सनातन हिंदुत्व के सूत्र के बंधे। जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आदित्य देव वैष्णव ने भी संबोधित किया। संगीत विवि की व्याख्याता और कलाकार डॉ. विधा सिंह राठौर ने हनुमत भजन व देवी जस गीतों की प्रस्तुति दी। धर्म यात्रा में साथ चल रहे युवाओं, बहनों व विभिन्न समितियों कोा सम्मानित किया गया। गांव में नियमित रूप से रामायण पाठ करने वाली समितियों का सम्मान किया। छुईखदान के डॉ. एमजी. तिवारी ने कहा कि सुंदरकांड के सामूहिक पाठ ने ऊर्जा का संचार किया है। यात्रा के माध्यम से हो रहा धर्म समागम स्वयं में प्रेरणादायी है। अधिवक्ता मनोज चौबे ने कहा कि धर्म की यह यात्रा अनवरत चलती रहे। इसके माध्यम से आम जनमानस में हो रहा भक्ति का संचार अद्भुत है। वरिष्ठ अधिवक्ता और ग्राम के पुरोहित पंडित अरविंद शर्मा, अधिवक्ता शिवेंद्र किशोर दास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल और सड़क के कार्यों का प्राथमिकता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : सांसद ज्योत्सना

## दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के दिए निर्देश, सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com

लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली। उन्होंने योजनाओं की समीक्षा करते हुए गरीब और कमजोर लोगों के उत्थान के दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। सांसद ने जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल के कार्यों को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने कहा। सांसद ने पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं और निर्माण कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों की सूची की जानकारी विधानसभावार विधायकों को उपलब्ध कराने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर संजीव कुमार झा ने समिति की बैठक में अध्यक्ष द्वारा दिये गए निर्देशों को प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने एक अप्रैल से प्रारंभ हो रहे बेरोजगारी भत्ता योजना और छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की जानकरी देते हुए जनप्रतिनिधियों को इसमें सहभागिता की अपील की। उन्होंने बे-मौसम हो रही बारिश व ओलावृष्टि से फसल नुकसान का तहसीलदारों के माध्यम से सर्वे कराने और आरबीसी-6-4 अंतर्गत मुआवजा प्रदान करने की बात कही। दिशा समिति की बैठक में सांसद महंत ने मनरेगा के कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्धारित गाइडलाइन अनुसार विभिन्न कार्य कराने कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी लेते हुए हितग्राहियों की सूची विधायकों को देने और गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने कहा। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी लेते हुए कोविड-19 नियंत्रण के लिए प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में दवाई, बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ कोविड रोकथाम के लिए प्रबंध की जा रही है। सांसद ने दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सक तथा मरीजों के उपचार के लिए एम्बुलेंस व्यवस्था और गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने, प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मड़वारानी, चैतुरगढ़, मातिनदाई आदि में विद्युत व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए नये और उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने कहा। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद महंत ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पेंशन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, रूरबन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय विद्युतीकरण योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना आदि की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।




# प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने की पत्रकार वार्ता

### कहा राहुल गांधी से भाजपा इतना डरती क्यों है?

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के राजस्व मंत्री और कोरबा विधायक जयसिंह ने टी.पी. नगर स्थित कांग्रेस में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओबीसी समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाने की घटिया चाल स्पष्ट हताशा साबित हुई है। सबसे पहले राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान यह पूछ रहा था कि कुछ चोरों का एक ही उपनाम क्यों है ? उन्होंने ऐसा नहीं कहा है कि सारे मोदी चोर है ! उन्होंने किसी समुदाय को निशाना नहीं बनाया। दूसरा, न तो नीरव मोदी और न ही ललित मोदी ओबीसी है और उनकी जाति जो भी हो, क्या उन्होंने धोखाधड़ी नहीं की? भाजपा धोखेबाजों और भगोड़ों को क्यों बचा रही है? तीसरा, कांग्रेस पार्टी में 2 ओबीसी मुख्यमंत्री हैं। इससे साबित होता है कि कांग्रेस उनके योगदान को महत्व देती है। आपराधिक मानहानि के लिए अधिकतम दो साल की सजा आज तक किसी को नहीं मिली है। दूसरी ओर, भाजपा नेताओं के खिलाफमामले अत्यधिक उदारता से निपटाए जाते हैं। उत्तर प्रदेश के बांदा से भाजपा सांसद, आर.के. सिंह पटेल को नवंबर में एक ट्रेन रोकने, सार्वजनिक सड़कों को अवरुद्ध करने और पुलिस कर्मियों पर पथराव करने के लिए दोषी ठहराया गया था।

### बीजेपी की ध्यान भटकाने की कवायद 3 हास्यास्पद आरोपों से हुई साबित

सबसे पहले, उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने विदेशी ताकतों से लंदन में भारत की मदद करने के लिए कहा। ये एक सफेद झूठ है! अगर कोई उनके वक्त व्यों को ध्यान से देखें, तो उन्होंने कहा कि ये भारत का अंदरूनी मामला है, हम स्वयं इसका हल निकालने में सक्षम है। दूसरा, भाजपा अब झूठा हौवा खड़ा कर रही है कि राहुल गांधी ने ओबीसी को सिर्फइसलिए निशाना बनाया, क्योंकि उन्होंने पीएम मोदी से एक सवाल किया था ! ध्यान भटकाने का एक और बोगस हथकंडा! जो व्यक्ति एकता फैलाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा में 4000 किलोमीटर पैदल चल सकता है, वो कैसे एक समुदाय को निशाना बना सकता है? तीसरा सूरत, गुजरात में एक निचली अदालत के फैसले के 24 घंटे के भीतर भाजपा ने गांधी को लोकसभा में उनकी सदस्यता को रद्द करने के लिए बिजली की गति से काम किया, भले ही अदालत ने उन्हें उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया था ! भाजपा राहुल गांधी से इतना डरती क्यों है ?

# बेरोजगारी भत्ता के लिए ऑनलाईन आवेदन शुरू, युवाओं में देखा गया उत्साह

## युवाओं ने कहा योजना से सपनों को मिलेगी नई उड़ान

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता के लिए आज से ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसे लेकर जिले के युवाओं में खासा उत्साह है। योजना के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अप्रैल माह से 2500 रूपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। अप्रैल महीने में किसी भी दिन किए गए आवेदनों पर घोषणा अनुसार भत्ता 1 अप्रैल से ही देय होगा। चॉइस सेंटर में बड़ी संख्या में युवा ऑनलाइन आवेदन भरने पहुंच रहे हैं। युवाओं ने कहा कि राज्य सरकार की इस योजना से हमारे सपनों को नई उड़ान मिलेगी। आर्थिक तंगी के चलते हमारे सपने पूरे नहीं हो पा रहे थे, इस



योजना से अब हमारे दिन बहुरेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ए.सी. पहारे ने कोनी सहित आसपास के च्वाईस सेंटरों का दौरा कर बेरोजगारी भत्ता के लिए भरे जा रहे आवेदनों की जानकारी ली और युवाओं से चर्चा की। उन्होंने युवाओं से कहा कि आवेदन के लिए कोई समय-सीमा नही है, इसलिए किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें। बेरोजगारी भत्ता के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी लेकर ही आवेदन करें। जिले के चॉइस सेंटर में आवेदन करने पहुंचे कोनी निवासी कन्हैया कोसले ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दी जा रही बेरोजगारी भत्ता से हम जैसे गरीब परिवार के युवाओं को बहुत राहत मिलेगी। इससे हमें आगे की पढ़ाई में भी मदद मिलेगी। कोनी निवासी सूरज ठाकुर ने बताया कि मैं गुरू घासीदास विश्वविद्यालय में पी.जी. की पढ़ाई कर रहा हूं। सरकार द्वारा जो बेरोजगार युवाओं को 2500 रूपए प्रतिमाह दी जाएगी, इससे हमें पढ़ाई के लिए छोटी-छोटी आवश्यकताओं में बहुत सहयोग मिलेगा। इस पहल के लिए मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देता हूं। बिरकोना निवासी राहूल सूर्यवंशी ने बताया कि मैं बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन करने पहुंचा हूं।

# 7 अप्रैल को बिलासपुर बंद का आव्हान

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर की अस्मिता का प्रश्न बन चुके हवाई सुविधा के सवाल पर जन संघर्ष समिति ने 7 अप्रैल शुक्रवार को बिलासपुर बंद का आह्वान किया है। समिति ने कहा आज के युग में हवाई सुविधा केवल बड़े लोगों के लिए जरूरी नहीं है बल्कि आम आदमी की जरूरत बन गई है। शिक्षा के सवाल पर, बाहर इलाज के लिए आवश्यक कार्य पर अचानक बाहर जाने पर रोजगार और व्यवसाय के लिए हम सभी हवाई सुविधा का प्रयोग करते हैं लेकिन बिलासपुर में पूरी सुविधा ना होने के कारण हमें रायपुर पर आश्रित होना पड़ता है। लगातार नई उड़ानों की मांग बिलासपुर से की जा रही है परंतु नई उड़ानों के बजाय पहले से चलती हुई भोपाल और इंदौर के उड़ान को बंद कर दिया गया यही नहीं एलाइंस एयर कंपनी ने दिल्ली प्रयागराज जबलपुर के किराए भी मनमाने बढा रखे हैं। इन सब के विरोध में बिलासपुर की आवाज को मुखर करने के लिए 7 अप्रैल शुक्रवार को 1 दिन का बिलासपुर बंद आंदोलन अति आवश्यक है। यह एक बड़ा काम है और सब के सहयोग और समर्थन के बिना पूरा नहीं हो सकता इसलिए अस्मिता के प्रश्न और बिलासपुर के भविष्य के लिए 7 अप्रैल शुक्रवार के बिलासपुर बंद को सफल बनाये।

# भारत सत्याग्रह के तहत कांग्रेस का मशाल शांति मार्च आज

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार 02 अप्रैल को कांग्रेस के अनुषांगिक संगठन युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल द्वारा शाम 6.00 बजे ,गांधी प्रतिमा से देवकीनन्दन चौक तक जय भारत सत्यग्रह के अंतर्गत लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च निकाला जाएगा , मशाल शांति मार्च में राष्ट्रीय महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ,छत्तीसगढ़ सहप्रभारी डॉ चन्दन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त मशाल शांति रैली की तैयारी के संदर्भ में कांग्रेस भवन बिलासपुर में बैठक संपन्न हुई।जिसमे ए आई सी सी के सचिव छत्तीसगढ़ के प्रभारी चंदन यादव व मशाल रैली के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव उपस्थित थे।

# संभाग के पत्रकारो एवं समाज सेवकों का हुआ सम्मान



पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

न्यू सर्किट हाउस में आयोजित सम्मान समारोह 2023 में वरिष्ठ पत्रकारो सुनील शर्मा, कमल दुबे, सुरजीत सिंह , राधा कृष्ण शर्मा के साथ समाज सेवी संजय कुमार, सुंदर श्याम, विपुल शर्मा आदि का सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी, कुलपति अटल यूनिवर्सिटी उपस्थित रहे। सतीश जायसवाल वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सम्पादक और पत्रकार महेश कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में छग मीडिया कर्मी सुरक्षा विधेयक 2023 को लेकर चर्चा की और सीएम भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया। न्याय राजधानी बिलासपुर में वरिष्ठजन सम्मान समारोह 2023 के सफल आयोजन के लिए राज्य प्रमुख समाचार पत्र एक सत बुलेटिन के अभिषेक शर्मा ने सभी उपस्थित पत्रकारो और समाजसेवियों का आभार माना। आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी कुलपति अटल यूनिवर्सिटी बिलासपुर द्वारा सभी लोगों का स्मृति चिन्ह एवं शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

# भाजपा 18 करोड़ सदस्यता वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा एवं भारत देश में राष्ट्रवाद, गरीब कल्याण, भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, पारदर्शिता का आचरण करते हुए कांग्रेस के सम्मुख विकल्प प्रस्तुत करने के लिए डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। भारतीय राजनीति के मूर्धन्य विद्वान पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा एकात्म मानववाद का वैचारिक आधार देकर जिसको पोषित करने का कार्य किया । अपने जन्म से सतत वृद्धि की ओर अग्रसर लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल के समय जनता पार्टी में विलीन हो गया। 6 अप्रैल 1980 को मुंबई सागर तट पर अटल गर्जना के साथ अँधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा के संकल्प के साथ भारतीय राजनीतिक क्षितिज पर नई पार्टी भारतीय जनता पार्टी के नाम से नए दल के रूप में प्रकट हुई। जिसका नेतृत्व भारतीय राजनीति के सूर्य भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने किया आज वही भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



नेतृत्व में 18 करोड़ सदस्यता वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। देश के अनेक राज्यों में सरकार एवं केंद्र में भारत का नेतृत्व कर रही है। अपने राष्ट्रवादी विचार, गरीब के कल्याण की नीति, प्रखर एवं प्रमाणिक नेतृत्व के कारण देश के लिए वरदान सिद्ध हुई है। राजनीति के माध्यम से राष्ट्रवाद की स्थापना करते हुए राष्ट्रीय एकात्मता को पुष्ट करने का विचार भाजपा ने अपने जन्म काल से रखा । बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन तक लोकतंत्र का पालन करते हुए देश में लोकतंत्र का रक्षण भारतीय जनता पार्टी का संकल्प बना। समाज में बिना किसी भेदभाव के विकेंद्रित अर्थव्यवस्था का पालन करते हुए गरीब का उत्थान यही लक्ष्य है बिना किसी भेदभाव अपनी-अपनी पूजा पद्धतियों का पालन करते हुए देश के विकास में सभी का सहयोग एवं देश प्रथम सिद्धांत का पालन करते शुद्ध आचरण से देशवासियों की सेवा भाजपा का लक्ष्य बना। हमारा देश विविधताओं से युक्त देश है।

# निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2022-23 एवं बजट वर्ष 2023-24 सदन द्वारा अंगीकृत

■ नगर निगम कोरबा का साधारण सम्मिलन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिला नगर पालिक निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2022-23 एवं बजट वर्ष 2023-24 सदन द्वारा बहुमत के साथ अंगीकृत किया गया, वहीं सदन में प्रस्तुत अधिकांश प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित होने के साथ ही अन्य प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित किए गए, जबकि एक प्रस्ताव को सदन द्वारा स्थगित किए जाने व परीक्षण उपरांत सदन के समक्ष पुनः लाए जाने का निर्णय लिया गया, वहीं भूखण्ड व्यवन के संबंध में प्रस्तुत एक अन्य प्रस्ताव को सदन द्वारा निरस्त किया गया। सभापति श्यामसुंदर सोनी की अध्यक्षता तथा महापौर राजकिशोर प्रसाद व आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय की उपस्थिति में टी.पी. नगर स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में नगर पालिक निगम कोरबा का साधारण सम्मिलन आयोजित किया गया था, सम्मिलन में प्रस्तुत निगम का पुनरीक्षित



बजट वर्ष 2022-23 एवं बजट वर्ष 2023-24 बहुमत के आधार पर सदन द्वारा अंगीकृत किया गया। इसी प्रकार संत कबीर जयंती समारोह हेतु सहयोग राशि के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से, दादरखुर्द मानिकपुर में सार्वजनिक रथयात्रा के आयोजन में सहयोग के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न स्थलों में निर्मित दुकानों के आबंटन संबंधित प्रस्ताव आवश्यक संशोधन के साथ सर्वसम्मति से पारित हुआ। कोसबाडी के रिक्त भूखण्ड क्र. 69, 70, 72, 98/ए एवं 109 तथा नेहरूनगर कोरबा के भूखण्ड 94 एवं 95 के आबंटन के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित हुआ। पं. रविशंकर शुक्ल नगर विस्तार कोरबा स्थित रिक्त व्यवसायिक भूखण्ड क्र.सी./14 के व्ययन के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित किया गया, जबकि पं. रविशंकर शुक्ल नगर विस्तार कोरबा में आईडीएसएमटी योजनांतर्गत रिक्त आवासीय भूखण्डों के आबंटन संबंधी प्रस्ताव को सदन द्वारा स्थगित किया गया तथा परीक्षण उपरांत पुनः लाए जाने का निर्णय लिया गया। शारदा विहार कोरबा के रिक्त भूखण्डों के आबंटन के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित हुआ, वहीं मल्टीलेवल पार्किंग को व्यवसायिक काम्पलेक्स के रूप में परिवर्तित कर नगर पालिक निगम कोरबा को भवन का स्वामित्व हस्तांरित करने संबंधी प्रस्ताव भी बहुमत के आधार पर पारित हुआ। इसी प्रकार कोसाबाड़ी महाराणा प्रताप नगर कोरबा के रिक्त भूखण्डों के व्ययन संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। पं. रविशंकर शुक्ल नगर विस्तार कोरबा के रिक्त भूखण्डों के व्ययन के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव को सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया।

# कलेक्टर ने वेद परसदा और लावर का दौरा कर किया सर्वे कार्य का निरीक्षण

### शुरू हुआ महीने भर तक चलने वाला सामाजिक आर्थिक सर्वे अभियान

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सामाजिक - आर्थिक सर्वेक्षण का शुभारंभ किए जाने के साथ ही जिले में भी 909 प्रगणक टीमों द्वारा सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है। महीने भर का यह अभियान आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा। कलेक्टर सौरभकुमार ने इस सिलसिले में आज मस्तुरी ब्लॉक के ग्राम वेद परसदा व लावर का दौरा कर सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को सर्वे टीमों द्वारा पूछे गए सवालों की सही जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है। भावी विकास के कार्य और योजनाओं के निर्माण में सर्वे में एकत्र जानकारी का उपयोग किया जायेगा। कलेक्टर सौरभकुमार ने निरीक्षण के दौरान वेदपरसदा और लावर में सर्वे टीम को घर घर पहुंचकर ठीक तरीके से सर्वे करने को कहा। कोई भी परिवार सर्वे से छूटना नहीं चाहिए। यदि कहीं पर कोई परेशानी हो तो अपने सुपरवाइजर अथवा



जनपद पंचायत के सीईओ से समाधान कर सकते हैं। यह राज्य सरकार की समयसीमा में पूर्ण होने वाला सर्वोच्च प्राथमिकता का एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने वेदपरसदा में संचालित रीपा गतिविधियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने इन ग्रामों में युवाओं से चर्चा कर बेरोजगारी भत्ता योजना की भी जानकारी दी। गौरतलब है कि जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक प्रगणक दल आज से काम शुरू कर दिए हैं। जिसमें एक महिला सदस्य एवं एक पुरूष सदस्य शामिल हैं, जो घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। सर्वे में मुख्य रूप से परिवार के मुखिया से जुड़ी बुनियादी जानकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी, राशन कार्ड, धान विक्रय, नरेगा जॉब कार्ड, परिवार के अन्य सदस्यों की जानकारी, समस्त स्त्रोतों से परिवार की आमदनी, आयकर दाता, परिवार की भूमि, आवास है या नहीं, आवास एवं शौचालय की जानकारी, निराश्रित परिवार, सिंचाई साधन, वाहन एवं अन्य सामग्री, घरेलु ईंधन की व्यवस्था, कुकिंग गैस, कौशल प्रशिक्षण एवं विद्युत कनेक्शन सहित अन्य जानकारी प्राप्त की जाएगी। प्राप्त डाटा का एप्प के माध्यम से सर्वे स्थल पर ऑनलाइन या ऑफ्लाइन एंट्री की जाएगी। सर्वेक्षण का कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण कराया जाना है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनसामान्य के जीवन पर प्रभाव का आकलन कर प्राप्त जानकारी का उपयोग भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्यवन तथा नई योजनाओं के निर्माण हेतु किया जायेगा। इस अवसर पर एसडीएम महेश शर्मा, सीईओ लहरे भी उपस्थित थे।

## सुखमय जीवन के संकल्प के साथ 125 वर-वधुओं के जोड़े ने लिए फेरे

# गरीब परिवारों के लिए विवाह एक चुनौती, सरकार ने इसे दूर किया : राजस्व मंत्री जयसिंह

■ राजस्व मंत्री, सांसद ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज कोरबा के राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस वन दशहरा मैदान और कटघोरा के कवंर समाज भवन में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। योजना अंतर्गत दोनों स्थानों पर आज 125 वर-वधू के जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे और सुखमय जीवन का संकल्प लेकर एक नई जिंदगी की शुरूआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुनर्वास, पंजीयन एवं स्टाम्प मंत्री जय सिंह अग्रवाल और सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत सहित अन्य अतिथियों ने सभी वर-वधुओं को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि आज जिले में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है, जिसमें सामाजिक, धार्मिक रीति-रिवाज का पालन करते हुए सामूहिक विवाह संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब परिवार के लिये अपनी बेटी का विवाह करना बहुत चुनौती से भरा होता है, हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना प्रारंभ कर गरीब परिवारों के चुनौती को दूर करने के साथ उन्हें कर्ज में बोझ में दबने से बचाया है। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत साढ़े चार साल से जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर सभी वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है। पात्र हितग्राही शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। शासन द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 25 हजार रुपए के स्थान पर 50 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा की गई है जिसका लाभ आने वाले समय में जरूरतमंद लोगों को मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्ष ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि मुख्यमंत्री गरीबों और महिलाओं के बारे में बहुत सोचते हैं, इसलिए राज्य के किसान, मजदूर, गरीब परिवार सहित अन्य जरूरतमंद लोगों की शादी की चिंता को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित किया जा रहा है। जिसका लाभ सभी जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले जब घर में लड़की पैदा होती थी तब चिंता के साथ कर्ज का बोझ लद जाता था। सामाजिक कुरीतियों और परम्परा के नाम पर खेत, घर, जमीन बिक जाती थीं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन कर एक सार्थक योजना प्रारंभ कर क्रियान्वियत की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो बेटी आज बहू बनकर किसी के घर में जा रही है, उन्हें अपनी बेटी मानकर घर में सम्मान दें। कटघोरा में आयोजित कार्यक्रम में भी सांसद महंत, कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पाली-तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष शिव कला कंवर, खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई, महिला आयोग की सदस्य अर्चना उपाध्याय, गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा, छग मदरसा बोर्ड के सदस्य डॉ शेख इश्तियाक आदि ने आशीर्वचन के साथ सभी जोड़ो को विवाह के बंधन में बंधने की बधाई व शुभकामनाएं दी।

# सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य गम्भीरता से करें : सीईओ

पायनियर संवाददाता ⮜ कोरबा
www.dailypioneer.com

नूतन कुमार कंवर, मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत ने 1 अप्रैल से जिले में ग्रामीण परिवारों के होने वाले सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण की प्रगति की रिपोर्टिंग एवं मॉनीटरिंग हेतु जिला स्तर पर गठित नियंत्रण सेल की समीक्षा बैठक में कहा कि सर्वेक्षण का कार्य महत्वपूर्ण है, इसलिए इस कार्य को गम्भीरता से किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी 412 ग्राम पंचायतों में प्रगणक सुबह 10 बजे तक अनिवार्य रूप से पहुंच जाए और प्रगणना शुरू कर दें और सर्वेक्षण फार्म में सभी आवश्यक जानकारी सावधानी से दर्ज करते हुए भरे। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण फार्म सरकारी दस्तावेज है,



इसलिए इसे सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने क्षेत्र अंतर्गत संलग्न शिक्षकों, सुपरवाइजरों के मोबाइल नंबर से सतत् संपर्क में रहे। सीईओ ने निर्देशित किया कि सेल के सभी सदस्य सजग रहते हुए सर्वेक्षण कार्य निश्चित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित कराएं। बैठक में डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह, सांख्यिकी अधिकारी मोहन सिंह कंवर, उप संचालक पंचायत जूली तिर्की, सहायक परियोजना अधिकारी अमिता साहू आदि उपस्थित थी।

# मुख्य सचिव ने योजनाओं की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की, इस कड़ी में मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग और खनिज विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी मौजूद थे। मुख्य सचिव ने खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान वर्तमान में स्वीकृत खदानों से अधिकतम उत्पादन के जरिए खनिज राजस्व में बढ़ोत्तरी के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में स्वीकृत खदानों में क्षमता वृद्धि के लिए उपाय करने और महत्वपूर्ण खनन क्षेत्रों में सीसीटीव्ही कैमरा लगाये जाने के कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई।

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आय बढ़ाने के संबंध में समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग की अनुपयोगी भूमि के व्यावसायिक विकास के संबंध में की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्ग, ग्रामीण मार्गों के मरम्मत के लिए की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा की गई। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़कों के मरम्मत के 5663 कार्य किए जा रहे है। जिसमें करीब 6 हजार किलोमीटर से अधिक लम्बाई की सड़कों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सड़कों के मजबूतीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विभिन्न सरकारी भवनों में केमिकल पेंट के स्थान पर गोबर से बने पेंट से पेंट करने के कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन सड़कों के कार्यों को शीघ्र पूरा करने को कहा। बैठक में लोक निर्माण एवं खनिज विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन, खनिज विभाग के विशेष सचिव जयप्रकाश मौर्य सहित लोक निर्माण विभाग और खनिज संसाधन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## भत्ता देने के नियम इतने कठिन बनाये गए हैं ताकि सब युवा अपात्र हो जाएं : चंदेल

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा है कि प्रदेश सरकार बेरोजगारी भत्ता देने के लिए कतई ईमानदार नहीं है। इस वर्ष के बजट में इसके लिए सिर्फ250 करोड़ रुपए का जो प्रावधान रखा गया है, वह राशि तो एक माह के भत्ता-भुगतान में ही खत्म हो जाएगी। चंदेल ने कांग्रेस के जनघोषणा पत्र का हवाला देकर कहा कि कांग्रेस ने 10 लाख नौजवानों को या तो रोजगार या फिर बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। कांग्रेस और उसकी राज्य सरकार साढ़े 4 साल बाद अब भी युवाओं के भारी दबाव के चलते बेरोजगारी भत्ता देने का दिखावा करने की शुरुआत कर रही है। प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने



कहा कि इस योजना के लिए तय नियमों-शर्तों के मद्देनजर यह आईने की तरह साफनजर आ रहा है कि प्रदेश की भूपेश सरकार बेरोजगार युवकों के साथ ठीक उसी प्रकार छल कपट कर रही है जैसा उसने पूर्ण शराबबंदी, महिला स्व-सहायता समूहों की कर्ज माफी, संपत्ति कर आधा करने के वादे से मुकरकर किया है। चंदेल ने कहा कि कांग्रेस ने अपने जन घोषणापत्र में प्रदेश के 10 लाख युवाओं को प्रतिमाह 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। साढ़े चार साल का कार्यकाल बीतने तक कांग्रेस सरकार ने यह भत्ता नहीं दिया और लगातार इस तरह के किसी वादे से साफइंकार करते हुए कांग्रेस और सरकार के मंत्री यह कहते रहे कि कांग्रेस के जन घोषणा पत्र में हमने ऐसा कहा ही नहीं है। चंदेल ने कहा कि प्रदेश के युवकों के भारी विरोध व दबाव के चलते अंततः प्रदेश सरकार को अपने कार्यकाल के आखिरी साल में इस योजना पर अमल करने की घोषणा करनी पड़ी। लेकिन प्रदेश सरकार ने इसमें भी अपने छल-कपट का प्रदर्शन किया। प्रदेश सरकार 1 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता दे नहीं रही है, अपितु 1 अप्रैल से बेरोजगारों का पंजीयन कर रही हैं। दुर्भाग्य यह है कि पंजीयन ऑनलाइन किया जाएगा। इसका सीधा मतलब यह है कि जिन क्षेत्रों में ऑनलाइन कनेक्टिविटी नहीं है, वहां के युवा या तो पंजीयन नहीं करा सकेंगे या फिर पंजीयन के लिए उन्हें भ्रष्टाचारियो को पैसे चुकाने पड़ेंगे।




## खेल को खेल भावना से खेले : जयसिंह अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com

मुख्य अतिथि राजस्व आपदा प्रबंधन,पंजीयन पुनर्वास एवं स्टाम्प मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने आज प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में कृषि विभाग अंतर्गत आयोजित किए जा रहे मिलेट्स कप खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेला जाना चाहिए। कोरबा की पहचान एक औद्योगिक जिला के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भी है। यहाँ उपलब्ध सुविधाओं और खेल मैदानों की वजह से ही खेल का माहौल अनुकूल है। राजस्व मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का लगातार विकास हो रहा है। उन्होंने अपने घोषणाओं के अनुरूप कार्य किया। इससे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर भी खिलाड़ियों को मिल रहा है। अग्रवाल ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित मिलेट्स कप से विभाग के साथ कोरबा का नाम बढ़ने की बात कहते हुए प्रतियोगिता को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करने की बात कही। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद भी उपस्थित थे।

## भूपेश सरकार का बेरोजगारी भत्ता युवाओं को देगा सम्बल : शुक्ला

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए 2500 बेरोजगारी भत्ते की शुरुआत कर युवाओं



को आर्थिक संबल और स्वावलम्बन प्रदान करने का काम किया है। 1 अप्रैल को आवेदन के पहले ही दिन कई युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हो चुका है जो दशार्ता है कि इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करना कितना सरल है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के युवा निश्चिंत होकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियां कर पाएंगे, साथ ही सरकार द्वारा रोजगार सम्बन्धी ट्रेनिंग भी दी जाएगी। भूपेश सरकार ने शुरू से ही युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए कई महत्वपूर्ण काम किये है जिसका प्रतिफल है कि सरकार प्रदेश में 5 लाख युवाओं को रोजगार देने में सफल हुई है।




# पायनियर हलचल...

## चुनावी साल में धान पर धन वर्षा करेगी भाजपा ?

भारतीय जनता पार्टी के तमाम बड़े नेता धान खरीदी का काट ढूंढने में लगे हैं। सूत्र बताते हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी नीति से निपटने के लिए हर फोरम पर बात रखी जा चुकी है। भाजपा के बड़े नेताओं को समझ आ चुका है कि छत्तीसगढ़ में यदि सत्ता हासिल करनी है तो धान का काट ढूंढना ही पड़ेगा। खबर है कि भाजपा धान पर धन वर्षा करने की तैयारी में है। यदि वास्तव में ऐसा हुआ तो छत्तीसगढ़ के किसानों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। दरअसल में शीर्ष नेतृत्व को समझ आ रहा है कि देशभर में अब भाजपा की स्थिति पहले जैसी नहीं रही। यदि 2024 में भाजपा को लोकसभा में बहुमत चाहिए तो 2023 में ही कांग्रेस शासित राज्यों में सत्ता हासिल करनी होगी। कहते हैं कि वर्तमान कांग्रेस शासित राज्यों में से छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की पैनी नजर है। गाहे-बजाहे समय का इंतजार करते हुए दबी जुबान से बीजेपी के बड़े नेता यह कहते नजर आते हैं कि भाजपा ने धान की काट ढूंढ रखा है।

## काजल की कोठली में दीपांशु काबरा



दीपांशु काबरा प्रदेश के उन चुनिन्दा आईपीएस अफसरों में से एक हैं जो अपने काम की छाप हर जगह छोड़ने में कामयाब हुए हैं। उनकी जहां भी पोष्टिंग हुई है उनके चाहने वालों की संख्या भरमार रही है। काबरा एक मिलनसार अफसर के रुप में जाने जाते हैं। पत्रकारों के बीच गहरी पैठ के कारण उन्हें जनसंपर्क विभाग का कमिश्नर बनाया गया। जनसंपर्क में भी वह अपनी छाप छोड़ने में कामयाब हुए। सरकार की योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार करते हुए अमूमन हर पत्रकार तथा मीडिया संस्थानों से उन्होंने बेहतर तालमेल बनाया। लेकिन चुनावी साल में काबरा अपनी इस बेदाग छवि को बचा पायेंगे क्या? वैसे तो जनसंपर्क का कमिश्नर पत्रकारों के बहुत करीब रहता है। लेकिन विज्ञापनों की कम जादा चाह कब किसे पास या दूर कर दे यह कहा नहीं जा सकता। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक कटुता के चलते राजनेता अफसरों को निशाने में लेने से तनिक भी परहेज नहीं कर रहे। बीते वर्षों की बात करें तो भाजपा के 15 वर्षों के शासनकाल में भी काबरा की पुलिसिंग की तूती बोलती थी। लेकिन वक्त बदला अब भाजपा नेताओं के निशाने पर काबरा हैं? इसका प्रमाण भाजपा की एक राष्ट्रीय नेत्री ने बैठक के दौरान दीपांशु काबरा का सार्वजनिक रुप से नाम लेकर जाहिर किया था। जो अफसर भाजपा शासनकाल के दौरान 15 वर्षों तक बेहतर परफारमेन्स दिया हो। वह भला वर्तमान दायित्वों में कैसे असफल हो सकता है? यह प्रदेश के नेताओं को मंथन करना चाहिए। और राजनीतिक कटुता के बीच अफसरों को घसीटने से परहेज करना चाहिए। खैर 6 माह बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। जाहिर सी बात है राजनीतिक कटूता और बढ़ेगी। इस बीच काजल की कोठली में बैठे दीपांशु काबरा अपनी बेदाग छवि को बचा पाने में कामयाब होते हैं तो यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

## राकेश चतुर्वेदी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के चेयरमेन बनेंगे ?



रिटायर्ड पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के चेयरमेन की जिम्मेदारी दी जा सकती है। कुछ दिन पहले ईडी ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल में दबिश दी थी। जिसके बाद से बोर्ड के अफसरों की कार्यप्राणाली से चीफ नाखुश हैं। बताया जा रहा है कि छापे के बाद अफसरों की पूरी पोल पट्टी खुलकर सामने आ गयी है। ईडी ने विभाग से विगत 4 माह में की गई कार्रवाई के पूरे दस्तावेजों को जब्त किया है। यदि कार्रवाई आगे बढ़ी तो रिजनल अफसरों के साथ-साथ बड़े अधिकारी भी ईडी की कार्रवाई के शिकार हो सकते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि सरकार राकेश चतुर्वेदी को बोर्ड का चेयरमेन नियुक्त करने पर विचार कर सकती है। रिटायर्ड पीसीसीएफ राकेश चतुर्वेदी बोर्ड के चेयरमेन के लिए निर्धारित योग्यता में भी फिट बैठ रहे हैं। साथ ही पीसीसीएफ के रुप में उनका कार्यकाल बेहद सफल माना गया है। चार साल से अधिक के कार्यकाल में चतुर्वेदी मंत्री तथा मुख्यमंत्री के बीच बेहतर ताल-मेल बनाकर वन विभाग के दायित्वों का सफल निर्वहन किये हैं। कांग्रेस सरकार में आवास-पर्यावरण और वन विभाग की जिम्मेदारी एक ही मंत्री के पास है। बताया जा रहा है कि विभाग के मंत्री का भी राकेश चतुर्वेदी से बेहतर तालमेल रहा है। इसलिए बोर्ड के चेयरमेन के रुप में मंत्री भी राकेश पर मुहर लगा सकते हैं।

## आईएएस अफसरों में छुट्यिों की होड़



वित्त विभाग की सचिव डी. अमरमेलमंगई 2 माह के लिए अवकाश पर चली गई हैं। बताते हैं अमरमेलमंगई स्वास्थगत कारणों से अवकाश ली हैं। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्ति से वापस लौटीं श्रुति सिंह भी 2 माह के अवकाश पर चली गई हैं। 2001 बैच के अफसर शहला निगार भी अवकाश पर हैं। 2005 बैच की अफसर संगीता आर भी जून माह में ज्वाइन करेगीं। हांलाकि इनके अलावा भी कई अफसर चुनावी साल के नजदीक आते-आते छुट्टियों में जाने का विचार कर रहे हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि आईएएस अफसरों में छुट्टियों की होड़ लगी हुई है।

## ईडी के निशाने में अब कैम्पा?

छत्तीसगढ़ में मनी लांड्रिंग की कार्रवाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कोल स्कैम या यूं कहें कि माइनिंग से शुरु हुई ईडी की यह कार्रवाई अब आबकारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल, श्रम, उद्योग और पविहन विभाग तक पहुंच चुकी है। मनी लांड्रिग में ईडी अफसरों तथा नेताओं के कनेक्शन की खोजबीन कर रही है। कार्रवाई के दौरान कई नेताओं, विधायकों के ठिकानों में भी ईडी दबिश दे चुकी है। करीब दर्जन भर अधिकारी, कारोबारी मनी लांड्रिग मामले में सलाखों के पीछे हैं। खबर है कि वन विभाग में कैम्पा की राशि के बंदरबाट की दिल्ली दरबार में जमकर शिकायत हुई है। राशि के बंदरबांट का हिस्सा कहां से किस-किस तक पहुंचा है इसका भी विवरण सौंपे जाने की खबर है। वैसे तो कैम्पा के कारनामे का किस्सा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, लोकसभा सांसद अरुण साव ने लोकसभा में भी सुनाया था। बजट सत्र के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा में भी कैम्पा की राशि के बंदरबाट के जमकर आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ में कैम्पा चमचमाती ब्लैक स्कार्पियों की खरीदी के बाद और जादा चर्चा में आया। कैम्पा मद से राज्य के सभी डीएफओ के लिए बिना डिमांड के ब्लैक कलर की स्कॉर्पियों खरीदी गई है। केन्द्र सरकार की कैम्पा रुल्स, 2018 के सेक्शन 5(4) (D) के तहत अधिकारी या स्टाफ के लिए वाहन नहीं खरीदे जा सकते। लेकिन यहां नियमों की धज्जियां उड़ा दी गई। अब जांच एजेन्सियां इन विभागों में कार्रवाई करने की तैयारी में हैं।




## तेन्दूपत्ता को लेकर भाजपा कांग्रेस आमने-सामने



हरा सोना यानि कि तेन्दूपत्ता। इन दिनों तेन्दुपत्ता को लेकर भाजपा तथा कांग्रेस नेता आमने-सामने हैं। आदिवासियों-वनवासियों की आय का प्रमुख जरिया तेन्दूपत्ता के संग्रहण तथा भुगतान में कमी को लेकर भाजपा नेताओं ने मोर्चा खोल रखा हैं। गरीबों के आवास के बाद अब भाजपा तेन्दूपत्ता के भुगतान को बस्तर तथा आदिवासी अंचल में बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी है। पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा इसको लेकर चक्का जाम कर चुके हैं। वहीं पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने भी तेन्दूपत्ता की खरीदी व भुगतान को लेकर सवाल खडा कर चुके हैं। महेश गागड़ा की सक्रियता को देख बीजापुर विधायक विक्रम मण्डावी ने गागड़ा पर आरोप मढ़ दिया। गागड़ा ने भी 7 दिवस में अरोपों को साबित करने की चेतावनी दी है। गागड़ा ने साफ कहा है कि यदि 7 दिवस में आरोप साबित नहीं कर पाते तो वह मानहानि का मुकदमा करेंगे। कुल मिलाकर बस्तर में तेन्दूपत्ता संग्रहण तथा भुगतान आगामी समय में बड़ा मुद्दा बनकर सामने आ सकता है।

## बाघ ने बढाई धड़कनें



2022 के बाघों की गणना का आकड़ा 9 अप्रैल को जारी होने जा रहा है। रिर्पोट कार्ड आने से पहले वन विभाग के आला अफसरों की धड़कनें बढ़ी हुई है। दरअसल में 2014 की गणना में राज्य में कुल 46 बाघ थे। जो 2018 की गणना में घटकर 19 पर सिमट कर रह गया। बाघ के पीछे 183 करोड़ रुपये खर्च करने का मामला इन दिनों तूल पकड़ कर रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 अप्रैल को कर्नाटक में बाघों की संख्या (2022) के राष्ट्रीय आकड़ों को जारी करेंगे। जिसको लेकर वन विभाग काफी चिंचित है। यदि यह आकड़ा घटकर और नीचे पहुंचा तो एक बार फिर बाघ का मुद्दा प्रदेश में कोहराम मचाएगा।

## ईडी की छापेमारी के बीच लंच हुआ कैंसल

एक विभाग के मुखिया को रिटायरमेन्ट के पहले ही बड़ी जबावदारी दी जाने की चर्चा इन दिनों सुर्खियों में हैं। कहते हैं कि साहब ने एक दिन विभाग के सभी अफसरों के लिए लंच रखा था जिसके लिए सभी को सूचना भी दे दी गई। लेकिन इसी बीच ईडी के ताबड़तोड़ कार्रवाई की खबरे आने लगी। आनन-फानन में लंच को कैंसल कर विभाग के अफसरों को सूचना दी गई।

## कोल के खेल में शामिल होने का ऑफर

कोल के खेल में अफसरों की रुचि कम नहीं हो रही। भले ही छत्तीसगढ़ में ईडी इन तमाम मामलों की जांच कर रही है। लेकिन कोई भी अफसर समय गवांना नहीं चाहता। कहते है एक कप्तान ने वन विभाग के अफसर को 4000 खेप का आफर किया है। दरअसल में कोल का काफी बड़ा हिस्सा इस वनमण्डल के अर्न्तगत आता है। हालांकि साहब के ऑफर पर बात बनती नजर नहीं आ रही।

editor.pioneerraipur@gmail.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403